

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com • रायपुर, रविवार 02 फरवरी 2025 • पृष्ठ-12 • वर्ष-09, अंक-162 • मूल्य ₹ 3.00

# बजट 2025-26 : मध्यम वर्ग को राहत

## कृषि और निवेश को प्रोत्साहन, बिहार मालामाल

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने के साथ ही अर्थव्यवस्था को गति देने वाले चार इंजनों कृषि, एमएसएमई, निवेश तथा निर्यात को विशेष प्रोत्साहन देने के उपाायों करते हुए बिहार के लिए कई घोषणायें की है। बजट में वित्त मंत्री ने 12.75 लाख रुपए तक की आय वाले करदाताओं और वेतनभोगियों के लिए शून्य कर के प्रावधान के साथ साथ किराये से प्राप्त पर आय और बुजुर्गों की ब्याज से आय पर टीडीएस की कटौती की सीमा बढ़ाने के उपाय किये हैं। उन्होंने एमएसएमई इकाईयों को नयी परिभाषा दी है जिसमें उनके निवेश और कारोबार की सीमा 2.5 गुना और दो गुना हो गयी है। सीतारमण ने शनिवार को संसद में तेलुगु कवि और नाटककार गुरजादा अप्पा राव की प्रसिद्ध पंक्ति, - 'एक देश सिर्फ उसकी मिट्टी नहीं है; एक देश उसके लोग हैं'- को उद्धृत किया और सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करते हुए 'सबका विकास' थीम के साथ केंद्रीय बजट 2025-26 पेश किया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वित्त मंत्री ने कहा कि उधार के अलावा कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 34.96 लाख करोड़ रुपये और 50.65 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। शुद्ध कर प्राप्तियाँ 28.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में उधार के अलावा कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 31.47 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से शुद्ध कर प्राप्तियां 25.57 लाख करोड़ रुपये हैं। कुल व्यय का संशोधित अनुमान 47.16 लाख करोड़ है, जिसमें से पूंजीगत व्यय लगभग 10.18 लाख करोड़ रुपये है। राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान 2024-25 सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत है जबकि बजट 2025-26 में जीडीपी का 4.4 प्रतिशत होने का अनुमान है। राजकोषीय समेकन को जारी रखने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार हर साल राजकोषीय घाटे को इस तरह बनाए रखने का प्रयास करती है कि केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटता रहे और इसके लिए अगले छह वर्षों के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। वित्त मंत्री ने विकसित भारत के सिद्धांतों को रेखांकित किया, जिसमें शून्य गरीबी, सौ प्रतिशत अच्छी गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा, उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती और व्यापक स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच, सार्थक रोजगार के साथ सौ प्रतिशत कुशल श्रम, आर्थिक गतिविधियों में सत्तर प्रतिशत महिलाएँ और किसानों पर जोर दिया गया है। सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-2026 विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों को जारी रखने का वादा करता है। बजट में गरीब, युवा, किसान और महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास उपायों का प्रस्ताव है। बजट का उद्देश्य भारत की विकास क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए कराधान, बिजली क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और नियामक सुधारों में परिवर्तनकारी सुधार शुरू करना है। बजट में कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकसित भारत की यात्रा में इंजन बताया गया है।

**एक देश सिर्फ उसकी मिट्टी नहीं है, एक देश उसके लोग हैं**

### आम बजट से किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों सहित हर वर्ग की आकांक्षाएं होंगी पूरी : पीएम मोदी




**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को आम नागरिकों को समर्पित बताते हुए कहा कि इस बजट से किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों सहित हर वर्ग की आकांक्षाएं पूरी होंगी और देश की विकास यात्रा भी तेज होगी। मोदी ने आम बजट 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, 'आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है।' उन्होंने कहा कि हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट प्रगति को कई गुना बढ़ाने वाला है।

### 'घोषणावीर' बजट : मल्लिकार्जुन खरगे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का 'घोषणावीर' बजट है जिसमें मेक इन इंडिया को राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन बना दिया गया है। खरगे ने कहा इस बजट में युवाओं, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है और बेरोजगारी रोकने तथा महंगाई पर लगाम कसने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। मध्यम वर्ग देश की रीढ है और सरकार अब तक इसी वर्ग से वसूली करती रही है, लेकिन खुद वित्त मंत्री इस वर्ग की आय को लेकर जो आंकड़ा दे रही है उसमें बचत बहुत कम है उन्होंने कहा 'एक मुहावरा इस बजट पर बिल्कुल सटीक बैठता है- नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली।

### केंद्रीय बजट भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज : सीएम साय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि इस बजट से मोदी का वह वचन फिर से पूरा हुआ है। 'जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हे मोदी पूजते हैं'। समाज के मध्यम वर्ग और श्रमिक वर्गों के उत्थान के लिए यह बजट ऐतिहासिक और क्रांतिकारी होगा। यह भारत के सुनहरे भविष्य का दस्तावेज है। स्वतंत्र भारत के इतिहास के चंद ऐतिहासिक बजटों में से यह एक है। साय ने कहा कि जो प्रावधान इस बजट में किए गए हैं वो केवल पीएम मोदी ही कर सकते हैं। इस बजट ने सिद्ध कर दिया है कि आने वाला समय भारत का है और भारत का स्वर्णिम युवा युग शुरू हो गया है। भारत अब विश्व का नेतृत्व करेगा यह तय हो गया है। यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है, जिसे भारत देश में हमेशा याद रखा जाएगा।

## आम बजट पर एक नजर

**किसानों के लिए खुला पिटारा**

- पीएम धन धान्य कृषि योजना 100 कम उत्पादकता वाले जिलों को सहायता प्रदान करेगी, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होगा।
- तुअर, उड़द और मसूर पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6 वर्षीय दलहन आत्मनिर्भरता कार्यक्रम।
- किसान क्रेडिट कार्ड ब्याज अनुदान सीमा बढ़ाकर 25 लाख की गई।
- एक्स्ट्रा लॉन्ग स्टेपल कॉटन को बढ़ावा देने के लिए कपास उत्पादकता मिशन।
- किसानों की सहायता के लिए बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की गई।

**आर्थिक विकास और उद्योग को बढ़ावा**

- एमएसएमई निर्यात में 45% का योगदान देते हैं वर्गीकरण सीमा बढ़ाई गई।
- एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी कवर 5 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ किया गया (1.5 लाख करोड़ ऋण वृद्धि)।
- नई चमड़ा और फुटवियर क्षेत्र नीति की घोषणा की गई।
- 50 शीर्ष पर्यटक स्थलों का विकास किया जाएगा।
- आईआईटी पटना और पटना एयरपोर्ट का विस्तार, बिहार में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट।

**प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे का विकास**

- 3 एआई उत्कृष्टता केंद्रों के लिए 500 करोड़।
- 5 राष्ट्रीय कौशल केंद्र और आईआईटी में बुनियादी ढांचे का विस्तार।
- स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 20,000 की सीमा वाले यूपीआई-लिंक्ड कार्ड।
- ईवी बैटरी और सोलर पैनल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन।
- 35 नए ईवी बैटरी घटकों को मूल सीमा शुल्क से छूट दी गई।

**कर सुधार और मध्यम वर्ग को राहत**

- कराधान को सरल बनाने के लिए नया आयकर विधेयक।
- नई व्यवस्था के तहत 12 लाख तक कोई आयकर नहीं।
- नए कर स्लैब पेश किए गए (4-8 लाख पर 5%, 8-12 लाख पर 10%, आदि)।
- वरिष्ठ नागरिकों की कर कटौती दोगुनी होकर 1 लाख हो गई।
- किराए की सीमा पर टीडीएस 2.4 लाख से बढ़ाकर 16 लाख किया गया।

**समाज कल्याण और स्वास्थ्य सेवा**

- गिग वर्कर्स को स्वास्थ्य सेवा सहायता मिलेगी (1 करोड़ लाभार्थी)।
- 36 नई जीवनरक्षक दवाओं को मूल सीमा शुल्क से छूट दी गई।
- सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की जाएंगी।
- स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए चिकित्सा पर्यटन और वीजा मानदंडों में ढील दी गई।
- 1 करोड़ गिग वर्कर्स के लिए ई-श्रम पहचान पत्र।

**राजकोषीय अनुशासन और विनियामक सुधार**

- बीमा क्षेत्र में एफडीआई 74% से बढ़ाकर 100% किया गया।
- जन विश्वास विधेयक 2.0 100 से अधिक प्रावधानों को अपराधमुक्त करेगा।
- राज्यों के लिए निवेश-अनुकूल सूचकांक लॉन्च किया जाएगा।
- राजकोषीय घाटे का लक्ष्यः वित्त वर्ष 26 में 4.4% (वित्त वर्ष 25 में 4.8% से)।
- सकल उधारी 14.82 लाख करोड़, शुद्ध उधारी 11.54 लाख करोड़।

## मुठभेड़ में 8 नक्सली ढ़ेर, शव बरामद

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

गंगालूर थाना क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 एवं केरिपु 222 वाहिनी की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान के लिए निकली थी। अभियान के दौरान शनिवार सुबह 08.30 बजे से संयुक्त टीम एवं माओवादियों के मध्य रुक रुक कर कई बार मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के बाद अब तक सर्चिंग में 08 नक्सलियों के शव बरामद किये गए साथ ही नक्सली ठिकानों से इंसास राइफल, बी एल जी लांचर सहित कई हथियार बरामद किये गए, मुठभेड़ में कई और नक्सलियों के मारे जाने अथवा घायल होने की संभावना जाताई जा रही है।



### सीएम साय ने सुरक्षाबलों के साहस को सराहा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस सफलता पर सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यह सुरक्षाबल के जवानों की बड़ी सफलता है, उनके साहस को सलाम करता हूं। जवान मजबूती के साथ नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प है कि 31 मार्च 2026 तक देश-प्रदेश से नक्सलवाद का अंत करेंगे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने परिवार संग लगायी संगम में डुबकी

पायनियर संवाददाता < महाकुंभ नगर
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महाकुंभ के अवसर पर शनिवार को पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी में पवित्र स्नान किया। धनखड़ ने पत्नी सुदेश धनखड़ और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ संगम में पवित्र डुबकी लगायी और बाद में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिविधान से मां गंगा की पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति का स्वागत बुके देकर किया।

## केजरीवाल ने दिल्लीवालों के पैसों से करोड़ों का घर बनाया : अमित शाह



**नयी दिल्ली/वार्ता।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया और कहा कि दिल्ली में श्रीजी सरकार यानी घोटाले वाली सरकार, घुसपैठियों को पनाह देने वाली सरकार और घपले करने वाली सरकार चल रही है। शाह ने मुस्तफाबाद में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी रैली में केजरीवाल पर हमला बोला और कहा, दिल्लीवालों के पैसों से करोड़ों का अपना घर बनाने वाले केजरीवाल बड़े भोले बनकर कहते थे कि हम गाड़ी नहीं लेंगे, बंगला नहीं लेंगे, सुरक्षा नहीं लेंगे। इन्होंने तो करोड़ों का बंगला भी बनाया और हजारों करोड़ का घोटाला भी किया। उन्होंने कहा कि ये (केजरीवाल) बस बहाने बना रहे हैं कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया है। उन्होंने कहा, केजरीवाल जी, जहर हरियाणा सरकार ने नहीं मिलाया, आपने प्रदूषण फैलाकर यमुना के पानी को जहरीला बना दिया है।

## मीरवाइज उमर ने कश्मीरी पंडितों की घाटी में सुरक्षित वापसी के लिए आईसीसी के गठन का प्रस्ताव रखा

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक ने घाटी में कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी के लिए अंतर समुदाय समिति (आईसीसी) के गठन का प्रस्ताव रखा है। मीरवाइज ने सतीश महालदार के नेतृत्व में जेके पीस फॉर्म द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए कश्मीरी पंडितों के प्रतिनिधिमंडल के समक्ष आईसीसी के गठन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि समिति समुदायों के बीच की खाई को पाटने एवं कश्मीरी पंडितों की घाटी में सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेगी। जेके पीस फॉर्म के एक बयान में कहा गया है कि मीरवाइज फारूक के नेतृत्व में आईसीसी कश्मीर के सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व करेगी जिसका ध्यान कश्मीरी पंडितों की उनकी मातृभूमि कश्मीर में सुरक्षित वापसी को सुगम बनाने पर होगा। बैठक के बाद जारी बयान में कहा गया कि समिति विस्थापित कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए सरकारी सहायता जैसे उपायों पर भी विचार करेगी जिसमें समाज में उनके पुनः एकीकरण में सहायता के लिए समावेशी नामित कॉलोनियों का निर्माण शामिल है।

### बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए रेपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए सजग रहने कहा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में बर्ड फ्लू के प्रकरण की पुष्टि होने पर इसे गंभीरता से लेते हुए राज्य भर में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए हैं। राज्य में बर्ड फ्लू की रोकथाम के लिए रेपिड रिस्पांस टीम का गठन किया गया है। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का गठन करते हुए सभी कलेक्टरों और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने, सतर्कता बरतने और बायोसेक्युरिटी निर्देशों का पालन के निर्देश भी दिए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के रायगढ़ जिले स्थित शासकीय कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू (एवियन एनफ्लूएंजा) के मामले की पुष्टि हुई है। 30 जनवरी 2025 को कुक्कट पालन प्रक्षेत्र में बड़ी संख्या में पक्षियों की अकस्मिक मृत्यु की सूचना के बाद, पशु चिकित्सकों की एक टीम गठित की गई थी। जांच के बाद राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल ने 31 जनवरी 2025 को बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि की है। संचालक पशु चिकित्सक सेवाएं के निर्देश पर बर्ड फ्लू के रोकथाम के लिए रायगढ़ जिले में प्रभावित कुक्कट पालन प्रक्षेत्र के 1 किलोमीटर क्षेत्र को इन्फेक्टेड जोन घोषित कर कुक्कट, अंडे, आहार और अन्य सामग्रियों का विनिष्टीकरण किया गया है। प्रभावित क्षेत्र के 1 से 10 किलोमीटर के दायरे को सर्वलेंस जोन घोषित कर पोल्ट्री और अंडे की दुकानों को बंद कर दिया गया है और सीरो सर्वलेंस कार्य शुरू कर दिया गया है। जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा कुक्कुट पालकों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर मुआवजा देने के निर्देश भी दिए गए हैं। रायगढ़ कुक्कुट प्रक्षेत्र में इन्फेक्टेड जोन से पोल्टी प्रोडक्ट की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को पर्सनल प्रोटेक्शन इक्यूपमेंट किट का उपयोग भी करने कहा गया है। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं द्वारा आम जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, क्योंकि संक्रामित क्षेत्र में सभी आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी है। पोल्ट्री उत्पादों का सेवन स्वच्छता और सावधानी से किया जा सकता है, क्योंकि ये पोषण से भरपूर होते हैं और कुपोषण दूर करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया है कि राज्य के अन्य हिस्सों में बर्ड फ्लू के मामलों की कोई सूचना नहीं मिली है।



# श्रद्धालुओं की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहा भारत सेवाश्रम : योगी

एजेंसी ◄ महाकुम्भ नगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत सेवाश्रम निस्वार्थ भाव से श्रद्धालुओं की सेवा का अनुपत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। योगी महाकुम्भ नगर के सेक्टर 5 स्थित भारत सेवाश्रम के शिविर गए, जहां उन्होंने सेवाश्रम के साधु संतों से मुलाकात की। साधु संतों ने महाकुम्भ में उनके द्वारा किए जा रहे सामुदायिक और सेवा के कार्यों की जानकारी भी मुख्यमंत्री से साझा की। योगी ने कहा कि भारत सेवाश्रम सौ से अधिक वर्षों से निस्वार्थ भाव से समाज में सेवा का कार्य कर रहा है। उनके गुरु स्वामी अवैद्यनाथ और भारत सेवाश्रम के संत स्वामी असीमानंद जी ने साथ साथ समाज सेवा का लंबा समय बिताया था। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ में सनातन को आगे ले जाने के लिए निरन्तर प्रयत्नशील विभिन्न सम्प्रदायों के साधु संतों के साथ सामुदायिक और गरीबों की सेवा में लगे धार्मिक और आध्यात्मिक संगठनों से भी मुलाकात की। आयोजन की अगुवाई कर रहे भारत सेवाश्रम के स्वामी आत्मजानंद का कहना है कि मुख्य मंत्री ने शिविर में भारत सेवाश्रम के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और उनकी आरती भी की। इस अवसर पर योगी ने वहां मौजूद साधु संतों से बातचीत भी । भारत सेवाश्रम के महा कुम्भ प्रभारी स्वामी भास्करानंद ने बताया कि भारत सेवाश्रम मानव सेवा के साथ नारायण सेवा का कार्य करने वाला एक हिंदू धार्मिक और आध्यात्मिक संगठन है जो मानवीय कार्यों पर केंद्रित है। 1917 में इसकी स्थापना करने वाले पंडित संत आचार्य स्वामी प्रणवानंद महाराज ने माघ के महीने में इसी संगम के किनारे संन्यास लिया था। इसलिए इस संगम की धरती और महाकुम्भ इस आध्यात्मिक संगठन से खास संबंध है।

## बिना चिंता कराएं इलाज,पैसा सरकार देगी : योगी

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग करने पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि वह बिना चिंता किए अच्छे से अच्छे अस्पताल में इलाज कराएं और उपचार में जो भी धनराशि खर्च होगी, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की और अफसरों को निर्देशित किया कि जिन लोगों को उपचार में आर्थिक सहायता की आवश्यकता है, उनके इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से पूरा कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। योगी ने लोगों से एक.एक करके समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी परेशान होने या घबराने होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## भाजपा सरकार जनता को राहत देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है : डोटासरा



**उदयपुर।** राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बड़े निर्णय लेने में पूरी तरह विफल रही है और जनता को राहत देने के बजाय केवल प्रचार में व्यस्त है। डोटासरा और विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने उदयपुर के डबोक स्थित महाराणा प्रताप हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य सरकार परीक्षायें सुरक्षित रूप से आयोजित नहीं कर पा रही है, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने सरकार पर कटाक्ष करते हुये कहा यह सरकार ही लीक हो गयी है। यह बड़े पर्चे तो करवा ही नहीं सकती, छोटे-छोटे पर्चे भी लीक हो रहे हैं। डबल इंजन सरकार के इंजन उल्टे जुड़ गये हैं। डोटासरा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के कार्यकाल में घोषित ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (इआरसीपी) को भाजपा सरकार ने पहले तो अच्छा बताया, लेकिन अब इसे राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने में टालमटोल कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर यह योजना इतनी ही अच्छी थी तो केंद्र सरकार इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित क्यों नहीं कर रही है? केंद्र केवल पर्चियां भेजकर काम निकाल रहा है, लेकिन राजस्थान को उसका हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने जातिगत जनगणना कराने की मांग करते हुये कहा कि इससे पिछड़े वर्गों के लिये विशेष बजट आवंटन संभव होगा, जिससे समाज के कमजोर तबकों को सही लाभ मिल सकेगा। राज्य में अवैध बजरी खनन को लेकर उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार खुद मान रही है कि रोजाना सात करोड़ रुपये की अवैध बजरी निकाली जा रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं हो रहा।

# भारतीय संस्कृति एवं धरोहर को दर्शाता है महाकुम्भ : राजनायिक

एजेंसी ◄ महाकुंभनगर
www.dailypioneer.com

तीर्थराज प्रयाग में चल रहे महाकुंभ में विभिन्न देशों का 73 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दिव्य-भव्य, नव्य महाकुंभ को देख अभिभूत हो उठा। विदेशी अतिथियों ने कहा कि महाकुम्भ भारतीय संस्कृति एवं धरोहर को दर्शाता है। प्रयागराज पहुंचकर इन लोगों ने खुद को सौभाग्यशाली बताया। इन अतिथियों ने योगी सरकार एवं विदेश मंत्रालय द्वारा राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था पर खुशी भी जताई। अतिथियों का शनिवार प्रयागराज पहुंचने पर अतिथियों का स्वागत किया गया। भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो ने कहा, ÷मुझे बहुत खुशी है कि राज्य सरकार और विदेश मंत्रालय राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था कर रहा है। महाकुंभ मेला बहुत ही खास आयोजन है, खासकर इस साल। इसलिए मैं हिंदू संस्कृति को समझने के लिए वहां जाने को उत्सुक हूं। भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउचिनो ने कहा, मैं इस महत्वपूर्ण समारोह में भाग लेकर प्रसन्न हूं। यहां की परंपराओं का पालन करके बहुत खुशी भी हो रही है। भारत में लिथुआनिया की राजदूत डायना मिकेविकिएने ने कहा कि, मैं कई वर्षों से भारत से जुड़ी हुई हूं। मैं हमेशा यहां आना चाहती थी, लेकिन कभी भी किसी कुम्भ में जाने का अवसर नहीं मिला। खास और शुभ महाकुम्भ का समय है, यह सौभाग्य है कि मैं भारत में हूं। मैं यहां के वातावरण का आनंद लूंगी। यह दृश्य मेरी आँखों और आत्मा के लिए गौरवान्वित करने वाला है। मैं यहां पवित्र स्नान करूंगी। यह निश्चित रूप से भारतीय धरोहर और संस्कृति को दर्शाता है, जिस पर गर्व होना चाहिए। अतिथियों ने योगी आदित्यनाथ सरकार एवं विदेश मंत्रालय द्वारा राजनयिकों के लिए इस यात्रा की व्यवस्था पर प्रसन्नता जताई।

# आम आदमी, किसान, युवाओं को निराश करने वाला बजट : शर्मा

एजेंसी ◄ उदयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान कांग्रेस के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने केंद्र सरकार के बजट को अत्यंत निराशाजनक बताया है और कहा कि यह आम आदमी, किसान, युवाओं को पूरी तरह से निराश करने वाला बजट है। शर्मा ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बजट में राजस्थान की पूरी तरह अनदेखी की गयी। उन्होंने कहा कि इस बजट में न तो किसानों की बेहतरी के लिये कोई ठोस कदम उठाये गये, न ही युवाओं के लिये रोजगार सृजन की कोई प्रभावी योजना बनायी गई। राज्य के विकास के लिये केंद्र सरकार से विशेष ध्यान और निवेश की अपेक्षा की जाती है, ताकि राजस्थान की जनता को समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन बजट में नये उद्योगों की स्थापना, स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन या तकनीकी शिक्षा के विस्तार पर कोई ठोस योजना नहीं बनायी गयी।

राजस्थान देश-दुनिया में अपनी संस्कृति और पर्यटन स्थलों के लिये प्रसिद्ध है, लेकिन इस बजट में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने की कोई रणनीति नहीं बनायी गयी। यदि इस क्षेत्र पर ध्यान दिया जाता तो लाखों युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिल सकते थे।

## शिक्षक ने पीटा तो छात्र ने की डीएम से शिकायत

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र में संचालित एक विद्यालय में निर्धारित समय के बाद विद्यालय पहुंचे दसवीं के एक छात्र की प्रबंधक ने पिटाई कर दी। इससे तिलमिलाया छात्र जिलाधिकारी के पास पहुंचा और प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सूत्रों के अनुसार चौरा निंदूरा गांव निवासी ओमप्रकाश कुशवाहा का पुत्र प्रियांशु अझुवा स्थित लिटिल बलासम्स कान्वेंट स्कूल में पढ़ाई करता है। अझुवा के भोला चौराहे पर जाम लगा होने के चलते छात्र प्रियांशु विद्यालय 15 मिनट विलंब से पहुंचा जिस पर विद्यालय के मैनेजर ने छात्र को भला बुरा कहते हुए डंडे से पीट दिया है। जिससे छात्र को चोट आई है। मामले की शिकायत लेकर छात्र अपने पिता के साथ छात्र तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी के सामने पहुंचा और मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग की।

## मिल्कीपुर उपचुनाव में धांधली की शिकायत लेकर सपा पहुंची चुनाव आयोग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुये इसकी शिकायत चुनाव आयोग से की है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सूबे के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि मिल्कीपुर विधान सभा उप चुनाव में रिटर्निंग आफीसर सपा समर्थक मतदाताओं विशेषकर यादव, मुस्लिम, दलित बाहुल्य क्षेत्रों में बीएलओ के माध्यम से मतदाता पर्ची का वितरण में हीला हवाली कर रहे है। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि शिकायत को संज्ञान में लेकर रिटर्निंग आफीसर के विरूद्ध कार्यवाही की जाये तथा 414 पोलिंग स्टेशन की मतदाता पर्ची भुगतान के आधार पर सपा को तत्काल उपलब्ध कराई जाये, जिससे कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त चुनाव सम्पन्न हो सके।

# हर वर्ग को बड़ी राहत देने वाला बजट: खन्ना

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अरविंद खन्ना ने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया केंद्रीय बजट 2025 हर वर्ग के लोगों को बड़ी सुविधा प्रदान करने वाला है। खन्ना ने कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय पर कर छूट देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का ऐतिहासिक एवं सराहनीय निर्णय है, जिससे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही, टीडीएस की सीमा छह लाख रुपये तक बढ़ाने से व्यापारी वर्ग को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि 10,000 नई मेडिकल सीटों के सृजन से चिकित्सा क्षेत्र में छात्रों को बेहतरीन अवसर मिलेंगे। महिलाओं और पिछड़े वर्गों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए 5 लाख रुपये की विशेष योजना शुरू करना एक क्रांतिकारी कदम है। खन्ना ने कहा कि विनिर्माण मिशन, धन-धान्य कृषि विकास योजना और मेक इन इंडिया जैसे कार्यक्रमों से देश की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित होगी। इसके अलावा, सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण कार्यक्रमों से महिला एवं बाल विकास को नई दिशा मिलेगी। खन्ना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास की राह पर अग्रसर है।

## ट्रक ने पिता-पुत्र को रौंदा दोनों की मृत्यु



**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में एक ट्रक की चपेट में आने से पिता व पुत्र की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोटेगांव जाने वाले सडक मार्ग पर पुलिस थाना ठेमी के सूरवारी गांव के पास एक ट्रक ने पिता पुत्र को रौंदा दिया। इस घटना में गणेश चडार व पुत्र दशरथ चडार की कल मृत्यु हो गयी। पुलिस ने ट्रक जप्त जप्त कर लिया है।

## पीएसपीसीएल का जूनियर इंजीनियर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) कार्यालय, भूच्चो (बठिंडा) में तैनात जूनियर इंजीनियर (जेई) संदीप कुमार को 7,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू किया है। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को बठिंडा जिले के भूच्चो कलां निवासी गुरदास सिंह की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो से संपर्क कर आरोप लगाया था कि उक्त जेई ने घरेलू आपूर्ति के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाने के बदले 7,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत के आधार पर प्रारंभिक जांच के बाद विजिलेंस ब्यूरो की बठिंडा रेंज टीम ने जाल बिछाया और आरोपी जेई को दो सरकारी गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से 7,000 रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के थाना बठिंडा रेंज में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच जारी है।

## रायबरेली में स्कूली छात्रा को ट्रक ने रौंदा,मौत




**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के गुरुबख्शगंज इलाके में तेज़ रफ़्तार मिनी ट्रक की चपेट में आकर सड़क किनारे खड़ी बच्ची की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कृष्ण पुर ताला मे सुबह करीब नौ बजे स्कूल जाने के लिए खड़ी सुरेंद्र पॉल की बच्ची साक्षी (10) को एक मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी।

## पंजाब के गांवों में स्वच्छ, आवश्यक पेयजल की कोई कमी नहीं रहेगी : मुंडिया

**चंडीगढ़।** पंजाब के जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया ने बताया कि पानी की गुणवत्ता और उसकी कमी की समस्या को दूर करने के लिये विभाग द्वारा 2174 करोड़ रुपये की लागत से 15 बड़ी नहरी जल परियोजनायें चलाई जा रही हैं, जिन पर कार्य प्रगति पर है। मुंडिया ने कहा कि मार्च महीने से ये परियोजनायें चरणबद्ध तरीके से पूरी होनी शुरू हो जायेंगी और वर्ष के अंत तक सभी परियोजनायें पूरी कर ली जायेंगी।

## पत्रिका कवितावली के फरवरी अंक का विमोचन

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय स्तर की पत्रिका कवितावली के फरवरी अंक का विमोचन समारोह चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित किया गया। यह विमोचन समारोह पत्रिका के मुख्य संपादक ग्रेट ब्रिटेन से पधारे सुरेश पुष्पाकर के सान्निध्य में मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध गायक बृजेश आहूजा ने किया।

# दो फरवरी को मनाया जायेगा दीनबंधु छोटूराम का जन्मोत्सव

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



चण्डीगढ़-पंचकूला जाट सभा आगामी दो फ़रवरी को बसंत पंचमी एवं दीनबंधु छोटूराम का 144 वां जन्म दिवस सर छोटू राम जाट भवन, पंचकूला में धूमधाम से मनायेगा। हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं संस्था के अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह मलिक ने बताया कि इस अवसर पर समारोह में शहीदों के परिजनों, प्रतिभावान विद्यार्थियों, उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया जायेगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बसंत पंचमी के अवसर पर गरीबों एवं किसानों के मसीहा दीनबंधु चौधरी छोटूराम का जन्मदिन दो फरवरी को समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। इस समारोह में स्थानीय सांसद मनीष तिवारी मुख्य अतिथि होंगे, जबकि अध्यक्षता जस्टिस रामेश्वर सिंह मलिक, पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय (सेवानिवृत) करेंगे। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि चौधरी छोटूराम के पड़दोहते पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह, भाजपा की राज्य उपप्रधान बंतो कटारिया, जम्मू एवं कश्मीर के विधायक विक्रम सिंह रंधावा उपस्थित होंगे। डॉ महेंद्र सिंह मलिक ने जानकारी दी कि इस कार्यक्रम में प्रतिभावान खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के अलावा समाज़ के ब्रिगेडियर रैंक के अधिकारियों, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और कटरा (जम्मू कश्मीर) में निर्माणाधीन चौधरी छोटूराम सेवा सदन में एक लाख से अधिक दान देने वाले गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया जायेगा। इस समारोह में भारत के कई राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

## गोगामेड़ी की हत्या की साजिश रचने वाले आरोपी ने फिर शुरू की भूख हड़ताल

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर की केन्द्रीय कारागृह सेवर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की साजिश रचने के आरोप में पिछले आठ महीनों से बंद आरोपी रोहित राठौड़ द्वारा एक बार फिर से भूख हड़ताल शुरू कर देने से जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है। भरतपुर की सेवर जेल से किसी दूसरी जेल में शिफ्ट किये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को भूख हड़ताल शुरू करने वाले आरोपी रोहित राठौड़ को कड़ी सुरक्षा के बीच चेकअप के लिये जिला आरबीएम अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार जांच में रोहित राठौड़ को फिलहाल कोई परेशानी नजर नहीं आयी। गौरतलब है कि किसी दूसरी जेल में शिफ्ट किये जाने की मांग को लेकर पहले भी रोहित राठौड़ पिछले साल नौ से 27 अगस्त तक जेल में भूख हड़ताल कर चुका है।

## झुग्गी में आग लगने से बुजुर्ग जिंदा जला

**भरतपुर।** राजस्थान में भरतपुर के कस्बा बयाना में झुग्गी बस्ती में आग लग जाने से एक बुजुर्ग की जिंदा जलकर मौत हो जाने के साथ कई झोपड़ियों के जलकर स्वाहा हो जाने से अफरातफरी मच गयी। सूत्रों के अनुसार कस्बे में सुभाष चौक पर रैन बसेरा के पास रेलवे स्टेशन के पीछे झुग्गी बस्ती में लगी आग इतनी विकराल थी कि झोपड़ी में सो रहे 60 वर्षीय भारत साहू को बिस्तर से उठने का मौका भी नहीं मिला। अज्ञात कारणों से लगी आग में मृतक भारत, बत्तो देवी और अशोक कुमार की झोपड़ियों में रखा उनका सभी घरेलू सामान भी जलकर खाक हो गया। नगर पालिका की फायर ब्रिगेड ने स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# विज ने टांगरी बांध पक्का करने के कार्य का किया शिलान्यास


एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला के रामपुर-सरसेहड़ी से जगाधरी रोड तक 2.67 करोड़ रुपए की लागत से टांगरी नदी बांध (तटबंध) को ऊंचा व पक्का करने के कार्य का शिलान्यास किया। विज ने यहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टांगरी नदी का पानी शहर में न आये इसके लिए टांगरी नदी बांध (अंबाला) को रामपुर-सरसेहड़ी की तरफ पक्का करने की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि पहले नदी के पानी के कारण रामपुर-सरसेहड़ी व अन्य क्षेत्रों की ओर काफी नुक्सान हुआ था। इसके बाद कच्चा बांध बनाया गया था, अब इस कच्चे बांध को स्टोन पीचिंग व मिट्टी डालकर इसे पक्का किया जा रहा है। जगाधरी रोड से चंदपुरा तक भी पक्का बांध बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में टांगरी नदी के तल को और गहरा करने की योजना बनाई है ताकि पानी करधान, नग्गल, प्रभु प्रेम पुरम व अन्य कालोनियों में न जा सके।

जैसे-जैसे मंजूरी मिल रही है योजनाओं पर काम किया जा रहा है। जगाधरी रोड से लेकर रेलवे लाइन तक भी बांध बनाया जायेगा ताकि टांगरी नदी का पानी शहर की तरफ न आए। माइनिंग विभाग से इजाजत मिलते ही नदी रेत को निकाला जायेगा और नदी को 15-20 फुट गहरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि टांगरी नदी बरसाती नदी है जोकि शहर के बीच से निकलती है, जब बरसात आती है तो शहर में बाढ़ जैसे हालात हो जाते हैं। विज ने कार्यक्रम के दौरान अम्बाला कैंट के एसडीएम को रामगढ़ माजरा से टांगरी नदी में आ रहे नाले को बंद कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि महेशनगर ड्रेन के शेष क्षेत्र को पक्का करने का टेंडर हो चुका है और इसके लिए 24 करोड़ रुपए नगर परिषद से सिंचाई विभाग को जमा करा दिए गए हैं।

# लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने का प्रयास कर रही सरकार : सुक्खू

एजेंसी ◄ शिमला
www.dailypioneer.com



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोलन में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में एक भी अन्तरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा नहीं है तथा इसके निर्माण का पूरा खर्च केन्द्र सरकार को वहन करना चाहिए। इसके साथ ही भानुपल्ली-बैरी और चण्डीगढ़-बद्दी रेल लाईन को बिछाने का पूरा खर्च भी केन्द्र सरकार को उठाना चाहिए। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि सोलन-परवाणु फोरलेन की स्थिति सबसे दयनीय है क्योंकि इसकी डिजाइनिंग सही ढंग से नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में उनकी चर्चा केन्द्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से हुई है और उन्होंने इस फोरलेन की रि-डिजाइनिंग और रि-एलाइनमेंट करने की मांग की है। एक अन्य प्रश्न के जवाब में सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश एक छोटा प्रदेश है जिसकी आबादी लगभग 70 लाख है इसलिए 153 आईएएस अधिकारी रखना उचित नहीं है। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने नए काडर में नए आईएएस और आईपीएस अधिकारी लेने से मना कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 115 आईएफएस अधिकारियों को भी कम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है, इसलिए सभी विभागों में सकारात्मक बदलाव के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रशासनिक दखलअंदाजी को कम करके लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाना चाहती है। इससे पहले, सुक्खू, डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनीराम शांडिल, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, बघाट बैंक के अध्यक्ष अरुण शर्मा, प्रदेश खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम निदेशक मण्डल के सदस्य जतिन साहनी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश ठाकुर व सुरेन्द्र सेठी, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# सायबर अपराधों से सुरक्षा के संबंध में मप्र पुलिस का विशेष अभियान

एजेंसी ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश पुलिस ने सायबर अपराधों और हिंसा की रोकथाम तथा समाज में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सायबर सुरक्षा जन जागरुकता अभियान ''सेफ क्लिक'' प्रारंभ किया है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) कैलाश मकवाणा ने यहां पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को इस अभियान से संबंधित पोस्टर और प्रचार-प्रसार सामग्री का विमोचन किया। इस प्रदेश व्यापी अभियान की निगरानी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सायबर सेल) योगेश देशमुख और अधीनस्थ अमले द्वारा की जाएगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं। इस अभियान में 'सामुदायिक पुलिसिंग' की सक्रिय सहभागिता के लिए भी कहा गया है। अभियान के तहत विशेष रूप से छात्र छात्राओं को जागरुक किया जाएगा। इस अभियान में आज यानी एक फरवरी से 11 फरवरी तक 'सुरक्षित क्लिक-सुरक्षित जीवन' थीम पर सर्वव्यापी जागरुकता अभियान पूरे प्रदेश में संचलित किया जा रहा है। अभियान में नुक्कड़ नाटक, प्रश्नावली, लघु फिल्म,पोस्टर्स, जनजागरुकता रैली आयोजित की जाएंगी। इनमें सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक स्टॉफ स्वंयसेवी संस्थाओं सहित स्थानीय 'इंफ्लूऐंसर' का सहयोग लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में पूरे देश में सायबर अपराध और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव तेजी से बढ़ रहे हैं। तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा चोरी, साइबर बुलिंग, फिशिंग अटैक, हैकिंग, और गलत सूचना फैलाने जैसी समस्याएँ आम हो गई हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर यह अभियान सोशल मीडिया, इंटरनेट का सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग के लिए एक 11 दिवसीय अनूठा अभियान है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को सायबर सुरक्षा के महत्व से अवगत कराना है। इसके तहत स्कूलों और कॉलेजों में सार्वजनिक संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिसमें इंटरनेट उपयोग की सुरक्षित प्रथाओं, सायबर सुरक्षा और दैनिक जीवन में जिम्मेदार व्यवहार के महत्व पर सार्थक चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञ सायबर सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जो नागरिकों को इंटरनेट सुरक्षा के प्रति सजग बनाने और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों को साझा करने का अवसर प्रदान करेंगे। इस पहल के माध्यम से आम जनता में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरुकता बढ़ाने की कोशिश की जाएगी। अभियान के दौरान इन 11 दिनों में पूरे प्रदेश में नगर एवं ग्राम रक्षा समिति रैली के अतिरिक्त, स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों और कैंपसों में जागरुकता रैलियाँ आयोजित की जाएंगी।

# गीदम के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत गीदम के पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दंतेवाड़ा में आयोजित प्रशिक्षण के दौरान मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों सहित मतदान अधिकारी-एक को मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया सम्बन्धी प्रशिक्षण के तहत जानकारी दी गई कि ग्रामीण निकाय निर्वाचनों में प्रत्येक मतदानों पर चार पदों के लिए मतदान होता है जिसमें अलग- अलग रंगों के समपत्रों से मतदान होता है यथा-सदस्य जिला पंचायत के लिए (गुलाबी), सदस्य जनपद पंचायत के लिए (पीला), सरपंच, ग्राम पंचायत के लिए (नीला), पंच ग्राम पंचायत के लिए (सफेद) रंग निर्धारित है। एक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अतिरिक्त चार मतदान अधिकारी होते है। ग्रामीण निकायों के लिए निर्वाचन मतपत्र और मतपेटी से होगा। ढेर सारे मतपत्रों की अलग अलग पहचान के लिए प्रत्येक दल को दो सुभेदक सील, उपलब्ध कराये जाएंगे इनमें से एक का उपयोग जनपद और जिला पंचायत सदस्यता के लिए अभ्यर्थियों के मतपत्रों पर लगाने के लिए होगी, और दूसरा सरपंच और पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के लिए होगा। मतदान अधिकारी क्रं. -01 मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा। साथ ही केंद्र पर आने वाले मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चाहे मतदान चार-चार पदों के लिए हो रहे हों, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति प्रत्येक मतदान केन्द्र के लिए एक ही होगी। मतदान अधिकारी क्रं. 2 व 3 क्रमशः सरपंच एवं पंच पदों के अभ्यर्थियों के मतपत्रों और जनपद व जिला पंचायत सदस्य पद के अभ्यर्थियों के मतपत्रों के प्रभारी रहेगें। मतदान अधिकारी क्रं. 4 मतपेटी का प्रभारी होगा। पीठासीन अधिकारी पूरे दल का मुखिया होगा, पूरी मतदान व्यवस्था उसी के देख रेख में और नियंत्रण में होगी। इस प्रकार पूरा मतदान दल एक टीम की तरह कार्य करेगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर्स ट्रेनर्स द्वारा सभी पीठासीन और मतदान अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस दौरान मुख्य मास्टर ट्रेनर्स माधव राव रेड्डी एवं आलोक सोनवाने सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीईओ निषाद ने किया ओरछा के स्कूलों का औचक निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com






नारायणपुर जिले के विकासखण्ड ओरछा के अन्तर्गत संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं पोटा केबिन आवासीय विद्यालय ओरछा का जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं जिला मिशन समन्वयक भवानी शंकर रेड्डी ने औचक निरीक्षण किया। पोटा केबिन आवासीय विद्यालय ओरछा में पहली से 10 वीं तक कक्षा संचालित है। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित किए जा रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी निषाद ने बच्चों से चर्चा कर शिक्षा के महत्तव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में शिक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। सामाजिक आर्थिक एवं अन्य क्षेत्रों में भी शिक्षा से ही विकास संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रश्न करते हुए कहा कि आप स्कूल क्यों आते हो यह प्रश्न आप अपने आप से पुछिये। जब तक आप अपने स्कूल आने के उददेश्य को नहीं समझोगें तब तक अपने जीवन के उददेश्यों को पूर्ति नहीं कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्रों को सम्बोधन करते हुए कहा कि अनुशासन छात्र जीवन में अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है क्योकि अनुशासन से ही विद्यार्थियों का नैतिक मूल्यों पर विकास होगा, जिससे छात्र जीवन में खेल-कूद साथ-साथ किताब ज्ञान की अहम भूमिका होती है।

# भानुप्रतापपुर में आया रहस्यमयी गिद्ध, शरीर पर लगे थे सेंसर

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भानुप्रतापपुर नगर में जीपीएस लगा एक गिद्ध देखा है। इस गिद्ध के पीठ पर एक कैमरा जैसा डिवाइस लगा हुआ था जबकि इसके पैर स्टीगर लगा हुआ है। भानुप्रतापपुर स्थित आत्मानंद स्कूल का यह मामला बताया जा रहा है। स्कूल के एक शिक्षक ने बताया शुक्रवार करीब दोपहर 2:00 बजे यह गिद्ध उड़ते हुए स्कूल के छत में आया। गिद्ध के शरीर में डिवाइस को देख तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर शाम होने का इंतजार किया जा रहा था ताकि शाम होते ही उसे पकड़ लिया जाए किंतु शाम 4:00 बजते ही उड़कर दूसरे पेड़ में चला गया। आखिर इस गिद्ध के पीठ पर किस तरह का यंत्र लगा है और इसके पिछे कौन से लोग है गिद्ध के ऊपर कैमरा जैसा एक यत्र लगा हुआ है क्या हो सकता है यह चर्चा का विषय बन गया है।

# स्थानीय निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक विश्वरंजन निरीक्षण के लिए भानुप्रतापपुर पंहुचे

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



स्थानीय निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक कुमार विश्वरंजन (भाप्रसे) निरीक्षण के लिए भानुप्रतापपुर पंहुचे। प्रेक्षक ने नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के नाम निर्देशन पत्रों के बारे में जानकारी ली। एसडीएम और रिटर्निंग आफिसर गंगाधर वाहिले ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए 2 और पार्षदों के लिए कुल 34 पार्षदों ने नामांकन जमा किया है। सभी का आवेदन संवीक्षा में स्वीकृत हुआ है। आज प्रेक्षक ने जनपद सदस्य के नामांकन कक्ष जहां तहसीलदार द्वारा जनपद सदस्यों का नामांकन लिया जा रहा है का भी अवलोकन किया। इसके बाद सामान्य प्रेक्षक ने संग्रहण वितरण केंद्र सेजेस उच्चतर माध्यमिक शाला भानुप्रतापपुर जाकर स्ट्रांग रूम, मतगणना, संग्रहण वितरण के बारे मे पूरी जानकारी ली। भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत के 52 ग्राम पंचायतों के लिए 127 मतदान दल एवं 15 रिजर्व कुल 142 दल एवं नगर पंचायत के लिए 15 मतदान दल रिजर्व 2 कुल 17 मतदान दलों को सामग्री वितरण किया जावेगा। आज इस अवसर पर प्रेक्षक के साथ रिटर्निंग आफिसर नगर पंचायत गंगाधर वाहिले, रिटर्निंग आफिसर पंचायत सुरेंद्र उर्वशा, सहायक रिटर्निंग आफिसर कृष्णा पाटले, निर्वाचन प्रभारी अशोक ठाकुर, सीएमओ नगर पंचायत इंद्रलाल पटेल उपस्थित थे।

# थाना अजाक के सब इंस्पेक्टर हबील मिंज को दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव जिले के थाना अजाक जिला कोंडागांव में कार्यरत पुलिस सब इंस्पेक्टर शहबील मिंज जो पुलिस विभाग में 43 वर्ष के लंबे सेवा कार्यकाल पूर्ण करने बाद सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष में सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर जिले के पुलिस थाना अजाक के समस्त स्टॉफ द्वारा उन्हें भावपूर्ण विदाई दिया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत हुए हबील मिंज के उज्जवल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना किया गया।

# ईव्हीएम जागरूकता के तहत मीडिया प्रतिनिधियों के लिए कार्यशाला





पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ईव्हीएम जागरूकता के संबंध में मीडिया वर्कशॉप का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों को नगरीय निकाय आम निर्वाचन वर्ष-2025 के संदर्भ में ईव्हीएम से मतदान की प्रक्रिया में बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मतदाताओं को भी इस संबंध में अधिक से अधिक जागरूक करने की अपील की गई। गौरतलब है की नगरीय निकाय आम निर्वाचन वर्ष-2025 में उपयोग होने वाली एक ही ईव्हीएम मशीन से अध्यक्ष और पार्षद पद दोनों के लिए वोट डालने होंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के मुताबिक मतदान के लिए ईवीएम इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का उपयोग किया जाएगा, जिसमें मल्टी पोस्ट ईवीएम मशीन से मतदान होगा। इस प्रक्रिया के तहत वोटर को एक ही समय में दो अलग अलग पदों अध्यक्ष और पार्षद के लिए मतदान करना होगा। जिले के तीनों नगरीय निकायों के सभी वार्डों में ईव्हीएम प्रदर्शन और लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद हेतु कोंडागांव से 3 फरसगांव में 2 और केशकाल में 5 अभ्यर्थी

**कोंडागांव।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत आज जिले के नगरीय निकायों में नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। साथ ही सभी अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह भी आबंटित कर दिए गए हैं। नाम वापसी के बाद नगरपालिका परिषद कोंडागांव से अध्यक्ष पद हेतु 03 एवं पार्षद के लिए 54 अभ्यर्थी, नगर पंचायत फरसगांव से अध्यक्ष पद हेतु 02 और पार्षद हेतु 35 अभ्यर्थी तथा नगर पंचायत केशकाल से अध्यक्ष पद हेतु 05 और पार्षद पद हेतु 55 अभ्यर्थी निर्वाचन में शामिल होंगे। नगर पालिका परिषद कोंडागांव के रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद हेतु नरेन्द्र देवांगन, नरपति पटेल और नीलकंठ शार्दुल का नाम शामिल है। नगरपालिका आम निर्वाचन के लिए मतदान तिथि 11 फरवरी और मतगणना 15 फरवरी को होगी।

# मादक गांजा पदार्थ तस्करी करते एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के थाना माकड़ी पुलिस द्वारा क्षेत्र में लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यपाही में अंकुश लगाते हुए 30 जनवरी को मोबाइल के जरिए से मुखबिर सूचना प्राप्त हुआ कि, एक व्यक्ति द्वारा अपनी स्कूटी हिरो , सीजी023 एन 5463 में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर उड़ीसा से मिरमिरण्डा होते हुए हीरापुर साप्ताहिक चाजार की ओर जा रहा है, कि सूचना पर ग्राम कुरलूबहार जंगल किनारे मोड़ के पास नाकेबंदी की गई। जो मुखबिर के बताये अनुसार एक सिल्पर रंग की स्कूटी हिरो 40 सीजी 023 एन 5463 को रोककर हमराह स्टाफ के तालाशी ली गई। जिसके एक काले रंग के पिट्‌टू बैग में 2 किलो 845 ग्राम गांजा मिला। आरोपी को पूछताछ करने पर अपना नाम भोजलाल निवासी उड़ीसा का रहने वाला बताया। जिसके कब्जे से में 2 किलो 845 ग्राम कीमत 8 हजार 520 रुपये और स्कूटी कीमत 60 हजार रुपये को जब्त कर अपराध क्रमांक 03/2025 धारा धारा 20 थी। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

## सड़क सुरक्षा मितानों को प्रशस्ति पत्र व आमजनों को वितरण किया गया हेलमेट

# सड़क सुरक्षा जागरूकता माह का हुआ समापन कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




वर्तमान समय में सड़क सुरक्षा एक चिंता का विषय है। बीते कुछ सालों में सड़क दुर्घटना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसको लेकर सरकार ने भी सक्रिय होते हुए कुछ अहम कदम उठाए है। हर साल 1 से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जाता है। इस दौरान लोगों में जागरूकता बढ़ाने और जिम्मेदार तरीके से वाहन चलाने को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। माह भर चालने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करना है। इस दौरान कोण्डागावं पुलिस द्वारा पुलिस के नेतृत्व में 1 से 31 जनवरी शैक्षणिक संस्थानों में सड़क सुरक्षा को लेकर नुक्कड़ नाटक, गायन, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त, पंचायत स्तर पर भी नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। प्रतियोगिता में चयनित छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया एंव चिन्हाकिंत सड़क सुरक्षा मितानों जिनके द्वारा विभिन्न सड़क दुर्घटना में घायलों की त्वरित मदद कर मार्ग व्यवस्था का सुचारु संचालन करने में यातायात पुलिस की मदद की ऐसे चर्यानात सड़क सुरक्षा मितानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हेलमेट वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत नगरपालिका कोंडागांव में कार्यरत स्वच्छता दीदी को चिन्हित कर हेलमेट वितरण का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये, जिनके द्वारा उपस्थित सभी आमजनों छात्र-छात्राओं एवं शासकीय कर्मचारियों को यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

# ईवीएम के प्रति मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत अध्यक्ष एवं पार्षद पदों के लिए ईवीएम से मतदान होगा। मतदाताओं को इस प्रक्रिया से अवगत कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले के नगरीय निकायों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद कोंडागांव के रिटर्निंग ऑफिसर अजय उरांव के मार्गदर्शन में ज्ञान ज्योति शासकीय प्राथमिक शाला लोहारपारा और शासकीय माध्यमिक स्कूल डोंगरीपारा में जागव बोटर अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में मतदाताओं को ईवीएम के उपयोग, मतदान प्रक्रिया, और अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु मतदान की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

# शिक्षा सचिव परदेशी ने गुणवत्ताहीन शिक्षा पर दो शिक्षकों को किया तत्काल प्रभाव से निलंबित

## शिक्षिका दीपा साहू एवं कविता साहू को जारी किया गया नोटिस

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी जिले के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गरियाबंद विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूका के निरीक्षण के दौरान पाया कि वहां अध्ययनरत बच्चों का शैक्षणिक स्तर अत्यंत ही कमजोर है एवं विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका एलबी मती दीपा साहू एवं शिक्षिका टी संवर्ग मती कविता साहू से अध्यापन संबंधी प्रश्न पूछे जाने पर उनके शैक्षणिक स्तर भी अत्यंत कमजोर परिलक्षित हुआ। साथ ही विद्यालय की नियमित साफ-सफाई नहीं पाये जाने तथा अव्यस्था व गंदगी आदि होने के कारण जमकर फटकार लगाई। इसके अलावा प्रधान पाठक द्वारा छात्र-छात्राओं के अधिगम स्तर के रूप शैक्षणिक व्यवस्था नहीं किया गया था। जिसके लिए शिक्षिका मती दीपा साहू एवं मती कविता साहू से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा जवाब संतोषप्रद नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिया गया है। इस दौरान कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत एवं डीएमसी के.सी नायक भी मौजूद थे। इसके अलावा शिक्षा सचिव परदेशी ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूका एवं मालगांव के निरीक्षण में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं के अधिगम स्तर में गुणवत्ताहीन शिक्षा एवं विषय के प्रति समझ स्तरहीन पाये गये छात्र-छात्राओं के अध्यापन में सुधार न होने के कारण सम्पूर्ण कक्षा के अधिगम स्तर में गिरावट होने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारूका के प्रधानपाठक ललित कुमार साहू एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मालगांव के संकुल समन्वयक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर को पूर्ण रूप से जिम्मेदार पाये गये। इस पर उन्हें कर्तव्य निर्वहन के प्रति घोर लापरवाही, उदासीनता व स्वेच्छाचारिता के कारण शिक्षा संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक राकेश कुमार पाण्डेय ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में ललित कुमार साहू को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सरायपाली जिला महासमुंद तथा भूपेन्द्र सिंह ठाकुर को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय कसडोल जिला बलौदाबाजार-भाटापारा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

# गरीबों, किसानों और महिलाओं को मोदी सरकार के बजट ने फिर किया निराश : चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने केंद्र की मोदी सरकार की बजट को निराशाजनक बताया है। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक नंद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानो को फिर ठगने का काम किया है। मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि बजट में पीएम कृषि योजना लागू करने की बात की गयी है लेकिन किसानों के उपज की पूरी कीमत मिले इसके लिये एमएसपी को कानूनी गारंटी के लिए कोई प्रावधान नहीं। इसके साथ ही कृषि ऋण माफी पर बजट में कुछ नहीं। पीएम फसल बीमा योजना में सुधार के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की केवल दो प्रमुख मांग है स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार लागत पर 50 प्रतिशत लाभ के आधार पर एमएसपी तय हो और देश के प्रत्येक किसान को एमएसपी की कानूनी गारंटी मिले लेकिन इस बजट में इन दोनों प्रमुख मांगों का जिक्र ही नहीं है, मोदी सरकार के बजट में एक बार फिर से किसानों को ठगा है। केवल क्रेडिट कार्ड से कर्ज की लिमिट बढ़ाने से किसानों का भला नहीं हो सकता। मनरेगा के बजट में कटौती करने पर सवाल उठाते हुए विधायक नंद ने कहा कि मनरेगा के बजट में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई, मनरेगा मजदूरी बढ़ाने के बारे में कुछ भी नहीं किया गया है। मनरेगा से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होता है लेकिन ग्रामीणों को रोजगार दिलाने मोदी सरकार संवेदनशील नहीं है। उन्होंने कहा कि युवाओं को रोजगार के नये अवसर कैसे बढ़ेंगे। इस बजट में कुछ भी नहीं बताया है। महिलाओं के लिए बजट में कुछ नहीं। बजट में कोई भी दूरदर्शिता नहीं दिख रही। युवा, किसान, मजदूर, महिला सभी इस बजट से खुद को ठगा महसूस कर रहे है। सरायपाली बरगढ़ रेल परियोजना के लिए भी बजट में कोई जिक्र नहीं किया गया है जिससे क्षेत्रवासी निराश हुए है। सरायपाली अंचल के लोगों को उम्मीद थी कि बजट में रेल लाइन परियोजना के लिए राशि दी जाएगी परंतु बजट में कोई उल्लेख नहीं है। विधायक नंद ने कहा कि इस बजट में बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता के लिए प्रत्यक्ष तौर पर कोई राहत, रियायत या सब्सिडी नहीं है। सारी राहत और रियायत केवल चंद पूंजीपति मित्रों को छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। महंगाई कम करने और रोजगार के लिए इस बजट में कुछ भी नहीं है।

# बजट से आर्थिक क्षेत्र में आएगा नया रिफॉर्म : कविंद्र जैन

## 12 लाख रुपए की आय तक कोई टैक्स नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए जा रहे केंद्रीय बजट 2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा नेता कविंद्र जैन ने कहा कि इस वर्ष प्रस्तुत बजट से देश में बड़े वित्तीय बदलाव होंगे। संसद में नया इनकम टैक्स बिल आएगा। किसानों के लिए कृषि ऋण की सीमा को बढ़ाकर 3 लाख से 5 लाख किया जाएगा। अगले वित्त वर्ष में 10000 मेडिकल सीटें एवं 6500 आई आई टी सीटें बढ़ाई जाएगी। जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाया जाएगा। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में नई क्रांति आएगी। अस्थाई कर्मचारियों, होम डिलीवरी वालों को विशेष बीमा कवर मिलेगा। एआई एजुकेशन के लिए 500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक शासकीय जिला अस्पतालों में डे केयर एवं कैंसर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। खनिज और दवाएं सस्ती होंगी। मेडिकल उपकरण सस्ते होंगे। बैटरी वाहनों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। भारत को खिलौना उद्योग का हब बनाने की योजना है। किसानों के लिए धन धान्य योजना को प्रोत्साहन दिया जाएगा। 50 नए पर्यटन केंद्र खोले जाने की घोषणा भी की गई। आंगनवाड़ी पोषण 2.0 में 8 करोड़ नए बच्चे लाभान्वित होंगे। 1 लाख करोड़ का अर्बन चैलेंज ंड बनेगा। बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत फंड एफ डीआई को मंजूरी मिलने से प्रतियोगिता बढ़ेगी जिसका लाभ आम आदमी को मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों को टैक्स छूट की सीमा दोगुनी की गई। इस बार का बजट आर्थिक सुधारों की दिशा में ऐतिहासिक होगा।

# डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित जायसवाल रोटरी इंटरनेशनल असेंबली में भाग लेने के लिए रवाना

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 2025-26 रोटेरियन अमित जायसवाल अपनी धर्मपत्नी पल्लवी जायसवाल के साथ रोटरी इंटरनेशनल असेंबली में भाग लेने के लिए ऑरलैंडो, यूएसए के लिए 1 फरवरी को रवाना होंगे। यह असेंबली रोटरी इंटरनेशनल द्वारा आयोजित एक वैश्विक प्रशिक्षण संगोष्ठी है, जिसमें 220 से अधिक देशों से 500 से अधिक डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य रोटरी के भावी नेतृत्व को प्रशिक्षित करना और वैश्विक स्तर पर सेवा कार्यों को और प्रभावी बनाना है। रोटरी इंटरनेशनल असेंबली रोटरी के सर्वोच्च आयोजनों में से एक है, जहां आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नरों को उनकी नई भूमिका के लिए तैयार किया जाता है। इस कार्यक्रम में उन्हें रोटरी के वैश्विक दृष्टिकोण, सेवा परियोजनाओं, संगठनात्मक विकास, नेतृत्व कौशल और सामुदायिक सेवा के उद्देश्यों पर व्यापक प्रशिक्षण दिया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट 3261 के सभी क्लबों और सदस्यों ने अमित जायसवाल के इस महत्वपूर्ण यात्रा पर जाने के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं। यह न केवल डिस्ट्रिक्ट 3261 के लिए गर्व की बात है, बल्कि इससे इस क्षेत्र में रोटरी की सेवाओं को और अधिक मजबूती मिलेगी। डिस्ट्रिक्ट 3261 के समस्त रोटेरियन सदस्यों ने अमित जायसवाल और उनकी धर्मपत्नी पल्लवी जायसवाल को इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए हार्दिक बधाइयाँ प्रेषित की हैं। रोटरी क्लब के सदस्यों का मानना है कि यह यात्रा डिस्ट्रिक्ट के लिए नए अवसर लेकर आएगी और सेवा के कार्यों को और सशक्त बनाएगी। डिस्ट्रिक्ट 3261 की ओर से उन्हें अनेकानेक शुभकामनाएँ एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मामूली बात पर चाकू से हमला, आरोपियों को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




मृतक शंकर ढीमर पिता कृष्णा ढीमर उम्र 24 साल निवासी मराठा पारा 31 जनवरी की रात्रि 11 बजे अपने साथी प्रार्थी रितेश पेंडरिया के साथ मराठा पारा निवासी हीरा गोंड के घर छठी कार्यक्रम में खाना खाने गया था। वहां से दोनों करीबन 11.30 बजे वापस आकर मराठा मंगल भवन के पास पीपल पेड़ के नीचे बैठे थे। उसी समय आरोपी कुई तथा जन्मदेव दोनों इसके पास आए और क्या मेटर है, बोलकर दोनों अपने पास रखे चाकू से मृतक के सीना, पेट तथा जांघ में पांच छः बार वार कर चोट पहुंचाकर घायल कर दिए थे, जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल धमतरी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिए है। दोनों आरोपी को विधिवत तत्काल गिरफ्तार किया गया है। पुछताछ में आरोपी कुई ने बताया है कि दो तीन दिन पूर्व मृतक शंकर ढीमर आरोपी के मामा के सायकल को अपने पास रखा हुआ था वापस नहीं कर रहा था, जिसके कारण से मन मुटाव था। आरोपी की मां की 03 दिन पहले मृत्यु हुई थी जिसका तिजनाहवन का कार्यक्रम था जिसमें दूसरा आरोपी जन्मदेव शामिल होने आया था। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली धमतरी में धारा 103-1, 351-2, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरी राजेश मरई, उनि विनोद शर्मा, लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रआर सौरभ पटेल, आर डायमंड यादव, मुकेश सिन्हा, चंदर जमदार का विशेष योगदान रहा।

# दिशाहीन बजट है इसमें किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला : डॉ. रश्मि चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि यह दिशाहीन बजट है। इसमें किसी वर्ग को कुछ नहीं मिला। इस बजट में गरीब और गरीब होगा, अमीर और अमीर होता जाएगा। देश के किसान धरने पर बैठे हैं लेकिन बजट में MSP तक की बात नहीं की गई। यह देश को डुबोने वाला बजट है। देश में महंगाई गरीबी और बेरोजगारी की जबरदस्त मार के साथ ही सड़क, पानी शिक्षा सुख-शान्ति आदि की जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अभाव के कारण लगभग 140 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत में लोगों का जीवन काफी त्रस्त है जिसका केन्द्रीय बजट के माध्यम से भी निवारण होना जरूरी है। मोदी सरकार का फोकस केवल बिहार चुनाव पर है, जहा इसी वर्ष अक्टूबर नवंबर में चुनाव है मखाना बोर्ड केवल बिहार के लिए देश के बाकी किसान भाजपा सरकार के फोकस में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के नई राजधानी में एम्स का अपोजिट पिछले 3 साल से अटका है इस बजट में उसके लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। रावघाट सहित नई रेल लाइन रायपुर- बलौदा होकर रायगढ़ का अब तक सर्वे तक नहीं करवा पाए हैं। महासमुंद जिले के पिथौरा,बसना, सरायपाली रेल लाइन को महासमुंद भाजपा सांसद बजट में शामिल तक नहीं करवा पा रहे हैं। इस बजट में बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता के लिए प्रत्यक्ष तौर पर कोई राहत रियायत या सब्सिडी नहीं है। केंद्रीय विभागों कंपनियों और सरकारी उपक्रमों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं लेकिन उन्हें भरने के लिए कोई कार्य योजना इस बजट में नहीं दिख रही है।

# सेंट जेवियर्स में ग्रेजुएशन डे और वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com






सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संस्था के चेयरमैन डॉ. पिंटो तथा मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. ग्रेस पिंटो के निर्देशन में रंगारंग कार्यक्रमों के बीच ग्रेजुएशन डे एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक आयोजित हुआ। क्रांति कुमार सिंह (न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय धमतरी), अमित तिवारी (बी.ई.ओ., धमतरी), हर्ष कुमार यागिक (उप प्रबधंक वित्त एवं लेखा बिज निगम मुख्यालय रायपुर, छ.ग.), डॉक्टर राजेश सूर्यवंशी ( नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ विकास गुप्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन), महेश जसूजा (अध्यक्ष चेंबर ऑफ कॉमर्स), राकेश झवर(जे.सी.आई नेशनल ट्रेनर) मनोज कुमार सोनी ( सी.ए. एवं लायंस क्लब अध्यक्ष धमतरी), डॉ.अपूर्वा पवार (डेंटिस्ट), वैभव प्रताप कौशिक (प्रोफेसर एनएमडीसी पॉलिटेक्निक कॉलेज, दंतेवाड़ा), डॉ संदीप लक्षवानी (डेंटिस्ट धमतरी) के आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस शैक्षणिक वर्ष के ग्रेजुएशन डे की थीम-जड़ें बढ़ने के लिए और पंख उड़ाने के लिए होते हैं थी। आयोजन की संपूर्ण प्रस्तुति इसी थीम पर आधारित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर वंदना अतिथियों के स्वागत से हुआ। तत्पश्चात नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति प्रारंभ हुई। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा एक म्यूजिकल ड्रामा का मंचन हुआ जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चे मेंढक, मधुमक्खी, टिड्डा आदि छोटे-छोटे जीवों के रूप में अपनी भूमिका को अदा किये। इस नाटक के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हमें सदैव आशावान होना चाहिए। हमें कठिन से कठिन परिस्थितियों में सफलता की उम्मीद और साहस से लगातार कार्य करने करते रहना चाहिए। सतत प्रयास और प्रयत्न करने से कठिन से कठिन कार्य में सफलता की प्राप्ति हो जाती है। इस अवसर पर भारी संख्या में पलक गण उपस्थित होकर नन्हे मुन्ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते रहे। वे अपनी मनमोहक प्रस्तुति देते रहे। विभिन्न प्रकार के नृत्यों का भी मंचन हुआ। ये नृत्य अपने आप में कुछ विशेष संदेश लिए हुए थे। इन नृत्यों में बस्तरिया बैलाडीला नृत्य जो बस्तरिया संस्कृति की झलक दिखा रहा था। प्लास्टिक पर आधारित नृत्य यह संदेश दे रहा था कि हमें ज्यादा से ज्यादा प्लास्टिक के उपयोग से दूर रहना चाहिए। वही ग्लोबल संस्कृति पर आधारित नृत्य अपनी अलग संस्कृत विशेषता को दर्शा रहा था। इन नृत्यों के अतिरिक्त बेटर व्हेनर आई ऐम डांसिंग, कथक, गुजराती और हैप्पीनेस नृत्यों का भी मंचन हुआ जो कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बिंदु रहे।इस अवसर पर बच्चों द्वारा म्यूजिकल आर्केस्ट्रा भी प्रस्तुत किया गया। सभी अतिथियों ने अपने-अपने अनुसार शिक्षा शिक्षण से लेकर स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त की। इस अवसर पर स्कूल की सभी कक्षाओं के प्रतिभाशाली छात्र - छात्राओं को जेवियर्स प्रिंस-प्रिंसेस अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा विभिन्न पाठ्य सहभागी क्रियाओं में श्रेष्ठ छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। उनकी उपलब्धियों का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था की प्राचार्या तृप्ति रॉय ने समारोह को संबोधित करते हुए इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डाला। उन्होनें व्यक्तित्व के विकास में सांस्कृतिक सहभाकिता को महत्वपूर्ण बताया और बच्चों के अच्छे भविष्य की कामना की। अंत में उन्होनें कार्यक्रम से जुड़ेसभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जनता जनार्दन के अपेक्षाओं को पूर्ण करने वाला बजट : विजय केसरवानी



**बलौदा बाजार।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत के सपने को साकार करने वाला एक बेहतरीन बजट बताते हुए भाजपा नेता विजय केसरवानी ने बजट को ऐतिहासिक एवं जनता जनार्दन का बजट निरूपित किया है। केसरवानी ने कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। यह युवाओं, गरीबों, किसानों, महिलाओं और समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला आम आदमी का बजट है। बजट में 12 लाख तक की आय पर कोई टैक्स के छूट का प्रावधान कर मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान किया हैं। इसी तरह किसानों के केसीसी ऋण सीमा 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर बहुत बढ़ा सौगात दिया है। जनता जनार्दन की आशाओं और अपेक्षाओं को पूर्ण करने के लिए संसद में प्रस्तावित आम बजट 2024-25 सर्वस्पर्शी व समावेशी है। प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का धन्यवाद।

# तिल्दा निवासी मनोज कैवर्त पर अवैध कब्जा का मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा/नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा निवासी मनोज कैवर्त पर अवैध कब्जा का मामला दर्ज, महिला के साथ छेड़छाड़ भी किये जाने का मामला सामने आया। लवन।तहसील लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत तिल्दा में महानदी किनारे शासकीय भूमि जो कि बच्चे के लिए खेल खेलने का मैदान होता था उस जगह को अवैध कब्जा कर मनोज कैवर्त द्वारा पक्का मकान बनाकर दबंगई किए जाने का मामला सामने आया है जिसकी शिकायत गॉव के ही कम्पनी कैवर्त द्वारा कलेक्टर बलौदाबाजार, तहसील लवन में विगत कुछ माह पहले किये गए हैं जिस पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए कार्रवाई का निर्देश दिए थे जिस पर सुनने में आया है कि अवैध कब्जा का प्रकरण नायब तहसील दार के न्यायालय में अवैध कब्जा का मामला दर्ज हो चुका है।जिससे मनोज कैवर्त का मुसीबत बढ़ गया है।अवैध कब्जा का मामला दर्ज होने के बाद पंचायती राज अधिनियमो के तहत वह वर्तमान निर्वाचन प्रकिया में किसी भी पद के लिए उम्मीदवारी कर पाना अंसभव हो गया है।वंही मनोज कैवर्त को लेकर एक और अन्य जानकारी भी पुलिस विभाग से प्राप्त हुआ है कि मनोज कैवर्त गॉव के किसी महिला के घर में घुसकर छेड़छाड़ किये हैं जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार में हुआ है जिसमें कार्रवाई कुछ दिनों में होने की बात सामने आ रहा है।आपको बताते चलें कि मनोज कैवर्त अवैध कब्जा कर मकान बनाकर बच्चों के खेल मैदान पर ग्रहण लगा दिया है।अवैध कब्जा के मामले को लेकर नायब तहसीलदार लवन निशा वर्मा ने बताया कि मनोज कैवर्त एवं उनके एक अन्य साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज हुए महीने हो गए हैं।वहीं तहसीलदार लवन किशोर वर्मा ने बताया कि जिसके खिलाफ अवैध कब्जा का मामला दर्ज होने के बाद वह किसी भी पंचायत स्तरीय चुनाव में उम्मीदवारी नहीं कर सकता।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि छेड़छाड़ मामले पर कुछ दिनों में त्वरित कार्रवाई एवं जेल दाखिल की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।


# निकाय निर्वाचन में 325 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

## नाम वापसी के बाद प्रत्याशियों को मिले चुनाव चिन्ह

जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत अभ्यर्थिता से नाम वापसी के बाद स्थिति स्पष्ट हो चुकी है। जिले के एक नगर निगम और पांच नगर पंचायतों सहित छः नगरीय निकायों में 325 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला होगा, जिसके लिए आगामी 11 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए अभ्यर्थिता से नाम वापसी और उसके तत्काल बाद प्रतीक चिन्हों का आबंटन सामान्य प्रेक्षक प्रेमलता चंदेल की उपस्थिति में किया गया। अभ्यर्थिता से नाम वापसी के बाद नगरपालिक निगम में महापौर पद के लिए 8 और नगरनिगम के 40 वार्डों में पार्षदों के 116 प्रत्याशी मैदान में हैं। यहां 148 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें से 2 निरस्त और 30 लोगों ने नाम वापस लिया। इस तरह 116 प्रत्याशी पार्षद पद पर चुनाव लड़ेंगे। नगरपालिक निगम धमतरी में महापौर पद के लिए 14 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया था, जिसमें से दो अमान्य और 4 अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया। इस तरह अब महापौर पद पर चुनाव लड़ने के लिए 8 प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम निर्देशन पत्र निरस्त किए गए उम्मीदवारों में महापौर के प्रत्याशी विजय गोलछा और मितेश जैन हैं। सामान्य प्रेक्षक चंदेल से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय गोलछा, नगरपालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 17-2 पार्षद या महापौर होने के लिए व्यापक निर्हताएं-छ स्वयं या अपने साझेदार द्वारा निगम की आज्ञा से किए जा रहे किसी कार्य में या निगम के साथ या अधीन या द्वारा या उसकी ओर से किए गए किसी अनुबंध या सेवा नियुक्ति में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अंश या हित रखता हो, के अंतर्गत महापौर होने के लिए निर्हरित है। इसी तरह महापौर प्रत्याशी मितेश जैन द्वारा प्ररूप 3-क शपथ पत्र संलग्न नहीं होने के कारण निरस्त किया गया। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्षों के 15 और पार्षदों के 186 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। नगर पंचायत कुरूद में 7 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया थाए जिसमें नाम वापसी के अंतिम दिन 3 अभ्यर्थियों ने नाम वापस ले लिया है। अब यहां 4 अभ्यर्थी चुनावी मैदान में हैं। कुरूद नगर पंचायत के 15 वार्डों के लिए 42 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया, जिसमें से 5 ने अभ्यर्थिता से नाम वापस ले लिया है। इस तरह 37 अभ्यर्थी कुरूद नगर पंचायत के 15 वार्डों के लिए पार्षद चुनाव लड़ेंगे। नगर पंचायत नगरी में अध्यक्ष पद के लिए 3 आवेदनों में से एक अभ्यर्थी ने नाम वापस लिया।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए ईव्हीएम का हुआ रैण्डमाईजेशन



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 अंतर्गत ईव्हीएम से चुनाव हेतु शनिवार क़ो संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी क़क्ष में ईव्हीएम क़ा प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक,कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल शेट्टे सहित विभिन्न राजनीतिक दल के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे। ई व्ही एम के प्रथम रैण्डमाइजेशन में मशीनों का नगरीय निकायों के लिए निर्धारित किया गया जिसमें 419 नग बैलट यूनिट एवं 309 नग कंट्रोल यूनिट शामिल थे। अगले चरण में इन्ही ई व्ही एम का द्वितीय रैण्डमाजेशन होगा जिसमें व्ही एम का मतदान केंद्र निर्धारित होगा। इसके पश्चात उपस्थित अभ्यर्थियों क़ो ईव्हीएम से मतदान प्रक्रिया क़ी जानकारी डेमो ईव्हीएम के प्रदर्शन कर दिया गया तथा उनके जिज्ञासाओ एवं शांकओ का समाधान भी किया गया।

# भव्य राजिम कुंभ कल्प की तैयारी जोरों पर, मुख्य मंच निर्माण हेलीपैड एवं मीना बाजार स्थल का निर्माण कार्य तेजी से जारी

## संभागायुक्त, एमडी टूरिज्म बोर्ड एवं कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण एवं अधिकारियों की बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नए मेला स्थल पर राजिम कुंभ कल्प 2025 की तैयारियां तेजी से जारी है। आयोजन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक राजिम के सर्किट हाउस में सम्पन्न हुई। बैठक में रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे, प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित धमतरी, रायपुर सहित गरियाबंद जिले के वरिष्ठ अधिकारी गण शामिल हुए। बैठक में राजिम कुंभ कल्प मेला भव्य तरीके से आयोजित करने विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बार नया मेला स्थल में राजिम कुंभ कल्प का आयोजन किया जाएगा। नया मेला स्थल में मेलार्थियों के लिए सभी सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। वहां पर मुख्य मंच बनाए जा रहे है। साथ ही दुकान, विभागीय स्टॉल एवं मीना बाजार भी लगाए जाएंगे। लोगों की सुविधा के लिए वृहद स्तर पर पार्किंग की व्यवस्था की जा रही हे। इसके अलावा हेलीपैड भी बनाया जाएगा। बैठक में



संभाग आयुक्त कावरे, प्रबंधक संचालक आचार्य एवं कलेक्टर अग्रवाल ने राजिम कुंभ कल्प की तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए सभी कार्य जल्द शुरू कर 5 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त कावरे ने रायपुर, धमतरी सहित गरियाबंद जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में समन्वय कर सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के अधिकारियों को मेला के संबंध में दिए गए दायित्वों को तत्परता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में पर्यटन विभाग के जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर, धमतरी के अपर कलेक्टर मती रीता यादव, एसडीएम विशाल महाराणा, उप संचालक संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रतापचंद पारख, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता रामेश्वर सिंह, पीएचई के कार्यपालन अभियंता विप्लव घृतलहरे, खाद्य अधिकारी सुधीर गुरू सहित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे। बैठक में संभाग आयुक्त कावरे ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि गंगा आरती स्थल से नए मेला स्थल तक नदी किनारे कनेक्टिंग रोड़, सजावट, लाईटिंग, शौचालय, हाईमास्ट लाईट, कन्ट्रोल रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल के लिए पाईप लाईन, बस स्टैंड से नवीन मेला स्थल तक श्रद्धालुओं को लाने-ले जाने के लिए निर्धारित शुल्क पर बस की व्यवस्था, एम्बुलेंस, स्वास्थ्य सुविधाएं, नया मेला स्थल में पर्याप्त संख्या में दाल भात केंद्र, दुकानों का व्यवस्था, फूड जोन, वन विभाग को बांस बल्ली की व्यवस्था, जलाऊ लकड़ी, साधुओं के लिए कुटिया निर्माण के लिए घास की व्यवस्था, पुलिस विभाग को सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था, सीसीटीवी, कंट्रोल रूम एवं फायर ब्रिगेड आदि की व्यवस्था, साफ -सफाई, कचरा निष्पादन, डस्टबिन की व्यवस्था तथा मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों का रंग रोगन एवं साफ-सफाई के निर्देश दिए गए।

# क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला भिलाई का मनाया गया प्रथम स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com




क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला, गृह (पुलिस) विभाग छत्तीसगढ़ शासन, सेक्टर 4, भिलाई, जिला दुर्ग का प्रथम स्थापन दिवस मनाया गया। स्थापन दिवस के इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर डॉ. पंकज ताम्रकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, एएसपी भिलाई (शहर) सुखनंदन राठौर, एएसपी अभिषेक झा दुर्ग (ग्रामीण) एवं भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंकज ताम्रकार ने कहा कि हम इस प्रयोगशाला का प्रथम स्थापना दिवस मना रहे है, हमने कोशिश की है कि अच्छे से अच्छा करें, डे वन से हमने ये कमेंटमेंट किया था कि हम अपने स्ट्रेंथ को बढ़ाएंगे, यहां पर नारकोटिक्स, बायोलॉजी का काम होता रहा है, नए कार्यों के लिए प्रपोजल भेजा जा चुका है। हम सबसे अच्छा रिजल्ट और त्वरित रिजल्ट दे यही हमारी कोशिश है। डिजिटल फोरेंसिक के लिए भी हम कार्य कर रहे है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने कहा कि एक वर्ष पूर्ण होने पर आप लोगो के द्वारा आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के लिए बधाई। जिस कार्य के लिए हमें रायपुर दौड़ लगानी पड़ती थी वो सुविधा हमारे दुर्ग में अब उपलब्ध है। किसी भी केस को सॉल्व करने में आपकी भूमिका रहती है। मैं आपको सभी को एक सुझाव भी देना चाहती हूं कि आने वाले साल में जब आप ऐसा आयोजन करे तो उसमें एक डाटा साझा करे कि पिछले साल में आपने क्या-क्या काम किया है। जैसे फिल्म को पुरस्कार मिलता लेकिन पर्दे के पीछे के कलाकारों को नहीं देखा जाता है, उसी प्रकार हम लोग किसी को सजा दिला पाते है तो पर्दे के पीछे के कलाकार आप लोग रहते है। आप लोग लगन से, मेहनत से हमारे लिए काम करते है इसके लिए आप लोगों को बहुत बहुत धन्यवाद। एएसपी अभिषेक झा ने कहा कि पहले स्थापना दिवस को सेलिब्रेट करने के लिए आप सभी को बधाई, मै इस प्रयोगशाला के उद्घाटन के समय भी मौजूद था तब की स्थिति अलग थी और आज की स्थिति बहुत अच्छी है और मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले समय स्थितियां और भी बेहतर होगी।

# पुलिस अधीक्षक बालोद एसआर भगत द्वारा थाना राजहरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com





पुलिस अधीक्षक बालोद एस.आर. भगत द्वारा थाना राजहरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का परेड एवं टर्नआउट का निरीक्षण कर थाना में सभी रिकार्ड, रजिस्टर एवं थाना परिसर का भी निरीक्षण किय गया, निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारियों उत्साहवर्धन के लिए उचित ईनाम भी दिया गया। निरीक्षण के दौरान थाना में पेंडिंग अपराध, मर्ग, गुम एवं जनता शिकायत का निकाल हेतू निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना में पदस्थ सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में लगन एवं कड़ी मेहनत करने एवं अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों का थाना परिसर दरबार लगाकर उनकी गुजारिश सुनी गयी एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। साथ ही सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को सशक्त ऐप, ई-साक्ष्य ऐप, सायबर प्रहरी, त्रिनयन एप के उपयोग कें संबंध में भी बताया गया। वार्षिक निरीक्षक में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ.चित्रा वर्मा, निरीक्षक सुनील तिर्की, सउनि सूरज साहू, पुनउ राम साहू, विजय जगत, हिरामन लाल मंडावी एवं समस्त थाना स्टाफभी उपस्थित थे।

# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी द्वारा लोक कल्याणकारी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सम्पन्न किया गया

## सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने पर सत्र-2025

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी/ रायपुर के वाणिज्य संकाय ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के हिस्से के रूप में "सड़क पर सुरक्षित रूप से चलने पर सत्र" का आयोजन कर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता प्रचारित किया। सत्र छात्रों, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों और ड्राइवरों के लिए आयोजित किया गया था। सत्र का उद्घाटन कुलपति डॉ. एस.पी. दुबे. द्वारा दिया गया। सत्र के वक्ता ड्राइविंग और यातायात अनुसंधान संस्थान नया रायपुर छत्तीसगढ़ (आईडीटीआर) के संयुक्त निदेशक अमित गुप्ता थे उन्होंने छात्रों, कर्मचारियों और ड्राइवरों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में शिक्षित करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय को सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों और विनियमों के पालन के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। सभी को इस सार्वजनिक मुद्दे के बारे में जागरूक होने की जरूरत है। सड़कों पर सुरक्षा के लिए सख्त नियम-कायदे जरूरी हैं सभी को वाहन चलाते समय या वाहन का उपयोग करते समय निर्देशों और नियमों का पालन करना चाहिए। हमारा जीवन हमारे हाथ में है इसलिए सड़क का उपयोग करते समय नियमों और उचित निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। इस सत्र में सड़क सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया गया और ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता देने के लिए सड़क सुरक्षा मापदंडों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. रुचि गुप्ता थी। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय द्वारा दिया गया।

### स्वस्थ जीवन के लिए रक्तदान महत्वपूर्ण

31-1-2025 को एम्स रायपुर के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। छात्रों और कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और लगभग 30 प्रतिभागियों ने अपना रक्तदान किया। उपकुलपति डॉ. एसपी दुबे, रजिस्ट्रार डॉ. मनीष उपाध्याय ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. पीडी शर्मा, डॉ. शुभ्रा तिवारी, शशांक दयाल थे। एम्स टीम का नेतृत्व डॉ. धनजय, डॉ. गिरीश और डॉ. विक्रांत ने किया।

# कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 02 मार्च को

**दल्लीराजहरा।** आदिम जाति कल्याण अवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर द्वारा संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालयों में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 02 मार्च को किया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा की पूर्व तिथि 16 फरवरी निर्धारित की गई थी। जिसकी तिथि में संशोधन करते हुए अब प्रवेश परीक्षा का आयोजन 02 मार्च 2025 को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु नियमावली एवं प्रवेश नीति का अवलोकन एवं प्रवेश पत्र की जानकारी वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर किया जा सकता है।

# उदय कॉन्वेंट स्कूल द्वारा आयोजित भव्य वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सम्पन्न किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ कुम्हारी
www.dailypioneer.com



नगर के मध्य स्थित उदय कॉन्वेंट स्कूल, सरस्वती ज्ञान मंदिर, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल कुम्हारी में सामूहिक रूप से आयोजित भव्य वार्षिकोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम से सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ शारदे के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना मुख्य अतिथि विजय बघेल(सांसद दुर्ग) की धर्मपत्नी रजनी बघेल, विक्रम शाह ठाकुर, (अध्यक्ष प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी), मृगनेन्द्र पांडेय एवं दिलीप शर्मा दुर्ग संभाग हेड विस्तार न्यूज़ द्वारा किया गया। बच्चों के साथ उपस्थित अभिभावकगण ने अत्यंत उत्साह, उत्सुकता और कौतुहलपूर्वक वार्षिकोत्सव का भरपूर आनंद लिया।

**वार्षिकोत्सव पर जमकर थिरके स्कूल के बच्चे**-विद्यालय के नन्हें छात्र छात्राओं द्वारा देशभक्ति, लोकनृत्य, छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किए गए। नशा मुक्ति से संबंधित नृत्य एवं नारी उत्थान से संबंधित नृत्य प्रस्तुत कर मन्त्रमुग्ध करते हुए उपस्थित जन समुदाय को जागृत करने का सराहनीय प्रयास किया। कार्यक्रम में सभी ने करतल ध्वनि से बच्चों को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथियों में मीना वर्मा, रितिका यादव योगिता वर्मा, गौरी शंकर, रामप्यारी पटेल, ओम नारायण वर्मा (पूर्व पार्षद), नारायण सोनकर, रामप्यारी पटेल, सूरज सिंह सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि रजनी बघेल ने उपस्थित पालकों, अभिभावकों और विशाल दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन का बच्चों को ही नहीं अपितु पालकों को भी बड़ी बेसब्री से इंतजार रहता है, उन्होंने कहा कि जब हम स्कूल में पढ़ते थे तो हम भी कुछ ऐसा ही महसूस करते थे। उन्होंने स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुम्हारी जैसे छोटे और श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में इस विद्यालय द्वारा कई बच्चों को मुफ्त शिक्षा दी जाती है इसके लिए स्कूल निश्चित ही बधाई का पात्र है। स्कूल समूह के डायरेक्टर जगभान यादव ने कहा कि हमारे इस वार्षिकोत्सव को सम्माननीय अतिथि गण ने अपना बहुमूल्य समय प्रदान कर हमें गौरवान्वित किया विद्यालय परिवार हृदय से आभारी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवम इस प्रकार से आयोजन के माध्यम से बेहतर शिक्षा दी जा सकती है, जिससे बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने में सहयोग मिलता है। यही प्रत्येक स्कूल का उद्देश्य भी होना चाहिए। अजय यादव, (उपाध्यक्ष) प्रेस क्लब कुम्हारी, नारायण सोनकर, सुखित राम धीवर सहित नगर के अनेकानेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में वार्षिकोत्सव समारोह में उपस्थित थे। उदय कान्वेंट स्कूल की प्राचार्या अर्चना वर्मा, सरस्वती ज्ञान मंदिर की प्राचार्या कुमारी गीतांजलि कोसरे, छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रुक्मणी पाचे एवं शिक्षिकाएं जिनमे अर्चना सोनी, सोनम चेलक, यामिनी यादव, शाइना खातून, माधवी कोसरे, देव कुमारी, ममता देवांगन एवं अन्य शिक्षिकाओं ने सक्रिय रूप से उपस्थित रहकर अपने उत्कृष्ट योगदान से कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका का निर्वहन किया।

# विजय सिन्हा बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी का जनसंपर्क

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने आज पूरे जोर शोर से चुनावी मैदान में अपना चुनाव प्रचार का आगाज भाजपा के वार्ड प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं के साथ किया। वॉर्ड नंबर एक दो तीन और चार नंबर वॉर्ड में घर घर जाकर हर एक मतदाता और परिवारिक सदस्य से भेंट मुलाकात कर नगर की जनता से भाजपा के कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा को भारी वोटों से जिताने आशीर्वाद मांगा।चुनावी प्रचार के दौरान विजय सिन्हा का वॉर्ड वासियों द्वारा स्वागत कर आशीर्वाद भी दिया गया। भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने चुनाव मीडिया प्रभारी दीपक पाण्डेय के माध्यम से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा सर्वमान्य राजनीतिक पार्टी है घर घर गांव गांव नगर नगर और शहर में भाजपा के काम काज को देखकर व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।बेमेतरा नगरीय परिक्षेत्र के संपूर्ण और सामूहिक विकास के लिए भाजपा को साथ देने कहा।सबका साथ सबका विकास भाजपा का नारा है और नगर के हर वॉर्ड की समस्या को प्राथमिकता देना मेरा परम कर्तव्य है। विजय सिन्हा ने आगे कहा मैं यहां की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि बेमतरा का उत्तरोत्तर विकास मेरे द्वारा होकर रहेगा और यह मै करके दिखाऊंगा। राज्य शासन की रीति नीति और सहयोग से नगर विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दूंगा।आज देश और राज्य में भाजपा की स्थाई सरकार है जिसका पूरा लाभ और सहयोग नगर पालिका बेमेतरा क्षेत्र को विकास के लिए मिलेगा और नगर की समस्त जनता को मै आश्वस्त करता हूं कि नगर की छोटी से छोटी जनसमस्या को ध्यान देकर उसका निदान करना मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता में रहेगा।भाजपा की जीत जनता की जीत होगी इसलिए मैं आपके द्वार में उपस्थित हुआ हूं।उन्होंने अपने सघन जनसंपर्क में कहा अपने वार्ड के विकास के लिए नगर के 21वार्डों में भाजपा के पार्षद को कमल निशान पर बटन दबा बेमेतरा नगर पालिका में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक जीत बनाएं।

### जनसंपर्क में वार्ड नंबर एक पार्षद प्रत्याशी यशवंत लहरें

वार्ड नंबर 2 प्रत्याशी पुष्पा दुर्गा साहू वार्ड नंबर 3 पार्षद प्रत्याशी पंचू साहू वार्ड नंबर चार पार्षद प्रत्याशी रवि मुलवानी शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू भाजपा नेता अनिल रजक,राजेश शर्मा हर्षवर्धन तिवारी गोलू कोसले नंदू राठी अमरीका निर्मलकर वैभव तिवारी प्रकाश साहू अभिनव ठाकुर संदीप यादव भागीरथी यदु, पूर्व पार्षद लछनी लहरें,प्रभु वर्मा अजय वर्मा गोपी वर्मा आशिक बंजारे, रोहित अनंत, माखन अनंत, सतीश नौरंगे, अशोक साहू, धरमू वर्मा, तारण वर्मा, श्रीराम रजक, संतोष वर्मा, जमुना रजक, सुनीता वर्मा, चकबती वर्मा, नंदू गुप्ता दामोदर गुप्ता शिव प्रसाद पांडे, नंदू राठी, वैभव तिवारी, प्रकाश साहू, गुलापा यादव भगवंतीन सोनी, त्रिवेणी साहू मुन्नी यादव, हेतुल्य सिंह, जैनेन्द्र सिंह,अभिनव ठाकुर, विजय साहू, देवेश तिवारी,सावित्री मराठा, सवाना बाई सेन, योगेश वर्मा नरेश साहू, धर्मेंद्र साहू,सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता साथ रहे

## नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय निर्वाचन 2025: चुनाव की सफलता में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका

# सेक्टर अधिकारियों के ईव्हीएम कमिशनिंग प्रशिक्षण प्रक्रिया संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर आज कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में सेक्टर अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था। प्रशिक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग सहित सेक्टर अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर सुनील झा ने नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से ईवीएम मशीन की कमीशनिंग, संचालन, और सुरक्षा संबंधी प्रक्रियाओं पर गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही, अधिकारियों को यह भी बताया गया कि निर्वाचन के दौरान उनकी जिम्मेदारियां क्या-क्या होंगी। अधिकारियों को ईवीएम की सीलिंग, मतदाता सूची के साथ मिलान और मतदान के दौरान आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई। मतदान केंद्रों की तैयारियों पर विशेष ध्यान सेक्टर अधिकारियों को बताया गया कि वे अपने सेक्टर में आने वाले सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि वहां न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। इनमें बिजली, पानी, फर्नीचर, रैंप, टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही, मतदान कक्ष की व्यवस्था, पहुंच मार्ग की स्थिति और रूट चार्ट तैयार करना भी अधिकारियों के प्रमुख दायित्वों में शामिल है। आदर्श आचरण संहिता और चुनावी प्रक्रिया अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता के पालन के निर्देश भी दिए गए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। मतदान दिवस से पूर्व और मतदान दिवस के दिन किन कर्तव्यों का पालन करना होगा, इस पर विस्तार से चर्चा की गई।

साथ ही, यह भी समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति या गड़बड़ी के समय किस प्रकार की कार्रवाई करनी होगी। चुनाव संबंधी सुरक्षा उपायों और प्रक्रियाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

### चुनाव की सफलता में सेक्टर अधिकारियों की अहम भूमिका

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि सेक्टर अधिकारियों की भूमिका चुनावी प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की स्थिति की समीक्षा कर समय पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी को अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ निभानी होगी ताकि लोकतंत्र की मर्यादा बनी रहे।

# यातायात नियमों का पालन करने हेतु एवं बाल एवं किशोर श्रम उन्मुलन के तहत् चलाया गया अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देशन में 01 फरवरी 2025 को बेमेतरा शहर में अधिकार मित्रों के द्वारा आम जनता के मध्य यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता बढ़ाने बाबत् व बाल एवं किशोर श्रम उन्मुलन के तहत् चलाया गया अभियान। उक्त अभियान के अंतर्गत जनता को मोटर यान अधिनियम के तहत् बिना लाइसेंस, हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाये जाने पर जुर्माने का प्रावधानों से अवगत कराया गया। अभियान के माध्यम से जनता को हिट एड रन स्कीम के तहत् प्राप्त होने वाली क्षतिपूर्ति एवं प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी/थाना प्रभारी द्वारा एफए.आर. की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करने और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी भी अधिकार मित्रों द्वारा प्रदान की गई।

## संपादकीय

### ग्रीनलैंड प्रकरण ट्रंप का प्रयास

**ग्रीनलैंड** अधिग्रहीत करने का ट्रंप का प्रयास गंभीर जोखिम है जिससे क्षेत्र का स्थायित्व व शांति खतरे में पड़ सकती है। पद पर आने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आक्रामक दृष्टिकोण अपनाया है जिससे विश्व व्यवस्था, पहले आर्थिक रूप से और अब दबाव वाली रणनीतियों के कारण खतरे में पड़ गई है। किसी भी प्रकार से डेनमार्क के द्वीप ग्रीनलैंड को अधिग्रहीत करने के उनके प्रयास से अमेरिका और डेनमार्क के बीच तथा संभवत: यूरोप के बीच टकराव पैदा हो सकता है। ग्रीनलैंड अधिग्रहीत करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा डाले दबाव के कारण अमेरिका और डेनमार्क के बीच तनाव पैदा हो गया है। हालांकि, पहले इस विचार को असंभव मान कर खारिज कर दिया गया था, पर ट्रंप के प्रशासन ने इस संसाधनों से समृद्ध आकर्टिक क्षेत्र को अधिग्रहीत करने के लिए दबाव डालना शुरू किया जो अपने स्वायत्त चरित्र के साथ डेनमार्क से जुड़ा है। डेनमार्क ने इस पर सावधानी से प्रतिक्रिया की है, पर उसने अमेरिका के किसी दु:साहस से अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए काफी सैनिक बल तैनात किए हैं। दुनिया के सबसे बड़े द्वीप ग्रीनलैंड का असाधारण रणनीतिक महत्व है। वह 'रेयर अर्थ मैटीरियल्स' से समृद्ध है जो आधुनिक तकनीक तथा रक्षा व्यवस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस प्रकार ग्रीनलैंड वैश्विक प्रतियोगिता का केन्द्र बिंदु बन गया है। चीन का 'रेयर-अर्थ' बाजार पर कब्जा है और अमेरिका ग्रीनलैंड को ऐसे संभावित स्रोत के रूप में देखता है जिससे चीनी सप्लाई पर उसकी निर्भरता कम हो सकती है।



इसके साथ ही ग्रीनलैंड की स्थिति आर्कटिक क्षेत्र में प्रभुत्व जमाने के लिए रणनीतिक स्थल प्रदान करती है। जलवायु परिवर्तन के कारण आर्कटिक की बर्फपिघल रही है जिससे नए जहाजरानी मार्ग खुल रहे हैं और नए-नए संसाधन सामने आ रहे हैं। इसी कारण अमेरिका, रूस और चीन समेत अनेक विश्व शक्तियों ने यहां अपने प्रभावक्षेत्र के विस्तार का प्रयास किया है। इस द्वीप में थुले हवाई अड्डा है जो अमेरिका का प्रमुख सैनिक ठिकाना है जो मिसाइल रक्षा तथा शीघ्र चेतावनी व्यवस्थाओं में केन्द्रीय भूमिका अदा करता है। डेनमार्क ने कठोरता से ट्रंप की महत्वाकांक्षाओं को अस्वीकार करते हुए ग्रीनलैंड की स्वायत्तता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की है। बढ़ते दबाव की प्रतिक्रिया में डेनमार्क ने महत्वपूर्ण सैनिक विस्तार की घोषणा की है। उसने क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 14.6 बिलियन डैनिश क्राउन या 2.05 बिलियन डालर आबंटित किए हैं। नई सैनिक रणनीति में तीन आर्कटिक नौसैनिक जहाज, दो लंबी दूरी वाले ड्रोन तथा उपग्रह निगरानी प्रणालियां खरीदना शामिल हैं। इस सैनिक बढ़ोत्तरी का उद्देश्य अब तक ग्रीनलैंड पर मौजूद सीमित सैनिक उपस्थिति को संबोधित करना है। हालांकि, ग्रीनलैंड को डेनमार्क की संप्रभुता के अंतर्गत अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र का दर्जा प्राप्त है, पर बढ़ती भू-राजनीतिक प्रासांगिकता के कारण यह अब अंतरराष्ट्रीय शक्ति संघर्ष का केन्द्र बन गया है। ऐसे में अमेरिका द्वारा ग्रीनलैंड पर नियंत्रण के प्रयासों के व्यापक प्रभाव होंगे। इससे आर्कटिक भू-राजनीति में नाटकीय परिवर्तन आएगा, शक्ति संतुलन बदल जाएगा तथा संभवत: अमेरिका, डेनमार्क, रूस और चीन के बीच तनाव बढ़ेगा। यूरोपीय संघ ने ग्रीनलैंड के दर्जे में किसी संभावित परिवर्तन पर चिन्ता व्यक्त की है क्योंकि इसका प्रभाव क्षेत्र की सुरक्षा स्थितियों पर पड़ेगा। यह देखना होगा कि क्या ट्रंप द्वारा ग्रीनलैंड अधिग्रहीत करने के प्रयास को गति मिलेगी अथवा यह इतिहास में विलुप्त हो जाएगा। अब ग्रीनलैंड एक महत्वपूर्ण संघर्ष-क्षेत्र बन गया है। इसके कारण एक समय तक शांतिपूर्ण क्षेत्र रहने वाला आर्कटिक वैश्विक संघर्ष में टकराव का नया बिंदु बन जाएगा। यह स्थिति क्षेत्रीय स्थायित्व के साथ ही विश्व शांति के लिए शुभ नहीं कही जा सकती है।

# खैरातों से राजकोषीय विभीषिका

**स्वतंत्र एवं स्वच्छ चुनावों पर खैरातों के हानिकारक प्रभाव पर सर्वोच्च न्यायालय की बार-बार चेतावनियों के बावजूद राजनीतिक पार्टियां उनका प्रस्ताव कर रही हैं।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



दिल्ली में चुनाव प्रचार के शोरशराबे में प्रमुख राजनीतिक पार्टियों का मुख्य तत्व 'खैरातें' हैं जिसका अर्थ 'कुछ मुफ्त देना' है। इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय की दो टिप्पणियों को याद दिलाना जरूरी है। एस. सुब्रमण्यम बालाजी बनाम तमिलनाडु सरकार एवं अन्य में जुलाई, 2013 में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि सभी लोगों को प्रभावित करने वाली किसी प्रकार की खैरातों के वितरण से 'बड़ी सीमा तक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की जड़ों पर प्रहार होता है।' एक दशक बाद 'खैरातों' पर जनहित याचिका-पीआईएल की सुनवाई करते हुए 25 जनवरी, 2022 को सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था, 'निसंदेह यह एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि खैरातों के लिए बजट नियमित बजट से अधिक हो रहा है।'

लेकिन लगता है कि किसी ने इन पर गौर नहीं किया। 2022 के बाद हुए राज्य चुनावों में राजनीतिक पार्टियों ने मतदाताओं को मुफ्त वस्तुयें व सेवायें तथा नकद सहायता देने के मामले में एक दूसरे से प्रतियोगिता कर आश्चर्यचकित किया। इन्होंने चुनाव जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दिल्ली में ये प्रस्ताव 'शिखर' पर पहुंच गए हैं। इनकी शुरुआत वित्त मंत्री आतिशी ने 2024-25 बजट से की थी। आम आदमी पार्टी-'आप' सरकार ने 'मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना'-एमएमएसवाई के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी में 18 वर्ष से अधिक आयु वाली सभी महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह देने की घोषणा की। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व आप के समन्वयक अरविंद केजरीवाल ने हर महिला को एमएमएसवाई के अंतर्गत आय सहायता बढ़ा कर 2,100 रुपये प्रति माह करने का वादा कर दिया।

आप ने सभी अस्पतालों में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी लोगों को मुफ्त चिकित्सा सेवाओं, दलित छात्रों को मुफ्त शिक्षा, सभी छात्रों को मुफ्त बस यात्रा, मेट्रो किरायों में 50 प्रतिशत की रियायम, 10 लाख रुपये का जीवन बीमा, सभी आटो ड्राइवरों व ई-रिक्शा ड्राइवरों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त दुर्घटना बीमा, उनकी बेटियों को विवाह पर एक लाख रुपये की सहायता तथा उनके बच्चों को मुफ्त कोचिंग का वादा किया। इसके साथ ही सभी पुजारियों व ग्रंथियों, आदि को 18,000 रुपये प्रति माह देने का वादा किया गया। पीछे छूटने के भय से भाजपा ने और ज्यादा आकर्षक पैकेज दिया है। उसने 'महिला समृद्धि योजना'-एमएसवाई के अंतर्गत महिलाओं को 2,500 रुपये प्रति माह, गर्भवती महिला को 21,000 रुपये, 500 रुपये में एलपीजी सिलिंडर तथा होली व दीपावली में मुफ्त सिलिंडर, तकनीकी व व्यावसायिक पाठ्यक्रम पढ़ने वाले दलित छात्रों को 1000 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड, केजी से पीजी तक जरूरतमंद छात्रों को मुफ्त शिक्षा, दिल्ली मेट्रो में छात्रों को मुफ्त यात्रा तथा झुग्गी बस्तियों में 'अटल कैंटीनों' के माध्यम से केवल 5 रुपये में पोषक भोजन देने का वादा किया। इसके साथ ही उसने आयुष्मान भारत योजना तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 5 लाख के अतिरिक्त कवर का वादा किया। इसके अलावा भाजपा ने सभी वर्तमान योजनायें जारी रखने का वादा भी दिल्ली के मतदाताओं से किया है।

केंद्र सरकार के वित्तीय निष्ठा मानकों में अन्य चीजों के साथ ही कहा गया है कि 'कोई अधिकारी अपनी शक्तियों का प्रयोग ऐसा खर्च करने या आदेश के लिए नहीं करेगा जिससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सार्वजनिक संपत्ति के खर्च से किसी खास व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को लाभ हो,

> केंद्र सरकार के वित्तीय निष्ठा मानकों में अन्य चीजों के साथ ही कहा गया है कि 'कोई अधिकारी अपनी शक्तियों का प्रयोग ऐसा खर्च करने या आदेश के लिए नहीं करेगा जिससे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सार्वजनिक संपत्ति के खर्च से किसी खास व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को लाभ हो

जब तक कि ऐसा दावा किसी अदालती आदेश या नियम के अंतर्गत स्वीकृत नीति या परंपरा के अनुरूप न किया जा रहा हो।' खैरातों पर खर्च किया जाने वाला करदाताओं का पैसा न स्वीकृत नीति है और न इसका आदेश किसी अदालत ने दिया है। यह गंभीर वित्तीय अनियमितता है जिसका उद्देश्य सार्वजनिक धन से मतदाताओं को रिश्वत देना है जिसका एकमात्र उद्देश्य चुनावी राजनीति में लाभ प्राप्त करना है। इसके बावजूद पार्टियों ने इसे जारी रखा है।

ऐसे में बजट पर इसका क्या प्रभाव होगा? इस संबंध में भाजपा के प्रस्तावों पर गौर करें। दिल्ली में 18 वर्ष से अधिक आयु वाली महिलाओं की संख्या लगभग 67 लाख है। इनको 2,500 रुपये प्रति माह या 30,000 रुपये वार्षिक सहायता देने पर 20,100 करोड़ प्रति वर्ष खर्च होगा। इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं की संख्या 15 लाख से अधिक है, इनको प्रति महिला 21,000 रुपये देने पर कुल खर्च प्रति वर्ष 3,150 करोड़ रुपये होगा। एलपीजी सब्सिडी के संबंध में यदि प्रत्येक परिवार 4 सिलिंडर खर्च करे तथा होली और दीपावली में उसे मुफ्त सिलिंडर दिए जाएं तो दिल्ली के 82.5 लाख परिवारों के चलते वार्षिक 2500 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केजी से पीजी तक छात्रों को मुफ्त शिक्षा पर भी भारी खर्च होगा। दिल्ली की जनसंख्या का 9.91 प्रतिशत 2011-12 में गरीबी रेखा के नीचे था।

इस प्रकार वर्तमान जनसंख्या में 33 लाख गरीब हैं। इनमें 3-25 वर्ष के पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 11 लाख है। यदि भारत में बच्चे की शिक्षा पर औसत खर्च 20,000 रुपये प्रति माह मान लिया जाए तो इस मद में हर साल 2200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। केवल इन चार गारंटियों के कारण दिल्ली सरकार के बजट पर 27,950 करोड़ का बोझ पड़ेगा। अन्य खैरातों से आंकड़ा कई हजार करोड़ तक पहुंच जाएगा। दिल्ली सरकार की वित्तीय स्थिति पहले ही खराब है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खर्च 76,000 करोड़ रुपये था, जबकि कुल राजस्व लगभग 58,000 करोड़ ही था। इस प्रकार राजकोषीय घाटा 18,000 करोड़ हो जाएगा जो वित्त वर्ष 2023-24 में 10,000 करोड़ के घाटे से 80 प्रतिशत अधिक है। यह घाटा बजट अनुमानों में पूंजीगत खर्च में 30 प्रतिशत की भारी कमी के बावजूद है।

दिल्ली सरकार पर वर्तमान समय में 40,000 करोड़ रुपये का कर्ज है। लेकिन बात केवल इतनी नहीं है। इनके अलावा दिल्ली जल बोर्ड-डीजेबी पर 70,000 करोड़ तथा दिल्ली परिवहन निगम-डीटीसी पर 10,000 करोड़ कर्ज है। इन कर्जों की अदायगी केवल राज्य राजधानी क्षेत्र सरकार पर है। इससे दिल्ली का कुल कर्ज 120,000 करोड़ रुपये हो जाता है। स्थिति इतनी खराब हो गई है कि मुख्यमंत्री आतिशी ने केन्द्र सरकार से राष्ट्रीय अल्प बचत फंड-एनएसएसएफसे 10,000 करोड़ रुपये कर्ज दिलाने की मांग की है। राज्य की खराब वित्तीय स्थिति का संबंध खैरातों से है जिन पर 2024-25 में 11,000 करोड़ से अधिक खर्च होगा। यदि इसमें चुनाव के दौरान दी गई 30,000 करोड़ की गारंटियों को जोड़ दिया जाए तो केवल खैरातों के कारण सरकारी खजाने पर वार्षिक 41,000 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। इससे दिल्ली सरकार का राजकोषीय घाटा लगभग 50,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। इस प्रकार कुल कर्ज 150,000 करोड़ हो जाएगा। लेकिन स्थिति केवल यहीं तक सीमित नहीं रहेगी। जब लोगों को 'खैरातों' की आदत पड़ जाती है तो वे सभी पार्टियों से ज्यादा से ज्यादा की मांग करने लगते हैं। ऐसे में कट्टर सुधारवादी तथा राजकोषीय अनुशासन के पक्षधर प्रधानमंत्री मोदी को भी मजबूरी में 'खैरातों' की घोषणायें करनी पड़ती हैं। इसका मूल कारण केजरीवाल की राजनीति है।

इससे चीजें और खराब होंगी। जब लोगों को अपने घर पर पैसा मिलने लगेगा तो उनमें से बहुत से काम करना बंद कर देंगे। इसके साथ ही करदाता भी कर देना पसंद नहीं करेंगे क्योंकि वे अपनी कमाई इन खैरातों पर खर्च होने से बहुत दु:खी होंगे। इस प्रकार 'खैरातें' धन का ऐसा दुरुपयोग है जिसका प्रगति में कोई योगदान नहीं होता है। यदि यही स्थिति रही तो राष्ट्रीय राजधानी को राजकोषीय घाटे की भयानक विभीषिका का सामना करना पड़ेगा।

# भारतीय अर्थव्यवस्था पर ट्रंप का प्रभाव

> "नीतियों और प्रभाव के बारे में ज़्यादातर चर्चा व्यापार, रक्षा और विदेशी संबंधों जैसे पारंपरिक उद्योगों पर केंद्रित रही है। ट्रंप का प्रभाव इन क्षेत्रों से परे भी फैल सकता है।"

**कुमारदीप बनर्जी**
(लेखक, विदेशी मामलों पर टिप्पणीकार हैं)



संयुक्त राज्य अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी और वैश्विक राजनीति दोनों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। जबकि उनकी नीतियों और प्रभाव के बारे में ज़्यादातर चर्चा व्यापार, रक्षा और विदेशी संबंधों जैसे पारंपरिक उद्योगों पर केंद्रित रही है, ट्रंप का प्रभाव इन क्षेत्रों से परे भी फैल सकता है, ख़ास तौर पर भारत जैसी अर्थव्यवस्थाओं तक।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे तेज़ी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में, भारत ट्रंप के राष्ट्रपति पद के बाद के कार्यों और उनके राजनीतिक रुख़ के मद्देनज़र चुनौतियों और अवसरों दोनों का अनुभव करने के लिए तैयार है। यहां इस बात पर एक नज़दीकी नज़र डाली गई है कि ट्रंप भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को कैसे आकार दे सकते हैं।

व्यापार नीतियां और डिजिटल शुल्क - ट्रंप की अमेरिका फ़र्स्ट नीति ने व्यापार के लिए ज़्यादा संरक्षणवादी दृष्टिकोण पेश किया, जिसका ध्यान आयात को कम करने और अमेरिकी कंपनियों के लिए अनुकूल शर्तें सुनिश्चित करने पर था। भारत ने अपने डिजिटल स्पेस का तेज़ी से विस्तार देखा है, ख़ास तौर पर वैश्विक तकनीकी दिग्गजों और स्टार्टअप के साथ।



हालांकि, अगर ट्रंप या उनके राजनीतिक सहयोगी विदेशी तकनीकी निवेशों पर नए शुल्क या प्रतिबंध लगाने पर ज़ोर देते हैं - या भारत में संचालित डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर जांच बढ़ाते हैं - तो इससे व्यापारिक संबंध जटिल हो सकते हैं। हालांकि इससे भारत के स्वदेशी तकनीकी क्षेत्र को लाभ हो सकता है और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने और अमेरिकी कंपनियों पर निर्भरता कम करने के लिए ऐसे परिदृश्यों का लाभ उठाया जा सकता है, यह निश्चित रूप से अमेरिका-भारत के द्विपक्षीय व्यापार के लिए बुरा होगा। भू-राजनीतिक तनाव और डिजिटल संप्रभुता एक अन्य क्षेत्र जहां ट्रम्प का प्रभाव महसूस किया जा सकता है वह है डिजिटल संप्रभुता का क्षेत्र। ट्रम्प के पहले के प्रशासन ने अक्सर चीनी प्रौद्योगिकी कंपनियों के खिलाफ रुख अपनाया। भारत ने भी चीनी ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई करके इसका अनुसरण किया है और डिजिटल संप्रभुता की बहस जारी रहने की संभावना है। क्या ट्रम्प के प्रभाव के परिणामस्वरूप डिजिटल स्पेस में यूएस-भारत गठजोड़ मजबूत होता है, यह डेटा गोपनीयता नियमों, स्थानीय डेटा भंडारण जनादेश और अपने डिजिटल बुनियादी ढांचे पर अधिक नियंत्रण के लिए भारत के अभियान को तेज कर सकता है अमेरिका-भारत रणनीतिक डिजिटल गठबंधन - ट्रम्प के तहत, अमेरिका-भारत संबंधों में आम तौर पर रणनीतिक सहयोग में वृद्धि देखी गई, विशेष रूप से रक्षा, प्रौद्योगिकी और व्यापार में। ट्रम्प के बाद, यह संरेखण और भी बढ़ सकता है।

पारंपरिक और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में अग्रणी के रूप में, अमेरिका में उच्च तकनीक उद्योगों को प्राथमिकता देने की ट्रम्प की विरासत भारतीय कंपनियों के लिए अनुसंधान और विकास में अमेरिकी फर्मों के साथ सहयोग करने के अवसर पैदा कर सकती है। भारत के लिए, इसका मतलब एआई, 5 जी, क्वांटम कंप्यूटिंग और ब्लॉकचेन जैसे क्षेत्रों में अत्याधुनिक तकनीकों तक पहुंच हो सकता है।

इस तरह के सहयोग से भारत की डिजिटल अवसंरचना क्षमताओं में वृद्धि हो सकती है, जिससे यह वैश्विक बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकता है। ई-कॉमर्स विकास को बढ़ावा देना - ट्रम्प की नीतियों ने विशेष रूप से निजी क्षेत्र में व्यापार विकास का पक्ष लिया। विनियमन, कर कटौती और उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के उनके दृष्टिकोण का भारतीय व्यवसायों द्वारा लाभ उठाया जा सकता है, विशेष रूप से ई-कॉमर्स क्षेत्र में। जबकि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था पर डोनाल्ड ट्रम्प का प्रभाव सीधा नहीं है, उनकी नीतियां, विरासत और राष्ट्रपति पद के बाद की कार्रवाइयां भारत सहित वैश्विक डिजिटल बाजारों में लहर प्रभाव पैदा कर सकती हैं।

चाहे वह सख्त आव्रजन प्रतिबंधों, भू-राजनीतिक स्थिति या व्यापार संबंधों में बदलाव के माध्यम से हो, भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को चुनौतियों और अवसरों दोनों का लाभ उठाते हुए चुस्त रहना चाहिए। भारत का उभरता हुआ तकनीकी परिदृश्य मजबूत है और वैश्विक परिवर्तनों के अनुकूल होने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## आप की बात

### अंगूर खट्टे हैं

**लगता** है प्राचीन पार्टी के सुप्रीमों और उनके साहबजादे ने सत्ता पाने की भरसक कोशिश की असफलता के बाद वाणी संयम ही को दिया है. देश की प्रथम महिला रूपी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संसद के दोनों सदनों के ज्वाइंट अभिभाषण पर निंदनीय टिप्पणी करते हुए सोनिया गांधी ने कहा कि बेचारी (मुर्मू) भाषण पढ़ते-पढ़ते थक गईं हैं और राहुल गांधी ने भाषण को बोरिंग बताया. जिसकी भाजपा नेताओं के कड़ी निंदा की और कहा कि यह देश की प्रथम महिला का अपमान हैं. महिला द्वारा महिला का अपमान करना आखिर सोनियागांधी के लिए कितना उचित है? दूसरे राहुल गांधी कौनसे विद्वतापूर्ण वक्तव्य देते हैं जनसभाओं और अपनी टिप्पणियों में. कई बार वे अपनी नासमझी रूपी टिप्पणियों के लिए परिहास का कारण भी बन चुके हैं। साथ ही संसद में भी विचित्र अभिनय करके भी वे लोगों में हंसी का पात्र बन चुके हैं। दोनों नेताओं को जो कि देश की बागडोर संभालने का सपना देख रहे हैं उन्हें कम से कम अपनी वाणी को सुधार लेना चाहिए ताकि उनकी छबि जनता के बीच सुधरे. लगता है अथक प्रयासों के बाद भी 11 वर्षों से सत्ता से दूर रहने के कारण दोनों को सत्ता-दु:ख सत्ता रहा है. मसलन सत्तारूपी अंगूर नहीं मिल रहे हैं तो वे बेमतलब की टिप्पणी करके कह रहे हैं खट्टे हैं।

– **शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### इतिहास रचने की तैयारी

**तकनीकी** जगत में भारत ने एक नया इतिहास रचने की तैयारी कर ली है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि भारत आगामी 10 महीनों में अपना खुद का एआई फाउंडेशनल मॉडल विकसित करेगा। यह कदम भारत को चैट जीपीटी और डीप सीक जैसे वैश्विक मॉडलों के समकक्ष खड़ा करेगा, जिससे देश की डिजिटल शक्ति और आत्मनिर्भरता को नया आयाम मिलेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि डीप सीक को जल्द ही भारतीय सर्वर पर लाने की योजना बनाई गई है। यह निर्णय डेटा सुरक्षा और राष्ट्रीय गोपनीयता के लिहाज से मील का पत्थर साबित होगा। यह भारतीय उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और स्वदेशी एआई तकनीक का लाभ उठाने का अवसर देगा। सरकार का यह संकल्प न केवल तकनीकी क्षेत्र में भारत की धमक बढ़ाएगा, बल्कि एआई इनोवेशन, स्टार्टअप्स और शोध को भी नया जीवन देगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यमिता और विज्ञान जैसे क्षेत्रों में एआई क्रांति देखने को मिलेगी। भारत अब केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का अगुवा बनने की राह पर है। यह डिजिटल युग में भारत की सशक्त उपस्थिति का प्रमाण है। अब दुनिया देखेगी—भविष्य एआई का है, और एआई का भविष्य भारत में गढ़ा जा रहा है।

– **आर के जैन, बड़वानी**, मप्र

### विचारणीय प्रश्न

**यदि** इस पर कानून बन जाए कि सरकारी नौकरी पति - पत्नी में से किसी एक को ही मिलेगी तो बेरोजगारी का किसी सीमा तक समाधान हो सकता है। समाज में यह असन्तुलन बहुत खटकता है कि किसी परिवार मे तो पति-पत्नी दोनों ही सरकारी नौकरी में हैं और किसी परिवार में पति- पत्नी दोनों योग्य और सुशिक्षित होते हुए भी निजी संस्थानों में मामूली वेतन पर नौकरी करने को विवश हैं, जबकि उनके परिवार की पृष्ठभूमि भी आर्थिक रूप से अत्यन्त कमजोर होती है। तर्क दिया जा सकता है कि जो योग्य होते हैं उनका ही चयन नौकरी के लिए होता है।ऐसा नहीं है, निजी संस्थानों व विद्यालयों में काम करने वाले कितने ही युवक - युवतियां ऐसे मिलेंगे जिनकी योग्यता के आगे सरकारी संस्थानों में काम करने वाले कहीं नहीं टिकते। दूसरे 90 प्रतिशत सरकारी नौकरी करने वाले पति-पत्नी की आर्थिक रूप से पृष्ठभूमि पहले से ही समृद्ध होती है। जिसके रहते ही उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं।कहीं बार टी वी चैनलों पर सरकारी शिक्षक/ शिक्षिकाओं की योग्यता के उदाहरण दिखाएं भी जाते रहते हैं। बेसिक शिक्षा में तो 90 त्न महिलाएं ही हैं। जिनमें से अधिकांश के पति या तो किसी अच्छे सरकारी पद पर होते हैं या अच्छे व्यवसायी। अत: यदि सरकार इस सुझाव पर गम्भीरता से विचार करले तो बेरोजगारों के लिए पर्याप्त रोज़गार के अवसर पैदा हो सकते हैं।

– **डॉ नरेंद्र टोंक**, मेरठ

### अभद्र टिप्पणी

**संसद** में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की अभद्र टिप्पणी कांग्रेस की मानसिकता की द्योतक तो है ही किन्तु भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद का वीभत्स निरादर व अपमान है जिसके प्रति भारत सरकार और संविधान की संरक्षक सुप्रीम कोर्ट को गम्भीर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस नेतृत्व पर यथोचित दंडात्मक क्रिया अपेक्षित है। इसमें सन्देह नहीं कि कांग्रेस के सर्वोच्च परिवार ने परिवार के अतिरिक्त किसी भी पदासीन व्यक्तियों का यथोचित सम्मान नहीं किया, वो चाहे ज्ञानी जैल सिंह हों, नरसिंह राव हों अथवा प्रणव मुखर्जी। कांग्रेस के दलित अध्यक्ष सीताराम केसरी का अपमान कांग्रेस कार्यालय में हुआ और कांग्रेसी पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव के शव का भी अपमान कांग्रेस के कार्यालय में हुआ। मनमोहन सिंह क्योंकि परिवार की गुलामी से ही संतुष्ट थे इसलिए 10 वर्ष सोनिया गांधी के आदेश का पालन करने वाले प्रधानमंत्री रह गए ।वर्तमान अध्यक्ष खड़गे भी जब तक परिवार के प्रति नतमस्तक हैं तभी तक तो रहेंगे पद पर। यही है सोनिया राहुल प्रियंका कांग्रेस की वस्तुस्थिति। किन्तु राष्ट्रपति का निरादर अब सहन नहीं होना चाहिए।

– **डॉ जय प्रकाश**, अंबाला छावनी

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कल्पना योगेश तिवारी ने पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से लिया नामांकन पत्र

## क्षेत्र की जनता का सेवा का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत कार्यालय से शुक्रवार को कल्पना योगेश तिवारी ने भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी ने जिला पंचायत नं 14 बेरलाकला से नांमकन फार्म लिया। इस दौरान उनके समर्थको की भीड़ लगी रही. बेरला क्षेत्र में मेरे पति योगेश तिवारी बेमेतरा, बेरला हमेशा जन सरोकार के कार्यों में लगे रहे. उनके जन सेवा से प्रभावित होकर क्षेत्र के विकास में जुटे रहे। अब उनसे प्रेरणा लेकर अब हम दोनों मिलकर गांव की समस्याओं को दुर कर विकास योजनाओं का पंचायत स्तर पर पंहुचा कर आम जन की सेवा करेंगे. ऐसे में भी पिछले तीन चार सालों से समाज सेवी के रुप में कार्य कर रही हुं और पिछले आठ महीनों से मां गोदावरी सेवा आंनद आश्रम में बुजुर्गों माता पिता की सेवा कर रही है. आगे भारतीय जनता पार्टी के ने आशीर्वाद दिया और भरोसा जताते हुए बेरलाकला क्षेत्र क्रमांक 14 से प्रत्याशी अधिकृत किया है। इसके लिए पार्टी की आभारी हूं। पीयूष शर्मा, वेद सिंह,सागर यादव,अमन शर्मा,नंदु गुप्ता, नंदु राठी, ओम शर्मा, मृत्युंजय, राहुल साहू समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# यातायात नियमों का पालन करने हेतु बाल एवं किशोर श्रम उन्मुलन के तहत् चलाया गया अभियान



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के मार्गदर्शन एवं निधि शर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के निर्देशन में दिनांक 1.02.2025 को बेमेतरा शहर में अधिकार मित्रों के द्वारा आम जनता के मध्य यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूकता बढ़ाने बाबत् व बाल एवं किशोर श्रम उन्मुलन के तहत् चलाया गया अभियान। उक्त अभियान के अंतर्गत जनता को मोटर यान अधिनियम के तहत् बिना लाइसेंस, हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन चलाये जाने पर जुर्माने का प्रावधानों से अवगत कराया गया। अभियान के माध्यम से जनता को हिट एड रन स्कीम के तहत् प्राप्त होने वाली क्षतिपूर्ति एवं प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफ.ए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी / थाना प्रभारी द्वारा एफ.ए.आर. की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करने और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी भी अधिकार मित्रों द्वारा प्रदान की गई। बाल एवं किशोर श्रम उन्मुलन अभियान के तहत् बेमेतरा शहर के चौपाटी व सिंग्नल चौक के हॉटलों में दो बाल श्रमिक कार्यरत् पाये गये। प्राधिकरण के द्वारा चाईल्ड लाईन विभाग के साथ समन्वय स्थापित किया गया। विभाग द्वारा मौके पर हॉटल मालिको के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

# बजट में मध्यम वर्ग की बल्ले बल्ले, जेब भरने वाला बजट : प्रज्ञा निर्वाणी



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा केंद्रीय बजट में राष्ट्र की आर्थिक प्रगति और सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है ज़िला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक, उद्यमी और किसान के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देता है,सरकार द्वारा कर-संबंधी प्रावधानों में 12 लाख तक दी गई राहत मध्यम वर्ग को आर्थिक संबल प्रदान करेगी, मध्यम वर्ग की बल्ले बल्ले हो गई है जिससे उनके उपभोग और क्रय क्षमता में वृद्धि होगी ,बाजार और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा और स्टार्टअप सेक्टर में बढ़ाए गए निवेश से नए अवसर सृजित होंगे और साथ ही साथ युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। कृषि क्षेत्र के लिए घोषित योजनाएँ किसानों की आय को दोगुना करने में सहायक होंगी, जबकि डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने से नवाचार और उद्यमिता को नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी। समग्र रूप से यह बजट संतुलित, समावेशी और दीर्घकालिक आर्थिक विकास की दिशा में प्रभावी साबित करने वाला है मध्यम वर्ग को सबसे ज़्यादा राहत देने वाला बजट है सरकार के इस दूरदर्शी प्रयास की सराहना पूरे देश में हो रही है यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं।

# नगरीय निकाय के अभ्यर्थियों की बैठक आयोजित

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देश पर अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ों ने नगरीय निकाय के अभ्यर्थियों की बैठक ली। बैठक में निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा किए जाने वाले कार्यो के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विनय पोयाम, पैकरा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी गीता रायस्त सहित अध्यर्थी, राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो ने अभ्यर्थियों को चुनावी प्रक्रिया के सभी पहलुओं के बारे में बताया और चुनाव प्रचार के दौरान लागू होने वाले नियमों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी को आदर्श आचार संहिता का पालन करना होगा। बैठक में चुनाव प्रक्रिया के दौरान होने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें मतदान, प्रचार-प्रसार, चुनावी खर्च, और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई। अभ्यर्थियों को बताया गया कि चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए सभी को प्रशासन के निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा। अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो ने अभ्यर्थियों से यह भी अनुरोध किया कि वे चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए चुनावी कार्यों को निष्पक्ष रूप से निभाना होगा। बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के मतदान केंद्रों में मोबाइल फोन, कार्डलेस फोन, वायरलेस सेट एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जानता पार्टी के प्रत्याशी विजय सिन्हा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बेमेतरा विधायक दीपेश साहू जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू ने रिबन काटकर किया उक्त अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की हम ही बनाये है हम ही सवारेगे चाहे वो छत्तीसगढ़ राज्य की बात हो या बेमेतरा जिले का निर्माण हो भाजपा ने किया है अब हमे बेमेतरा नगर को स्वक्ष बनाना है और प्रत्येक घर मीठा जल पहुंचाकर महानगर की तर्ज में सुव्यवस्थित विकास करने के लिए सभी वार्डो में भाजपा को जिताने की अपील की कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुवे जिला अध्यक्ष अजय साहू ने कहा की बेमेतरा शहर मंडल के सभी कार्यकर्त्ता कमर कस के लग जाये और परिश्रम की पराकाष्ठा को पार करके नगर के सभी वार्डो में कमल खिलाने को जुट जाये क्योकि पार्षद से पार्लियामेंट तक भाजपा को लाना है तभी सर्वांगीण विकास संभव है. भाजपा प्रत्याशी विजय सिन्हा ने कहा की नगर के सुव्यवस्थित और सर्वांगीण विकास के. लिए एक ही विकल्प है कमल का फूल केंद्र ,से राज्य तक मोदी और विष्णुदेव का सुशाशन चल रहा है बेमेतरा में भ्रस्ट कांग्रेस को उखाड फेकना है कार्यकर्ताओ को प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल , पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेंद्र शर्मा , किसान नेता योगेश तिवारी ने सम्बोधित किया इस अवसर में नगर पालिका के चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी , शहर मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू होरीलाल सिन्हा , राजू देवांगन , ललिता साहू सहित सभी वार्डो के प्रत्याशी और सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्त्ता उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन प्रवीण नीलू राजपूत ने किया आभार प्रदर्शन मोती लाल साहू मंडल अध्यक्ष ने किया उक्त जानकारी कार्यालय प्रभारी अमरीका निर्मलकर ने दिया।

# स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता



पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय सिंघौरी बेमेतरा में एक दिवसीय वार्षिक खेलकुद का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की प्राचार्य रामगोपाल चंद्राकर ने बताया कि खेलकूद मानव जीवन का एक अभिन्न अंग और व्यक्तित्व एवं चारित्रिक विकास में सहायक होता है। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जिससे वातावरण अति मनोरंजक व उत्साहपूर्ण हो गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है । स्कूल के पीटीआई शिक्षक आशीष तिवारी द्वारा बच्चों के लिए बहुत ही मनोरंजक खेल लेमन रेस, बैलून रेस, मार्बल बॉल,स्पून रेस सेक रेस,रोप रेस ,मेकअप रेस तथा रिले रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण योगदान है और साथ ही खेल से बच्चों में सहयोग की भावना का विकास होता है। खेलकूद से बच्चे शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ होते हैं।

# कलेक्टर ने दुल्लापुर हायर सेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने पंडरिया विकासखंड के ग्राम दुल्लापुर स्थित हायर सेकंडरी स्कूल का निरीक्षण कर शैक्षणिक और आधारभूत व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और प्राचार्य के साथ बैठक कर आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी और स्कूल में चल रहे शिक्षण कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि 15 फरवरी तक सभी विषयों का पाठ्यक्रम पूरा कर लिया जाए। इसके बाद छात्रों के लिए व्यवस्थित रूप से पाठ्यक्रम की रिवीजन कक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के परिणाम बेहतर लाने के लिए शिक्षकों को अतिरिक्त प्रयास करना होगा। कलेक्टर ने बच्चों की पढ़ाई और उनकी स्थिति को समझने के लिए साप्ताहिक परीक्षा आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे छात्रों की कमजोरियों का आकलन किया जा सकेगा और उन्हें समय रहते सुधारने में मदद मिलेगी। कलेक्टर ने इस दौरान स्कूल के शौचालयों का भी निरीक्षण किया और उनकी साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राचार्य से कहा कि शौचालय हमेशा पूर्ण रूप से साफ-सुथरे रहने चाहिए। इसमें लापरवाई नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि स्कूल का अच्छा परिणाम सुनिश्चित करना सभी शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# टाउनशिप के 13 जगहों पर लगाया गया सोलर ब्लिंकर

पायनियर संवाददाता ∢ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दल्ली राजहरा खदान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार के निर्देशानुसार नगर प्रशासक महाप्रबंधक मंगेश सेलकर के मार्गदर्शन में इलेक्ट्रिकल विभाग के शैलेंद्र पाल सिंह (सहायक महाप्रबंधक) अतुल कालेश (सहायक महाप्रबंधक) , ओपी सोनी (सहायक प्रबंधक) एवं शीरीश शुक्ला (वरिष्ठ प्रबंधक) एवं टाउनशिप इलेक्ट्रिकल विभाग के कर्मचारी के सहयोग से बीएसपी टाउनशिप के अंदर विभिन्न 13 जगह जिसमें मंगल भवन के पास, ओपन थिएटर चौक, नगर प्रशासक चौक, क्रिकेट ग्राउंड के पास, फुटबॉल ग्राउंड चौक दास पान ठेला के पास, 6 नंबर स्कूल के पास सोलर ब्लिंकर लगाया गया है। नीतेश छत्री (वरिष्ठ प्रबंधक) ने जानकारी देते हुए बताया कि सोलर ब्लिंकर के उपयोग से बाहर से आने वालों को रोड की सही जानकारी मिलेगी साथ ही लाल रंग की लाइट के बंद चालू होते रहने से दुर्घटनाएं में भी कमी आएगी। सोलर ब्लिंकर ट्रैफिक लाइट की खासियत यह है कि विद्युत कनेक्शन नहीं होने के बावजूद सौर ऊर्जा से चलने के कारण रात मे भी जलता है। राजहरा टाउनशिप क्षेत्र के 13 विभिन्न जगह पर सोलर ब्लिंकर ट्रैफिक लाइट लगाया गया है। यह सोलर ब्लिंकर ट्रैफिक लाइट उस जगह को चिन्हान्कित करके लगाया गया है जहाँ या तो तिराहा, चौराहा हो या कोई अंधा मोड़ हो जिससे कि आने जाने वाले लोग दूर से ही सतर्क हो जाये। सतर्क होने के साथ या तो वे हॉर्न दे या फिर अपनी गाड़ी की गति को धीमा करें। जिससे कि सडक दुर्घटना को कम किया जा सकेगा।

# नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 : कवर्धा नगर पालिका निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 11 पार्षद पद के अभ्यर्थियों ने वापस ली अपनी उम्मीदवारी



पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो, कवर्धा एसडीएम आकांक्षा नायक ने आज नगरीय निकायों के लिए अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित करने की कार्रवाई की। नाम वापसी के आखिरी दिन यानी 31 जनवरी 2025 को कवर्धा नगर पालिका के अंतर्गत कुल 11 पार्षद पद के अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली। नाम वापसी की प्रक्रिया के तहत इन अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लिया। नगरीय निकाय चुनाव में उम्मीदवारी वापस लेने वाले अभ्यर्थी में वार्ड नं. 02 से कमलेश द्विवेदी, वार्ड नं. 06 से जितेन्द्र चंद्रवंशी , वार्ड नं. 14 से इमरान खान, वार्ड नं. 21 से धनवंती (पिंकी) पांडे, नसीमा खान, वार्ड नं. 22 से दुर्गेश ठाकुर, अश्वनी सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर , वार्ड नं. 23 से जियाउद्दीन, वार्ड नं. 24 से रामकुमारी साहू और वार्ड नं. 27 से अश्वनी कुमार बघेल ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली है। इस कार्रवाई के बाद अब नगर पालिका चुनाव के लिए कुल अभ्यर्थियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है।

# उतई में राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन आज

पायनियर संवाददाता ∢ उतई
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन जागृति साहित्य समिति उतई द्वारा 2 फरवरी रविवार को दोपहर 12 बजे से गांधी चौक उतई में किया गया है। कार्यक्रम में गीत गजल कविता के साथ 25 कवियों का सम्मान किया जाएगा। जिसमें राजेश चौहान रायपुर, परमानंद करियारे जांजगीर, लालजी साहू भिलाई, गिरधारी लाल चौहान सक्ति, चंद्रप्रकाश तिवारी कोटा, भावेश देशमुख खैरागढ़, विनोद तिवारी कवर्धा, इंद्रेश साहू पटेवा, लखन साहू चरोदा, देवेंद्र उपाध्याय बिलासपुर, कंचन बाला भिलाई, लतीफ खान दल्लीराजहरा, गीता नायक बिलासपुर, मनिहार सिंह निराला बिलासपुर, रविन्द्र नाथ सरकार रायपुर, राजेंद्र साहू बैकुंठ, खिलेश्वरी साहू बालोद, गुलाब सिंह कंवर खरसिया, जय सिंह पैकरा मस्तुरी, शशि तिवारी कुम्हारी, सविता कुर्रे पाटन, माधवी गनवीर डोंगरगांव, मगध रविन्द्र जांजगीर चांपा व सीमा साहू बोरसी कविता पाठ करेंगे। यह जानकारी डॉ रमाशंकर सोनी ने दी।

# 28 गुड सेमरिटन्स और 65 स्कूली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो भेंटकर किया

## यातायात माह के दौरान 2 स्थानों में लर्निंग लायसेंस शिविर का आयोजन कर 257 व्यक्तियों का बनाएं गए लर्निंग लायसेंस







पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com

35वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह नगर के यातायात कार्यालय बालोद के सामने आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के आयोजन उद्देश्य सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा, आम जनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर ने विगत दिनों पुलिस व परिवहन विभाग बालोद द्वारा आयोजित लर्निंग लायसेंस शिविर को सराहनीय पहल करने हेतु बधाई दी एवं अपने संबोधन में बताया की वाहन चालक संयमित गति से वाहन चलाने एवं हेलमेट लगाकर वाहन चलाने हेतु अपील किया। पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने कहा की सड़क हादसों में कमी लाने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना बहुत जरूरी है, बहुत से लोग नियमों का पालन नहीं करने के कारण दुर्घटना का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते है युवाओं से बिना लायसेंस वाहन नहीं चलाने, शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। पद्मश्री एवं समाज सेविका शमशाद बेगम महिला कमांडों के साथ उपस्थिति रही कार्यक्रम के दौरान इन्होने लोगों से यातायात नियमों को पालन करने की अपील किया गया एवं गांवों में महिला कमांडों के द्वारा लगातार सड़क सुरक्षा माह के दौरान अभियान चलाकर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों जैसे हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने, तीन सवारी मो.सा. वाहन नहीं चलाने एवं शराब पी कर वाहन नहीं चलाने की समझाईश दिया गया है।

### 257 व्यक्तियों का बनाया गया लर्निंग लाइसेंस

कार्यक्रम के दौरान 28 गुड सेमेरिटन्स नेक व्यक्तियों जिन्होने सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने के फलस्वरूप एवं निबंध, रंगोली, स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य कराने वाले 65 स्कूली छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेन्टो से सम्मनित किया गया। 35वां सड़क सुरक्षा माह के दौरान हेलमेट रैली, बालोद एवं संजारी, देवरी में लर्निंग लायसेंस बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 257 व्यक्तियों का लर्निंग लायसेंस बनाएं गए। 50 वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। वाहन चलकों को यातायात विभाग बालोद द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए निःशुल्क हेलमेट का वितरण किया गया। सड़क सुरक्षा माह के दौरान परिवहन विभाग बालोद एवं यातायात पुलिस बालोद द्वारा संयुक्त रूप से 38 स्कूली बसों का जांच शिविर आयोजित किया गया है। यातायात माह के दौरान गांव के हाट बजारों मेला मंडाई में यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित कर पाम्पलेट वितरण किया गया है।

### यातायात नियमों का पालन करने किया गया प्रेरित

सड़क सुरक्षा माह के दौरान महावीर इंग्लिश मीडियम स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी मीडियम स्कुल, शास. कन्या. उच्चतर मा. विद्यालय बालोद, सेंट कबीर पब्लिक स्कूल बालोद के स्कूली छात्र-छात्राओं का विभिन्न विधाओं जैसे निबंध, स्लोगन, चित्रकला, रंगोली, मॉडल प्रतियोगिता के माध्यम से यातायात जागरूकता से उन्हें जोड़कर उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हे सम्मानित कर भविष्य में जागरूक नागरिक बनाने हेतु प्रेरित किया गया। बालोद के रंग' कला जत्था के कलाकारों द्वारा माह भर नुक्क ड़ नाटक के माध्यम सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों जैसे बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी वाहन नहीं चलाने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं शराब सेवन कर वाहन नहीं चलाने, सड़क दुर्घटना होने पर घायलों की मदद के लिए आगे आने हेतु जागरूक किया गया साथ ही सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने व दुसरो को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है। संपुर्ण कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री शमसाद बेगम, अति. पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर, एसडीओपी बालोद देवांश राठौर, एसडीओपी दल्लीराजहरा डॉ. चित्रा वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक बोनीफास एक्का, उप पुलिस अधीक्षक राजेश बागडे, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, यातायात प्रभारी निरीक्षक राकेश ठाकुर, थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि सीता गोस्वामी महिला सेल बालोद, जिला बालोद पुलिस के अधिकारी कर्मचारी एवं यातायात स्टॉफ स्कूली छात्र व छात्राएं एवं आम नागरिक उपस्थित रहें।

# देश का बजट नहीं सिर्फ अमीर घराने का बजट : सुनील सिंह

## कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा भाजपा का सत्ता बचाने वाला बजट

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट लॉलीपॉप बजट है आम आदमी को इससे कोई विशेष राहत की उम्मीद नहीं करनी चाहिए। जहां अपने देश में 5 किलो राशन भारतीय जनता पार्टी की सरकार 80 करोड लोगों को वितरित करने की योजना का निरंतर प्रचार करती रही है है वहीं दूसरी ओर 12 लाख तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं देने की बात अमृत काल में ही हो सकती है जिसके लिए सप्ताह भर में पृथक से योजना तैयार करने की बात कही गई है, बजट में लाखों करोड़ों योजनाओं की सपना दिखाकर और कागजों पर खाका तैयार किया जाता है परंतु हकीकत में बजट की प्रावधानित राशि का 40% भी योजनाओं पर खर्च नहीं होता। असल में जो हो रहा है उसे देश में दिखाया नहीं जा रहा है केंद्र सरकार का बजट पूरी तरह से जुमलेबाजी है देश अंधेरे में है और देश के वित्त मंत्री ने फिर से जुमला उछाल दिया है बजट में छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों को ठगा गया है आदिवासी हित को प्राथमिकता देने की बात की जाती है,आम आदमी गरीब जनता के लाभ का बजट बिल्कुल भी नहीं कहा जा सकता,वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीबों की आवाज पर कुछ भी नहीं है मनरेगा योजना को लेकर कोई बात नहीं की गई है महंगाई बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था को लेकर इस बजट में निराश किया है आदिवासियों के विकास का बजट कम कर दिया गया है किसानों के लिए एमएसपी पर बजट में कोई बात ही नहीं की गई है। यह सिर्फ और सिर्फ चुनावी बजट है 200 रूपये में खाने का तेल खरीदने के लिए जनता को मजबूर किया गया है महंगाई पर किसी भी तरह की कोई बात नहीं की गई है बेरोजगारी पर इस जुमला बजट में कुछ भी नहीं है यह आम आदमी का बजट न होकर अंबानी और अडानी जैसे लोगों के लिए बनाई गई बजट प्रतीत होती है मध्यम वर्ग के लिए बजट में कुछ भी नहीं है जो छूट देने की बात कही जा रही है उसे मध्यम वर्ग को कितना लाभ होगा यह आने वाला समय ही बताएगा कुल मिलाकर यह वर्तमान में कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव को देखते हुए चुनावी बजट कहा जा सकता है। बिहार पर केंद्रित केंद्रीय बजट में बिहार मखाना बोर्ड मिथिलांचल में नहर परियोजना आईआईटी पटना में सीट बढ़ाने बिहार में नया ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फूड टेक्नोलॉजी और मैनेजमेंट की स्थापना करना जैसी कई घोषणाएं है जो सिर्फ बिहार के विधानसभा चुनाव को देखते हुए दिए गए हैं,अन्य चुनावी राज्यों के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं हैं। इस बजट में पंजाब हरियाणा हिमाचल उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों का नाम तक नहीं लिया गया है यह बजट गरीबों को और गरीब और अमीर को और अमीर बनने वाला बजट है। इस बजट में टैक्स टेररिज्म से छूट मिलने की उम्मीद देश को थी जीएसटी में मूलभूत सुधारो की जरूरत है उस पर कोई बात नहीं हुई है मिडिल क्लास को टैक्स में छूट मिलेगी निजी निवेशकों को प्रोत्साहन मिलेगा अर्थव्यवस्था की दुर्दशा देश देख रही है बजट से उम्मीद नहीं है कि देश के हालात बदलेंगे बेरोजगारी हटेगी। कुल मिलाकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत सत्ता बचाने वाला बजट दिखता है।

# 1 मार्च को छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन कराएगा सनातन धर्मावलंबी कन्याओं का नि:शुल्क सामूहिक विवाह

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा आगामी फुलेरा दूज 1 मार्च 2025 को निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह का आयोजन किया जा रहा है। संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल एवं प्रमुख सलाहकार दीनदयाल गोयल ने बताया कि, इस सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत, उन सभी परिवारों से आवेदन आमंत्रित हैं जिन्हें, अपनी कन्या का विवाह इस सामूहिक आयोजन में निःशुल्क संपन्न कराना है। उद्देश्य है कि कन्या के विवाह में होने वाले अनाप-शनाप खर्च को लेकर जो मां-बाप चिंतित रहते हैं, उन्हें किसी भी प्रकार से यह राहत मिल सके, वैदिक संस्कृति और सनातन धर्म के प्रति परिवारों की रुचि बड़े। आयोजन के संयोजक शोभा केडिया, रमेश अग्रवाल ऑक्सीजोन, रमेश बंसल (पटाखा वाले) ने बताया कि, रायपुर जिला अग्रवाल संगठन रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन की पूरी टीम इस कार्य में जोर-जोर से लगी हुई है।रायपुर जिला अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष हरिकेश पालीवाल, महासचिव गोविंद अग्रवाल, महिला संगठन की प्रांतीय अध्यक्ष गंगा अग्रवाल, महासचिव निधि अग्रवाल, संरक्षिका अनीता अग्रवाल, जिला अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, सचिव सारिका खेतान ने बताया कि यह सामूहिक विवाह एकदिवसीय होगा जिसमें संपूर्ण वैदिक रीति से विवाह संपन्न कराए जाएंगे. सामूहिक विवाह में विवाह कराने के इच्छुक तय जोड़े, आवेदन करें, अपना संपूर्ण विवरण प्रेषित करें।शानदार पवित्र वातावरण में संपन्न होने वाले इस सामूहिक कन्या विवाह समारोह में सम्मिलित होने वाले वर वधु को अनेक प्रकार के घर गृहस्ती में उपयोग में आने वाली सामग्री भी भेंट स्वरूप प्रदान की जाएगी, सामूहिक विवाह पूरी तरह से निशुल्क होगा। 51 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य रखा गया है, अभी तक 11 जोड़े तय हो चुके हैं। विवाह स्थलः होटल एंट्री पॉइंट, ट्रांसपोर्ट नगर, बंजारी माता मंदिर के सामने, रायपुर (छत्तीसगढ़) होंगा, पंजीयन हेतु संपर्क सूत्र- दीनदयाल गोयल, रायपुर मो. 98268 3240. शोभा केडिया कोरबा मो. 98279 45040, रमेश अग्रवाल (ऑक्सीजोन) रायपुर मो. 92000 36509, रमेश बंसल (फटाका) रायपुर मो. 91315 9865, उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन महिला संगठन, युवा संगठन रायपुर जिला अग्रवाल संगठन, रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन ने किया है, तथा उपरोक्त कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी संस्था के प्रांतीय कार्यालय हनुमान मार्केट, राठौर चौक, रामसागर पारा, रायपुर से ली जा सकती है।

# फॉरेस्ट फायर सीजन 2025 विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



वन मंडल कवर्धा अंतर्गत काष्ठागार कवर्धा नीलाम हाल में वनों में अग्नि की रोकथाम और प्रबंधन के संबंध में ''फॉरेस्ट फायर सीजन 2025'' विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण सह कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी शशि कुमार ने बताया कि विगत 3 वर्षों के दर्ज प्रकरणों के डेटाबेस के आधार पर संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्र की पहचान कर बनाए गए मैप के आधार पर भावी रणनीति तैयार की गयी है। उन्होंने बताया कि कवर्धा वन मंडल के अंतर्गत वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में अग्नि घटनाओं में काफी कमी आई है जिसके अंतर्गत क्षेत्रीय वनक्षेत्र में 66 प्रतिशत कमी एवं अभ्यारण्य वनक्षेत्र में 75 प्रतिशत कमी दर्ज की गयी है। इस वर्ष 2025 में न्यूनतम स्तर पर ले जाने हेतु संसाधनों के समुचित उपयोग और ज्यादा से ज्यादा जन सहभागिता के प्रयासों के माध्यम से अग्नि प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही की जावेगी।

वन विकास निगम के प्रबंधक पीतांबर साहू द्वारा भी क्षेत्रीय और वन विकास निगम के अमले द्वारा संयुक्त रूप से वनों में अग्नि के नियंत्रण एवं प्रबंधन किए जाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में शशि कुमार, वनमंडलाधिकारी कवर्धा, सुमेध संजय सुरवाड़े प्रशिक्षु भा.व.से. अधिकारी, पीतांबर साहू, प्रबंधक, वन विकास निगम कवर्धा, आशीष आर्या, उप वनमंडलाधिकारी कवर्धा, अनिल साहू, उप वनमंडलाधिकारी, स.लोहारा, सुयशधर दीवान, उप वनमंडलाधिकारी, पंडरिया, अंकित कुमार पाण्डेय अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण्य कवर्धा, कवर्धा वनमंडल एवं वन विकास निगम के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी, संवेदनशील तथा अति संवेदनशील क्षेत्र के समस्त उप वनक्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, वनमंडल कार्यालय के संबंधित शाखा प्रभारी, वन प्रबंधन समिति के प्रबंधक, सदस्य एवं अन्य क्षेत्रीय कर्मी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता सम्मलेन कर भाजपा ने किया नगरी निकाय चुनाव का शंखनाद

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com





भारतीय जनता पार्टी ने कवर्धा नगरी निकाय चुनाव के दृष्टि से स्थानीय गाँधी मैदान में कार्यकर्ता सम्मेलन कर शँखनाद किया। नगर के सभी 27 वार्डो के भाजपा पार्षद प्रत्याशी अपने अपने वार्डो से रैली के रूप में गाँधी मैदान पहुँचे जहाँ विशाल सभा को उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा ने संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में अध्यक्ष प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी सहित सभी पार्षद प्रत्याशियों ने जनता का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा आप सबके सुख दुःख में खड़े होने वाले। जन जन से सतत संपर्क करने वाले हमारे परिश्रमी कार्यकर्ता चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाया है। इन्हें आशीर्वाद देना है। उन्होंने कहा हमने 5 वर्ष काँग्रेस के कार्यकाल में भय और भ्रष्टाचार के माहौल में रहे है। और विधानसभा चुनाव में आप सबने कवर्धा के मुक्ति सग्राम में भाग लेकर बाहरी विधायक से कवर्धा को मुक्त किया है। कांग्रेस अपने हार से सबक नही लिया और अब दारू बेचने वाले को अपना शहर अध्यक्ष बनाया है। उन्होंने कहा आपने मुझे कवर्धा की जिम्मेदारी दी है विगत 1 वर्षों में 70 करोड़ से अधिक की राशी कवर्धा शहर को विकास कार्य के लिए मिला है। कवर्धा आपका शहर है मेरा अपना शहर है आपके सोच के अनुकूल ही यहाँ विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में कोई कसर नही छोड़ेंगे। उन्होंने कहा अध्यक्ष सहित सभी 27 पार्षद भाजपा के जीताने की जिम्मेदारी आपकी है शहर को सुंदर बनाने की जिम्मेदारी हमारी है। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा पूरे छत्तीसगढ़ को अपने कार्यकाल में 5 साल पीछे ले जाने वाले काँग्रेस पार्टी को आपने सबक सिखाया और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनायी और इस एक वर्षो में विष्णुदेव साय जी ने अपने घोषणा पत्र के वादे पूरे कर दिए। महतारी वदन हो या गरीबो का पक्का मकान या किसानों को 3100 रुपये धान सभी वादे 1वर्षो में ही पूरे हुए। इसके अतिरिक्त चहुमुखी विकास छत्तीसगढ़ में हो रहा है चाहे शहर हो या गाँव।

आप लाडले विधायक ने कवर्धा शहर में विकास के लिए 75 करोड़ से ऊपर की राशि स्वीकृत कराई है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार गुड़ गवरनेंस देने में हमेशा अव्वल रहती है। आप कांग्रेसी सरकार में निकाय के अन्दर भी भ्रस्टाचार से तरसत रहे। छोटे छोटे कार्यो के लिए भटकते रहे है। अब ये चुनाव कार्यकर्ताओं का चुनाव है अपने बीच के जमीनी कार्यकर्ता को जिताकर कवर्धा नगर पालिका में अध्यक्ष बनाइये। कवर्धा में विकास कार्य के लिए बजट का कोई बाधा नही होगा। उन्होंने कहा 27 पार्षद सहित अध्यक्ष कुल 28 कमल कवर्धा में खिलाना है। कार्यकर्ता सम्मेलन में प्रमुख रूप से कवर्धा निकाय चुनाव प्रभारी लोकेश कावड़िया, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, मोतीराम चंद्रवंशी, सियाराम साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार भट्ट,अनिल सिंह ठाकुर, देव कुमारी चंद्रवंशी, मनहरण कौशिक, संतोष पटेल क्रांति गुप्ता, सतविंदर पाहुजा, सहित जिले के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा के बाद शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए भारत माता चौक तक रैली का आयोजन किया गया।

# बम्हनीडीह में खुली भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा लोगों में उत्साह



पायनियर संवाददाता < चांपा
www.dailypioneer.com

बम्हनीडीह में भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का शुभारंभ हो गया। आलोक रंजन, उप महाप्रबंधक (डीजीएम), एओ बिलासपुर द्वारा एस बी आई की नई शाखा का उद्घाटन किया गया।भारतीय स्टेट बैंक की यह शाखा इस क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों को बैंकिंग सेवा से जुड़ी सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराएगी। इस नई शाखा द्वारा आवर्ती जमा, दीर्घकालिक जमा, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, होम लोन, पर्सनल लोन, कार लोन, कृषि ऋण, एटीएम सुविधा सहित बैंक से जुड़ी सभी अत्याधुनिक सुविधायें मुहैया करायी जाएंगी, 25 किलोमीटर तक स्टेट बैंक की कोई शाखा नहीं थी। इस शाखा के खुलने से 20 से 25 किलोमीटर के क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। आसपास के लोगों की मांग बैंक शाखा को लेकर थी। लोगों को दूर जाना पड़ता था, बैंक की शाखा खुलने से लोगों की दिक्कतें दूर हो जाएगी।इस अवसर पर कोरबा क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव और शाखा प्रबंधक प्रिंस कुमार चौरसिया उपस्थित रहे। अब यह शाखा ग्राहकों के लिए पूरी तरह से संचालित हो चुकी है और ग्राहक यहां से बैंक की सभी सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता अभियान का सफल आयोजन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com





बेमेतरा जिले में नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनज़र आज विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित किया गया, जिसमें नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी एवं पटवारियों की टीम ने भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के सही उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

**डमी ईव्हीएम मशीन का प्रदर्शन और सुरक्षित मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण**-अभियान के तहत बेमेतरा नगर के विभिन्न वार्डों में डमी ईव्हीएम मशीन का लाइव प्रदर्शन किया गया। वार्ड 2 में शिव मंदिर के पास सामुदायिक भवन, वार्ड 8 में दुर्गा मंदिर के पास सामुदायिक भवन, तथा वार्ड 15 और 16 के लिए भैरव बाबा मंदिर के पास आयोजन किया गया। यहां नागरिकों को मशीन के कार्यप्रणाली का डेमो दिखाया गया और सुरक्षित मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। मतदान प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराने हेतु डेमो मतदान का आयोजन भी किया गया, जिसमें नागरिकों ने खुद मतदान प्रक्रिया को समझा और विभिन्न चरणों के बारे में सीखा। इसके माध्यम से नागरिकों को यह बताया गया कि ईव्हीएम के माध्यम से उनका मत गोपनीय एवं सुरक्षित रहता है, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहती है। मतदाता जागरूकता अभियान को आगामी दिनों में भी जारी रखने की योजना है। अगले चरण में नगर के वार्ड 10, 17 और 03 में 03 टीमों द्वारा यह अभियान आयोजित किया जाएगा। इस अभियान के तहत EVM मशीन का प्रदर्शन, डेमो मतदान, और सुरक्षित वोटिंग प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। नगर के नागरिकों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया और मतदान से संबंधित विभिन्न जानकारियों को आत्मसात किया। यह पहल नागरिकों को आगामी नगरीय निकाय चुनाव में जागरूक और सक्रिय मतदाता बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान का उद्देश्य आगामी चुनाव में अधिकतम मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है, जिससे चुनावी प्रक्रिया को मजबूत और सफल बनाया जा सके।

# जनपद पंचायत पंडरिया क्षेत्र क्रमांक 13 पाढ़ी से अजय पटेल ने जमा किया नामांकन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



पंडरिया जनपद पंचायत के क्षेत्र क्रमांक 13 पाढ़ी से पटेल समाज के अजय पटेल ने दल बल के साथ रैली के रूप में सर्व समाज के लोगों के साथ मिलकर अपना नामांकन जमा किया है। ग्राम पंचायत लारंगपुर निवासी अजय पटेल गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेषर पटेल का भांजा है। जिसके चलते सर्व समाज का समर्थन मिल रहा है। नामांकन जमा करने पश्चात लड़ंगपुर पहुंच कर क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा से भी अपनी जीत में सहयोग करने के लिए आशीर्वाद लिया।

**क्षेत्रीय पकड़ मजबूत** –गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर सिंह पटेल का पटेल समाज के साथ साथ अन्य समाजों में पकड़ मजबूत है। क्षेत्र क्रमांक 13 में मरार पटेल, जायसवाल, आदिवासी, समाज की बाहुल्यता है साथ ही अन्य समाज भी निवास करता है। अजय पटेल विशेषत पटेल का भांजा है। अजय पटेल नामांकन दाखिल करने के पूर्व अपने मामा से समाज प्रमुखों के साथ मिलकर समर्थन की मांग किया था। जिस पर सहमति जताया।

**विधायक से लिया आशीर्वाद** - नामांकन दाखिल करने के पश्चात ग्राम पंचायत लारंगपुर में क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा से मिलकर चुनाव में जीत दिलाने के लिए आशीर्वाद भी लिया। विधायक से मिलने पहुंचे अजय पटेल का ग्राम पंचायत लारंगपुर निवासी, पूर्व भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राज, पटेल समाज से हरि पटेल, राम चंद्र पटेल, सरपंच जनक , प्रहलाद पटेल सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे। सभी लोगों ने अजय को आशीर्वाद देने का समर्थन भी दिया।

**नामांकन दाखिल करने रैली के रूप में पहुंचे मतदाता** –अजय पटेल ने नामांकन फार्म जमा करने के लिए अपने ग्राम देवता का आशीर्वाद लेकर सभी समाज प्रमुखों के साथ वाहनों की काफिला में जनपद पंचायत पंडरिया पहुंच कर अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली में राम सिंह पटेल, प्रहलाद पटेल, धर्मेंद्र बंजारे, राजपाल सिंह टेकाम, अमरचंद पटेल, धनराज जायसवाल, जगेश पटेल, अर्जुन पटेल, जोगी पटेल सहित सैकड़ों मतदाता और समाज प्रमुख नामांकन रैली में शामिल होकर फार्म जमा कराया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन यातायात पुलिस कोरबा सहित चली संयुक्त कार्यवाही

# सीएसईबी चौक से स्टेडियम तक की सड़क से हटाया गया अतिक्रमण

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com





कोरबा बीते 1 जनवरी से 36 वा सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा अलग-अलग दिन अलग-अलग थीम पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभियान चलाया गया जिसका अच्छा परिणाम भी दिख रहा है। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतिम दिन सीएसईबी चौक कोरबा से लेकर स्टेडियम तक की सड़क में भारी वाहनों के अलावा अन्य अतिक्रमण पर संयुक्त कार्रवाई की गई इस दौरान सड़क के दोनों और खड़े बाहरी वाहनों के अलावा लोगों के द्वारा कब्जा किए गए दुकानों को भी हटाया गया इसके अलावा उन वाहन मालिकों को नोटिस दिया गया जिनके वाहन वाहन सड़क पर खड़े हैं लेकिन वे मौके पर मौजूद नहीं थे उन्हें तीन दिनों का नगर निगम कोरबा ने नोटिस थमाया है यदि इस दौरान अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जपती की कार्रवाई की जाएगी। गौरतला भाई की यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा जिला परिवहन विभाग नगर पालिका निगम और कोरबा पुलिस सहित विभिन्न सामाजिक संगठन और एनजीओ के साथ बीते एक माह से जिले के अलग-अलग क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस अभियान चलाया गया इस दौरान जहां आम जनों को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया गया वहीं ऐसे वाहन चालकों पर ठोस कार्रवाई भी की गई जिनके द्वारा या तो लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जाता है और जो यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं इस पूरे अभियान में जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस जितेंद्र मीणा और यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डी के सिंह के मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर और उनकी टीम का सराहनीय कार्य रहा। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का अंतिम दिन था लिहाजा इस दिन यातायात पुलिस कोरबा ने नगर निगम और सीएसईबी चौकी कोरबा प्रभारी के साथ मिलकर सीएसईबी चौक से इंदिरा स्टेडियम तक की सड़क में सड़क के दोनों और अतिक्रमण किए गए भारी वाहनों के अलावा दुकानों पर भी कार्यवाही करते हुए सड़क को सुरक्षित कराया इस दौरान सड़क के दोनों ओर कई स्थानों पर कई ऐसे भारी वाहन भी खड़े थे जिनके मालिक अथवा चालक मौके पर मौजूद नहीं थे उन लोगों पर नगर निगम ने नोटिस के माध्यम से तीन दिनों की मोहलत दी है यदि इस दौरान भी वहां से अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो फिर जपती की कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे अभियान में आईपीएस जितेंद्र मीणा डीएसपी डीके सिंह यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर सीएसईबी चौकी के अविनाश जयसवाल जितेंद्र यादव सहित अन्य स्टाफ नगर निगम आयुक्त प्रिंस शुक्ला एवं यातायात पुलिस कोरबा के अन्य स्टाफमौजूद रहे।

# महामाया मंदिर में मौनी अमावस्या पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

मौनी अमावस्या के अवसर पर मां महामाया मंदिर में पूर्व की तरह सुंदर काण्ड का पाठ कर भक्तो एवम आम जन की मंगल कामना कर रामदरबार की आरती के बाद मां महामाया देवी की आरती की गई, व प्रसाद वितरण किया गया, कार्यक्रम में भक्तजनों की आस्था बदने लगी है,परिणाम स्वरूप सुंदरकांड का पाठकरने महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पुजारी गजराज सिंह, रमैया सिंह सिदार,आत्मा राम पटेल, गोपाल अग्रवालहरी मिश्रा, जमुना जयसवाल, कुजल चौहान, नरेंद्र जयसवाल शाहिद काफी संख्या में धर्म प्रेमी मौजूद रहे।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, LALLU SINGH S/O LATE SHRI DIL SAY R/o 01, Sadakpara, Sirkikala, Katori Nagoi, Korba, Chattisgarh-495445, have changed my name to LOKESH SINGH.
PD(1371)C

I, hitherto known as Sumit Kumar S/o Parimal singh R/o Maratha para, Dhamtari, Chhattisgarh-493773 have changed my name and shall hereafter be known as Atul Singh.
PD(1375)C

I, hitherto known as Krishna Savita S/o Vishun Singh R/o Bus Stand ke Samne, Bhanupratappur(NP), Bhanupratappur, Kanker, Chhattisgarh-494669 have changed my Name and shall hereafter be known as Ramdutt Singh.
PD(1376)C



# तीसरी शादी करने को तैयार राखी सावंत, पाकिस्तानी दूल्हे संग करेंगी निकाह!

**राखी सावंत हमेशा ही अपने ड्रामा, हरकतों को लेकर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। हाल ही में वह पाकिस्तानी गईं। वहां एक इवेंट में अपने फैंस से मिलीं। राखी सावंत ने बताया है कि वह जल्द ही शादी करने वाली हैं। यह राखी की तीसरी शादी होगी। कौन है उनका होने वाला दूल्हा?**

### डोडी खान से करेंगी शादी

राखी सावंत ने हाल ही में बताया है कि उन्हें कई रिश्ते पाकिस्तान में मिल रहे हैं। वह इनमें से किसी के बारे में सोच सकती हैं। इन्हीं रिश्तों में से एक रिश्ता डोडी खान का भी है। वह राखी को शादी के लिए सोशल मीडिया पर एक वीडियो बनाकर प्रपोज कर चुके हैं।

### भारत में रिस्पेशन करेंगी

राखी सावंत ने यह भी कहा है कि वह शादी करेंगी तो भारत में रिस्पेशन होगा। राखी का कहना है कि पाकिस्तान में उनके काफी फैंस हैं। साथ ही वह यह भी कहती हैं कि पाकिस्तानी और भारत के लोग एक-दूसरे के बिना रह नहीं सकते हैं। वह शादी करेंगी तो पाकिस्तानी में लेकिन रिस्पेशन भारत में होगा।

आगे राखी कहती हैं कि वह तो हनीमून का प्लान बना चुकी हैं। वह शादी के बाद दुबई में सेटल होने की बात करती हैं। वैसे राखी इन दिनों भारत से ज्यादा दुबई में रहती हैं, वहां उनका अपना एक घर भी है। राखी के करियर की बात की जाए तो वह बॉलीवुड में अपने आइटम डांस की वजह से चर्चा में आई थीं, कुछ फिल्मों और वेब सीरीज में भी वह एक्टिंग कर चुकी हैं। वह बिग बॉस रियालिटी शो का भी कई बार हिस्सा बनी हैं।



# कास्टिंग काउच पर बोलीं फातिमा सना शेख

आमिर खान की फिल्म दंगल में अभिनेत्री फातिमा सना शेख बेहतरीन अभिनय के कारण चर्चा में रहीं। एक इंटरव्यू के दौरान फातिमा ने अपने फिल्म इंडस्ट्री के एक्सपीरियंस को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि कैसे कास्टिंग डायरेक्टर मुंबई में अभिनेताओं का फायदा उठाते थे और अक्सर उनकी कमाई में से हिस्सा भी मांगते थे।

### कास्टिंग डायरेक्टर को लेकर बोलीं फातिमा

बॉलीवुड बबल पर बातचीत के दौरान, फातिमा ने बताया कि स्टूडियो में ऑडिशन होते थे। जब अभिनेताओं को विज्ञापन के लिए भुगतान मिलता था, तो उन्हें पता चलता था कि उनकी कमाई का एक हिस्सा उसी कास्टिंग डायरेक्टर ने रखा लिया। फातिमा ने आरोप लगाया कि सभी को अपने भुगतान का 15 प्रतिशत उन्हें देना पड़ता था, भले ही आप उन्हें जानते ही न हों।

### नए लोगों का उठाते थे फायदा

फातिमा ने कहा कि बड़े कास्टिंग डायरेक्टर इसमें शामिल नहीं थे, केवल फ्रॉड लोग ही ऐसा करते थे। वहां कई ऐसे लोग थे जो नए अभिनेताओं का फायदा उठाते थे। संघर्ष कर रहे अभिनेता इस बारे में जानते ही नहीं थे, इसलिए वो इन सब चीजों का शिकार भी हो जाते थे।

### फातिमा भी हुई शिकार

फातिमा सना शेख भी इस दौरान कास्टिंग काउच का शिकार हुई। उन्हें साउथ सिनेमा में कास्टिंग के लिए फोन आते थे। कास्टिंग डायरेक्टर उन्हें असुरक्षित महसूस करवाते थे। वे पूछते थे, आप सब कुछ करने के लिए तैयार हैं न? मैं कहती थी कि मैं अच्छा काम करूंगी, एक किरदार के लिए जो जरूरी है वो सब मैं करूंगी लेकिन वे कहते थे कि मैं अच्छा काम नहीं कर रही। फातिमा ने बताया कि एक साउथ फिल्म में किए काम के सिलसिले में वे एक बार हैदराबाद में थीं। फातिमा सना शेख ने कहा कि साउथ के प्रड्यूस उनसे इस बारे में घुमा फिरा कर बात करते थे।

# खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं जुनैद खान



जल्द ही श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर और आमिर खान के बेटे जुनैद खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होगी। वैलेंटाइन वीक पर यह फिल्म रिलीज हो रही है। फिल्म 'लवयापा' जेनरेशन जी से जुड़ी एक लव स्टोरी है। इन दिनों खुशी और जुनैद अपनी इस अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जुनैद खान ने बताया कि वह खुशी कपूर की एक आदत से तंग हैं। जुनैद बताते हैं कि खुशी समय से पहले हर जगह पहुंच जाती है। अगर कहीं 7 बजे आना है तो वह एक घंटा पहले वहां पहुंच जाती है। जुनैद खान कहते हैं कि मैं भी समय से पांच मिनट पहले पहुंच जाता हूं, मैं भी एक अच्छा बच्चा हूं। लेकिन सब कहते हैं कि देखो खुशी तो कब की सेट पर आ चुकी है। खुशी कपूर ने भी बताया कि जुनैद खान को हर घंटे कॉफी पीने की आदत है। जुनैद बिना कॉफी के रह ही नहीं सकते हैं।



# 33 साल बड़े एक्टर के साथ रोमांस करेंगी मालविका

कई मलयालम और तमिल फिल्मों का हिस्सा रही हैं, उन्होंने हाल ही में बॉलीवुड में भी डेब्यू किया वह जल्द ही प्रभास की रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म से तेलुगु में डेब्यू करने जा रही हैं, जो इस साल रिलीज होने वाली है। मालविका पहली बार अपने से दोगुनी उम्र के अभिनेता के साथ स्क्रीन पर रोमांस करती नजर आएंगी। 123 तेलुगु के मुताबिक मालविका मोहनन अभिनेता मोहनलाल की 'हृदयपूर्वम' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। मालविका और मोहनलाल की उम्र में 33 साल का फासला है। फिल्म 10 फरवरी को फ्लोर पर आएगी। अभिनेत्री के अलावा संगीता, सिद्दीकी, संगीत प्रताप, निशान, लालू एलेक्स और जनार्दन इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# क्या एसएसएमबी29 की शूटिंग को लेकर एसएस राजामौली ने उठाया ये कदम?


'बाहुबली' सीरीज और 'आरआरआर' जैसी साउथ फिल्मों में देश-दुनिया में फेमस करने वाले डायरेक्टर एसएस राजामौली अब एक और बिग बजट फिल्म 'एसएसएमबी29' ला रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार डायरेक्टर राजामौली ने अपनी इस फिल्म को लेकर एक बड़ा कदम उठाया है।

### शूटिंग को रखना चाहते हैं सीक्रेट

हाल ही में एसएस राजामौली ने अपनी अपकमिंग फिल्म 'एसएसएमबी29' की शूटिंग शुरू की है। इस फिल्म में लीड रोल में साउथ स्टार महेश बाबू हैं, प्रियंका चोपड़ा भी इस फिल्म का हिस्सा बनी हैं। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही डायरेक्टर राजमौली इस फिल्म की शूटिंग को भी सीक्रेट रखना चाहते हैं। इससे जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक होने से बचाना चाहते हैं।

### क्या साइन करवाया है कॉन्ट्रैक्ट

अपनी फिल्म की शूटिंग को सीक्रेट रखने के लिए एसएस राजामौली ने एक बड़ा कदम उठाया। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने अपने क्रू और एक्टर्स से नॉन डिसक्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत किसी को भी फिल्म से जुड़ी जानकारी सेट से बाहर नहीं करनी होगी। साथ ही सेट पर अपना फोन भी नहीं लाना होगा। अभी तक इस बात की पुष्टि फिल्म मेकर्स की तरफ से नहीं की गई है। ''एसएसएमबी29' को एक जंगल एडवेंचर फिल्म माना जा रहा है। इस फिल्म का बजट भी 1000 करोड़ रुपये बता जा रहा है। इस फिल्म को देश और विदेश की कई लोकेशन पर शूट किया जाएगा। अफ्रीका के जंगलों में भी इस फिल्म की शूटिंग होगी।





# हार्टब्रेक और पार्टनर को लेकर शाहिद कपूर ने की बात

शाहिद कपूर ने एक इंटरव्यू में अपने कामकाज के साथ निजी जीवन को लेकर भी बहुत सारी बातें की हैं। उन्होंने प्यार, हार्ट ब्रेक को लेकर भी बात की है। शाहिद ने कहा कि हमें देखना होगा कि प्यार हमारे अंदर की अच्छाई बाहर लाता है या बुराई।

### हार्टब्रेक पर बोले अभिनेता

राज शमानी के एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने अपने हार्टब्रेक पर बात की है। उन्होंने कहा, कई बार जब आपका दिल टूटता है तो आपको लगता है कि आप बिल्कुल भी अच्छे इंसान नहीं हैं। शाहिद कपूर ने कहा, जब आप किसी को बहुत प्यार करते हैं और रिजेक्ट फील करते हैं तो आप उसे पाने के लिए बहुत कोशिश करते हैं।

### प्यार के बारे में ऐसा सोचते हैं शाहिद

शाहिद कपूर ने कहा कि दिल टूटने से मिली सीख बहुत खास होती है। प्यार अपने आप में बहुत स्ट्रांग बॉन्ड है, यह पहचानना जरूरी है कि क्या रिश्ता आपके अंदर की सबसे अच्छी चीज सामने लाता है या सबसे बुरी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आखिरकार, आपको खुद के साथ रहना है।

### प्यार सिखाता है शाहिद कपूर

शाहिद ने इस इंटरव्यू में प्यार पर भी बात की। उन्होंने कहा कि प्यार ने उन्हें सिखाया, केवल अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए दूसरे व्यक्ति से कुछ नहीं मांगना चाहिए। हमें अपने पार्टनर की चीजों को भी समझना चाहिए।

### देवा में नजर आने वाले हैं शाहिद

बता दें शाहिद कपूर की फिल्मदेवा 31 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म का निर्देशन रोशन एंड्रयूज ने किया है। इस फिल्म की रिलीज से पहले यह कहा जा रहा है कि फिल्म से लिपलॉक सीन हटाया गया है। यह दावा अरुण दीप नाम के एक शख्स ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर किया है।



# मैं आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं, किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से भी नहीं देखा

तमन्ना भाटिया ने बॉलिवुड और साउथ इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज बनाने का काम किया है। वह दोनों ही इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ बड़ी सरलता और सहजता के साथ काम करती जा रही हैं। अदाकारा कहती हैं कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता है लेकिन ऑडियंस आपको कब अपनाएगी ये आपके हाथ में नहीं होता। शायद, इसीलिए वह कहती हैं कि ऐक्टर को अपने काम से ऑडियंस को पटाकर रखना चाहिए। बीते दिनों वह अपने पापा की जन्मस्थली लखनऊ आईं तो हमसे उन्होंने खूब बातें कीं। इस दौरान उन्होंने सफलता के मायने से लेकर दिल की कसक तक का हाल बयां किया।

### ओटीटी में कमाई के नंबरों का दबाव नहीं होता

मुझे लगता है कि हिरोइन सेंट्रिक फिल्में बहुत पहले से बनती आ रही हैं। 2024 की शुरुआत मैंने एक तमिल फिल्म आरनमनई-4 से की थी। उसने 100 करोड़ कमाए। वो थिएटर रिलीज थी और बस तमिल भाषा में ही आई थी। इसमें मेरे साथ राशि खन्ना थीं। मुझे नहीं लगता कि ओटीटी की वजह से ज्यादा हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बन रही हैं। पहले भी श्रीदेवी, माधुरी, ऐश्वर्या को लेकर हीरोइन सेंट्रिक फिल्में बनी हैं। श्रीदेवी मैम की जुदाई, इंग्लिश-विंग्लिश, मदर्स तो मुझे बहुत पसंद है। हां, यह जरूर है कि ओटीटी हमें एक्सपेरिमेंट करने का मौका देता है। ऐसी अलग-अलग फिल्में करने दे रहा है, जिनमें कमाई के नंबर्स का कोई दबाव नहीं है। यह प्लैटफॉर्म इस किस्म का दबाव कलाकारों के ऊपर से उतार देता है। ओटीटी में एक्सपेरिमेंट किए जा सकते हैं। अलग-अलग कहानियां बता सकते हैं और अलग-अलग व नए लोगों को मौका दे सकते हैं। एक सिनेमा हॉल में मास अपील होनी जरूरी है, नहीं तो वह फिल्म नहीं चलेगी। कई बार फिल्में लोगों को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं लेकिन ओटीटी हर कोई अकेले या दोस्तों के साथ देखता है। आपके पास वहां पर विकल्प हैं कि आपको कौन सी फिल्म देखनी है। यह मौका बस आपको ओटीटी ही देता है।


### एक दौर के बाद ऑडियंस नहीं अपनाती है

मुझे लगता है कि ऐक्टर बनने का जिम्मा एक इंसान उठा सकता लेकिन ऑडियंस उसे कब अपनाएगी, ये उसके हाथ में नहीं होता है। एक ऐक्टर का धर्म यही है कि वो अपना काम ईमानदारी से करता जाए। यह बड़ा हास्यास्पद है कि आप शायद एक दौर में प्रासंगिक होंगे लेकिन कुछ साल बाद वही ऑडियंस आपको नहीं अपनाएगी। एक कलाकार के तौर पर आपको किसी ना किसी तरह से अपने काम से दर्शकों को पटाकर रखना होगा। लगातार उनको अपना हुनर किसी ना किसी तरह से दिखाना पड़ेगा कि आप क्या क्रांति अपने काम के साथ कर रहे हो।

### यह गलतफहमी है कि सफलता मिलेगी तो सेट हो जाऊंगा

खुशनसीब हूं कि मुझे दर्शकों का बहुत जल्दी प्यार मिल गया था। मुझे वो दिन आज भी याद है, जब मैंने अखबार खोलकर देखा और उसमें मेरे काम की बहुत तारीफ लिखी थी। मैं उसको पढ़कर परेशान हो गई कि अब क्या नया करूंगी। कैसे अपने टैलंट को बढ़ाऊंगी, ताकि जो पैरामीटर सेट किया गया है, वह बरकरार रहे। बहुत से लोगों को गलतफहमी है कि जिस दिन सफलता मिलेगी, उस दिन मैं सेट हो जाऊंगा। दरअसल, ऐक्टर की सफलता इस पर तय होगी कि अब क्या नया करोगे। सेट होने वाली सोच भ्रामक है। आप सफलता के पीछे नहीं भाग सकते। बस आप अपने ऐक्टिंग करियर पर फोकस कर सकते हैं, ताकि सफलता तक पहुंचने का रास्ता तय कर सकें। आप जो कुछ करें, उसमें आपका प्यार नजर आना चाहिए। आप पूरी तरह उसमें डूब जाएं। अब के दौर में सफलता और असफलता कोई परमानेंट रहने वाली चीज नहीं रह गई है।

### आज तक अमिताभ बच्चन से नहीं मिली



मैं क्लासिकली ट्रेंड डांसर नहीं हूं। मन में हमेशा इसकी कसक रहेगी। मैंने तय किया है कि जब-जब फ्री रहूंगी तो थोड़ी-थोड़ी ट्रेनिंग लेती रहूंगी। मुझे लगता है कि क्लासिकल डांस की कई सारी टेक्नीक्स हैं, जो बहुत उपयोगी होती हैं। ये हर तरह से बहुत काम आती हैं। मैं हमेशा ही सेट पर उन टेक्नीक्स को सीखने की कोशिश करती हूं। इसको सीख लेने से आपकी चीजें बहुत आसान हो जाती हैं। रही बिग बी की बात तो मैं आजतक अमिताभ बच्चन से नहीं मिल पाई हूं। यहां तक कि किसी इवेंट में भी उन्हें सामने से नहीं देखा है। मेरी उनसे मिलने की बहुत तमन्ना है।

# अमृत बेला है मन को पावन कर तन को कुंभ बनाएं दुर्लभ महाकुंभ में जाकर पुण्य के अमृत भर लाएं

## भाटापारा कुंभ दर्शन दल को आचार्य झम्मन शास्त्री का सानिध्य

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com




आस्था के विविध बिम्ब है व्यक्तिगत आराधना प्रक्रिया से लेकर सार्वजनिक अनुष्ठान की प्रक्रियाएं भी इन्ही बिम्बों की अभिव्यक्ति है, घर मे पूजन अर्चन के अनुष्ठान जहां आस्था भक्ति के मूल स्वरुप को अभिव्यक्त करती है वहीं देव स्थलों मे पूजन आराधना तथा तीर्थ स्थलों मे गमन आस्था अनुष्ठान के स्वरुप को वृहद करती हुई प्रतीत होती है,खासकर तीर्थों के दर्शन एवं तीर्थ रमण को भव्य अनुष्ठान की संज्ञा दी गयी है, तथा शास्त्रों मे तीर्थ यात्रा को परम पावन एवं अत्यंत पुण्यदायी तथा फलदायी कर्म की श्रेणी मे रखा गया है।

**दुर्लभ महाकुंभ की अनुपम बेला** – 144वर्ष बाद आये दुर्लभ महाकुंभ की महिमा और महत्ता धर्माचार्य विद्वानों द्वारा निरंतर बखान की जा रही है तथा जनमानस के बीच भी दुर्लभ महाकुंभ को लेकर जबर्दस्त उत्साह एवं आस्था के भाव झलक रहें है, लिहाजा इस पावन बेला मे भागीदार बनने एवं पुण्य स्नान तथा महाकुंभ का दर्शन करने संगम नगरी मे जन सैलाब उमड़ रहा है,तथा तीर्थ यात्रा के दिव्य अनुष्ठान मे विधि विधान के साथ जनमानस की भागीदारी भव्यता के साथ नजर आ रही है।

**भाटापारा कुंभ दर्शन द्वारा विधि विधान की बानगी** – भाटापारा कुंभ दर्शन द्वारा दुर्लभ महाकुंभ के दर्शन एवं स्नान के लिए तैयारियों का दौर जारी है,चूंकि तीर्थ यात्रा एक भव्य अनुष्ठान है लिहाजा इस मे प्रक्रियाएं भी है मसलन तीर्थ यात्रा के पूर्व अभिनंदन एवं सम्मान की कड़ी,जिसकी बानगी भाटापारा कुंभ दर्शन दल की तीर्थ यात्रा प्रक्रिया मे स्पष्ट रुप से नजर आ रही है एवं यात्रा के पूर्व अभिनंदन की कड़ी मे गुरु जी सेवा समिति द्वारा समस्त तीर्थ यात्रियों का सम्मान एवं अभिनंदन किया गया तथा समिति द्वारा समस्त यात्रियों को सफल एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी गयी।

**आचार्य झम्मन शास्त्री द्वारा अमृत वचन** – तीर्थ यात्रा के दिव्य अनुष्ठान मे जहां यात्रा पूर्व अभिनंदन सम्मान की परिपाटी है वहीं संत विद्वानों के दर्शन एवं अमृत वचन श्रवण का भी प्रावधान है, इसी के तहत महाकुंभ प्रस्थान कर रहे भाटापारा कुंभ दर्शन दल के सदस्यों द्वारा जगतगुरु शंकराचार्य के कृपा पात्र व्याख्यान दिवाकर आचार्य झम्मन शास्त्री के सानिध्य मे अमृत वचन श्रवण करने के साथ ही उनका आशीष ग्रहण किया गया,इस अवसर पर आचार्य द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जहां महाकुंभ के स्वरुप की व्याख्या के साथ ही कुंभ की महत्ता भी बताई गयी वहीं तीर्थ स्थल मे आचरण के पहलू पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा यही कहा गया कि यह अमृत बेला है मन को पावन कर तन को कुंभ बनाएं, दुर्लभ महाकुंभ मे जाकर पुण्य के अमृत भर लाएं।

# बजट का उद्देश्य विकास को गति देना, स्वास्थ्य एवं शिक्षा आदि नियामक सुधारों में सुधार शुरू करते हुए देश की क्षमता को खोलना हैं : टंडन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन प्रदीप टंडन ने कहा कि बजट का उद्देश्य विकास को गति देना और कराधान, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र, बिजली और नियामक सुधारों में सुधार शुरू करते हुए देश की क्षमता को खोलना है। समावेशी विकास और अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए मध्यम वर्ग के खर्च को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एमएसएमई वर्गीकरण के लिए 2.5 गुना की निवेश सीमा से इस सबसे बड़े क्षेत्र में अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। फु टवियर, चमड़ा और खिलौने उद्योग को बढ़ावा देने से 22 लाख नौकरियां, 4 करोड़ का राजस्व और 1.1 करोड़ से अधिक का निर्यात होगा। मछली उत्पादन और जलीय कृषि, समुद्री क्षेत्र में समुद्री खाद्य निर्यात भारतीय अनन्य आर्थिक क्षेत्र से मत्स्य पालन के स्थायी दोहन के लिए एक सक्षम ढांचा लाएगा और उच्च समुद्र नए अवसर पैदा करेगा और अर्थव्यवस्था को समृद्ध करेगा। हर जिले में कैंसर अस्पताल खोलना और शहरों को बदलने के उद्देश्य से शहरी चुनौती निधि, प्राथमिक विद्यालयों में ब्रॉडबैंड सुविधा से शिक्षा और सामाजिक चेतना के नए रास्ते खुलेंगे। विस्तारित जल जीवन मिशन के साथ बढ़ी हुई लागत से न केवल पीने योग्य पानी उपलब्ध होगा बल्कि पाइप निर्माण को और बढ़ावा मिलेगा। 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा उत्पादन से नए रास्ते खुलेंगे। संशोधित उड़ान योजना, चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ 120 नए गंतव्यों को जोड़कर यात्रा-पर्यटन और बुनियादी ढांचा उद्योग को बढ़ावा देगी, जिससे 4 करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी। बीमा एफडीआई को 74त्न से बढ़ाकर 100% करने से नई और सस्ती योजनाएं शुरू होंगी। एलआरएस प्रेषणों पर टीसीएस की सीमा 7 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपये, टीडीएस सीमा 6 लाख रुपये, निर्दिष्ट वित्तीय संस्थानों से 10 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण पर टीसीएस हटाने से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खर्च करने की शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। करदाताओं के लिए बिना किसी शर्त के दो स्व-कब्जे वाली संपत्तियों के वार्षिक मूल्य को शून्य के रूप में दावा करने की सुविधा से भवन बुनियादी ढांचा उद्योग को और बढ़ावा मिलेगा।

## समिति प्रबंधक एवं फड़ प्रभारी पर 60 लाख की वसूली का प्रकरण दर्ज

**कोरबा।** जिले में कटघोरा ईलाके के अखरापाली धान खरीदी केंद्र में 60 लाख 53 हजार 680 रुपये की अनियमितता उजागर होने के बाद समिति प्रबंधक रामेश्वर प्रसाद अनंत और फड़ प्रभारी हितेंद्र कुमार के खिलाफ वसूली और आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की कार्रवाई की गई है। धान खरीदी में गड़बड़ी और धान की अफरा-तफरी के मामले में कार्रवाई कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर की गई है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार कटघोरा के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) रोहित सिंह, तहसीलदार दीपका अमित केरकेट्टा, नायब तहसीलदार कटघोरा और राजस्व विभाग की टीम ने अखरापाली धान खरीदी केंद्र का भौतिक सत्यापन किया।

# इंडिगो ने महाकुंभ 2025 के दौरान प्रयागराज के लिए अपनी क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

IndiGo

भारत के अग्रणी एयरलाईन, इंडिगो ने प्रयागराज एयरपोर्ट से आवागमन के लिए अपनी उड़ानों और सीटों की संख्या में भारी इजाफा किया है। यह वृद्धि महाकुंभ मेला 2025 के लिए की गई है, जो 13 जनवरी से शुरू हो चुका है, और 26 फरवरी, 2025 तक जारी रहेगा। इंडिगो ने अपनी क्षमता में वृद्धि की योजना पहले से ही बना ली थी, लेकिन प्रयागराज से आवागमन की मांग अप्रत्याशित रूप से बढ़ने के कारण हाल ही में कुछ नई फ्लाईट्स भी शुरू की गई हैं। इस विशेष अवधि के लिए इंडिगो द्वारा प्रयागराज से आवागमन के लिए 165,000 से अधिक सीटों की सेवा दी जा रही है, जो इस एयरपोर्ट पर इसकी सामान्य क्षमता के मुकाबले दोगुनी से अधिक है। इस अवधि में इंडिगो दिल्ली, मुंबई, बैंगलुरू, हैदराबाद, लखनऊ, रायपुर और भुवनेश्वर से मौजूदा कनेक्टिविटी के अलावा अहमदाबाद, कोलकाता और जयपुर से कनेक्टिविटी शुरू करने के साथ अब भारत के 10 शहरों से प्रयागराज के लिए उड़ानसेवा प्रदान कर रहा है। इसके अलावा इंडिगो ने प्रयागराज से आवागमन के मौजूदा मार्गों पर भी अपनी क्षमता को बढ़ाया है। कंपनी ने अपने बड़े एयरक्राफ्ट ए321 की फ्रीक्वेंसी और ऑपरेशन भी बढ़ाए हैं। अब यह एयरलाईन इस शहर से आवागमन के लिए 490 नियमित सेवाओं की बजाय लगभग 900 उड़ानों द्वारा सेवा प्रदान कर रही है।

इंडिगो तीर्थयात्रियों को यात्रा का सुगम अनुभव प्रदान करके सरकार के प्रयासों में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। एयरलाईन द्वारा बढ़ाई गई इस क्षमता के अलावा यह अपने नेटवर्क में अन्य शहरों से भी उड़ानें शुरू करने की योजना पर काम कर रही है ताकि यात्रियों की सुविधा बढ़ाई जा सके। इस एयरलाईन ने हवाई किरायों को भी स्थिर किया है और यह अपने सभी ग्राहकों को यात्रा का सबसे सुगम अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडिगो एक सुरक्षित, भरोसेमंद और किफायती हवाई यात्रा प्रदान करने के लिए समर्पित है। प्रयागराज से आवागमन के लिए बढ़ाई गई यह क्षमता खासकर महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक अवसरों पर लोगों और स्थानों को जोड़ने की इंडिगो की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है।

# भाजपा अध्यक्ष पद प्रत्याशी अश्वनी शर्मा को हर पीढ़ी हर वर्ग का मिल रहा स्नेह साथ और समर्थन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाजपा से नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी अश्वनी शर्मा, वार्ड पार्षद उम्मीदवारों के साथ जनसंपर्क पे निकले शहर में घूमकर उन्होने बड़े, बुजुर्ग, माता, बहनों का आर्शीवाद लिया एवं युवाओं से सहयोग और समर्थन मांगा। अश्वनी शर्मा ने जनता से अपील करते हुए कहा की केंद्र सरकार में प्रधानमंत्री मोदी की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी माता बहनों, किसानों को योजना का लाभ मिला है। वही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के एक साल के कार्यकाल में जनता को महतारी वंदन का लाभ, तीर्थ योजना के अनुसार श्री राम लला के दर्शन का सौभाग्य, किसानों को 3100 रुपए समर्थन मूल्य में धान खरीदी एवं युवाओं को रोजगार का अवसर मिला है। साथ ही भाटापारा नगर में जितने भी बड़े विकास के कार्य हुए है सभी उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के द्वारा करवाये गए है - सिविल हॉस्पिटल का दर्जा, गौरव पथ, ला क ा ल े ज , पालिटेक्नीक कालेज, आई टी आई कालेज, क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज जैसे अनेको विकास के कार्य हुए है। अश्वनी शर्मा ने कहा की देश में डबल इंजन की सरकार है आपसे मिल रहे अपार जनसमर्थन से मुझे पुरा विश्वास है की है की इस बार भाटापारा नगर में अध्यक्ष पद सहित पार्षद पदों में कमल का ही फूल खिलेगा। अश्वनी शर्मा ने परशुराम वार्ड, गाँधी मंदिर वार्ड, दाऊ कृष्ण कुमार वार्ड और नयागंज वार्ड में जनसम्पर्क किया। उक्त अवसर पर मोहन बांधे, लुकू साव, नभ नारायण साहू, गोपाल देवांगन, अनुभव गुप्ता, महेन्द्र ठाकुर, विनय ठाकुर, राजू पटेल, अभिषेक मोदी, मन्नू बंठिया, अजित निषाद, रविन्द्र ठाकुर, आयशा खान, सूरज भोई, प्रदीप बंजारे, नरेंद्र वैष्णव, सत्यजीत सेन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत खोपली में मंजू फत्तेलाल वर्मा ने भरा सरपंच पद के लिए नामांकन



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपली के सरपंच पद के प्रबल दावेदार मंजू फत्तेलाल वर्मा चुनाव मैदान में उतर चुके है।मंजू फत्तेलाल वर्मा पूर्व में सरपंच पद पर रहे चुकें हैं। मंजू फत्तेलाल वर्मा ने क्षेत्र की जनता को शासन कि योजनाओं का लाभ दिलाने हर संभव मदद किया उन्होंने 500 गरीब परिवारों का राशन कॉर्ड, 200 लोगों को गैस सिलेंडर, गरीबो को पेशन दिलवाने में मदद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मचांदुर में भर्ती होने वाले मरीजों का हर संभव मदद किया। गांव के निर्माण विकास कार्यों में मंजू वर्मा कि सराहनीय कदम हैं।जिसके कारण अब ग्रामीणों ने तय कर लिया है कि अबकी बार मंजू फत्तेलाल वर्मा को सरपंच बनाना है।

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जिले का एक मात्र डीएवी स्कूल व क्षेत्र का एक मात्र सी बी एस ई स्कूल जांता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण साहू एस एस पी( आई पी एस) बेमेतरा रहे। प्रशान्त कुमार रीजनल ऑफिसर डी ए वी सी जी जोन छत्तीसगढ़ संस्थान प्रमुख विशिष्ट सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। विशेष अतिथि के रूप में कमलनारायण शर्मा डी एस पी बेमेतरा उपस्थित रहे साथ में प्राचार्य डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लड़ुवा कवर्धा सुशील यादव , प्रचार्य डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली से समीर, व डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल फुलवारी से गौरव राजपूत, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धर्मपुरा कवर्धा से गजाधर साहू, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी से दीपक वर्मा, आदि आदि सभी उपस्थित रहें। बेमेतरा के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने जानकारी साझा किया कि अतिथियो के आगमन के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद सरस्वती वंदना,छत्तीसगढ़ राज्य गीत व डी ए वी गान और स्वागत गीत व विभिन्न बनृत्य प्रस्तुत किए गए। तदुपरांत प्राचार्य पी एल जायसवाल जी ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यचर्या, क्रियाकलापों, गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाले। विद्यार्थियों ने विभिन्न समूह नृत्य ने सबके मन को मोहा, विशेष रूप से झांसी की रानी डांस ड्रामा, कवर्धा के खप्पर नवरात्रि की झाँकी ने मन मोह लिया,नशा मुक्ति, सोसल मीडिया के हानि कारको से बचाव, इन सभी नाटकों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिए, हिंदी, छत्तीसगढ़ी, बस्तरिया नृत्य सहित पंजाबी, मराठी, बंगाली, गुजराती, राजस्थानी आदि स्टेट फोग डांस व देशभक्ति गीतों से सबको मन को मोहा विभिन्न संगीतो से नन्हे मुन्नने बच्चों ने सबको नृत्य से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि रामकृष्ण साहू एस एस पी बेमेतरा ने अपने बचपन के स्कूल दिनों को याद करते हुए बताया कि वे पास के जिला कवर्धा के गौरमेंट स्कूल में पढ़ाई कर आज आप लोगो के समझ आपके बेटा जिला के पुलिस विभाग के सबसे बड़े पोस्ट में है हमे एक लक्ष्य साधना चाहिए मैं प्राइमरी कक्षा पढ़ रहा था तब से तय कर लिया कि मुझे एक दिन बड़ा अधिकारी बनना है आज बड़े अधिकारी बन गया हूँ बच्चों को भी इसी तरह अपना एक लक्ष्य साधना चाहिए वह जरूर पूरा होगा। और इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का थीम जानकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुआ कि इसका जो थीम रखे हैं वह ÷युवा संगम÷ इस तरह कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए, देश कहा कि प्रत्येक बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा होती है उसे निखारने की देरी है आज की इस भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से बच्चो के प्रतिभा को देखने को मिला सचमुच लाजवाब कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक और आकर्षक हैं,बच्चे पाँच मिनट मंच में कार्यक्रम देने के लिए कितने दिनों से तैयारी किए हुए होंगे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दिए हैं।

# राजधानी में निकली अनोखी बारात

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय के संचालक मुकेश गुप्ता ने अपने बेटे ऋषभ गुप्ता का विवाह 30 जनवरी को रायपुर के वीआईपी रोड में स्थित अग्रसेन धाम में बड़ी धूमधाम से किया। इस विवाह ने सभी का ध्यान अपनी और आकर्षित किया। आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा बारात में ऋषभ गुप्ता के साथ शामिल उनकी पत्नी रुचि थी। राजधानी रायपुर में पहली बार ऐसी अनोखी बारात देखने को मिली। चंगोरभाठा वसुंधरा नगर के निवासी मुकेश गुप्ता से जब इस अनोखी बारात का कारण पूछा गया तो उन्होंने कहा यह फैसला उन्होंने अपने बेटे और बहू को समाज में बराबरी का दर्जा देने के लिए लिया है। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा सा कदम है, जो समाज में बदलाव ला सकता है। इस अनोखी बारात को देखकर लोगों ने गुप्ता परिवार को बधाई दी और उनकी इस पहल की सराहना की। यह एक अच्छा संदेश है जो समाज में महिलाओं के अधिकारों और समानता के बारे में जागरूकता फैलाता है। गुप्ता परिवार की इस पहल को समाज के लोगों ने भी सराहा। लोगों ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है और इससे समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आएगा।

## नाम वापसी के मामले में क्या जिम्मेदारों पर होगी कार्यवाही?

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव मे प्रत्याशी को लेकर अजीबोगरीब वाकया आ जाने के बाद राजनीतिक कि सियासी हल्को मे हलचल मच गई है, जिसमे वार्ड मे कांग्रेस प्रत्याशी व शहर मे अध्यक्ष प्रत्याशी के भूमिका मे वार्ड क्रमांक 23 का पार्षद निर्वाचन आयोग के रिकार्ड मे रहेंगे। वही उक्त मामला सार्वजनिक हो जाने पर स्थानीय कांग्रेस संगठन मामले को सुलझाने हेतु पार्षद प्रत्याशी से शपथ पत्र लेकर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रत्याशी का समर्थन किये जाने कि बात कही जा रही है।

**एक चूक पर अध्यक्ष प्रतिनिधि को पार्टी निष्काशित किया गया इस चूक पर? :** गौरतलब है कि विगत कुछ माह पहले नगर पालिका के करोड़ों के उदघाटन कार्यक्रम मे अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता को पार्टी विरोधी क्रियाकलाप को लेकर 5 साल के लिये निष्कशित कर दिया गया परंतु नाम वापसी को लेकर कांग्रेस संगठन मे हुई गैर जिम्मेदाराना रवैय्या को लेकर किस पर गाज गिरेगी अब यह प्रशन्न चिन्ह खडा हो गया है।

**हर वोट अनमोल होता है, पर यह पड़ सकती है भारी :** गौरतलब है कि हमारे भारतीय लोकतंत्र मे हर एक वोट अहमियत रखता है इतिहास मे अनेक बार देखा गया है कि प्रत्याशी 1 वोट से हारते हारते व जीतते जीतते चूक जाता है तब वह चुनाव के हर बारीकियों पर विशलेषण करता है एवं सिवाय पछतावे के कुछ नही मिलता अगर स्थानीय कांग्रेस संगठन इस भूल को गम्भीरता से नही लेता तो निश्चित ही विपक्षी पार्टी को अप्रत्यक्ष रुप से इसका लाभ मिल सकता है।

## पुष्पा देवी माहेश्वरी का निधन



**रायपुर।** पुष्पा देवी माहेश्वरी पति स्व. प्रेमचंद माहेश्वरी का 90 वर्ष की आयु में स्वर्ग लोक गमन हो गया है।उनकी अंतिम यात्रा 2 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1:00 बजे निज निवास शनि मंदिर दशहरा मैदान से रायपुर स्थित मोक्ष धाम जाएगी।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया खेल महोत्सव 2024-25




पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

खमरिया भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव बड़ी धूमधाम से संपन्न हुआ। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे भाला प्रक्षेप, गोला प्रक्षेप, चक्र प्रक्षेप, रोल बॉल, बास्केटबॉल, वालीबाल, खो-खो,100 मीटर 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ और 4×100, 4×200, 4×400 मीटर रिले रेस में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने एक भव्य परेड प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि से खेल समारोह के शुभारंभ की अनुमति प्राप्त की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अश्विनी शर्मा, संदीप गोयल एवं प्रधानाचार्य योगेश पोपट ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। खेल प्रशिक्षक रवि प्रताप सिंह, सुमित्रा राजपूत, गणेशू पाल और दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में इस आयोजन को भव्य रूप दिया गया, वहीं विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। वार्षिक क्रीड़ा उत्सव में ब्रह्मपुत्र, कावेरी, नर्मदा और यमुना हाउस के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। सभी हाउस के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन चारों हाउस में शानदार प्रदर्शन करते हुए कावेरी हाउस ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर ओवरऑल ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा जमाया। इस शानदार उपलब्धि पर कावेरी हाउस के सभी प्रतिभागियों, हाउस इंचार्ज नम्रता मंधानी सहित प्रशिक्षकों और शिक्षकों को बधाई दी गई। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने विजेता टीम को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# नगरीय निकाय निर्वाचन: अध्यक्ष पद के लिए 18 और पार्षद पद के लिए 247 उम्मीदवार चुनाव के मैदान पर

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगेली
www.dailypioneer.com



आम निर्वाचन के तहत चुनावी प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में जिला कलेक्ट्रेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में मुंगेली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद और विभिन्न वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए गए और उन्हें निर्वाचन संबंधी आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान और अपर कलेक्टर जी. एल. यादव ने सभी प्रत्याशियों से आदर्श आचरण संहिता का पालन करने और चुनाव प्रक्रिया को पूरी तरह से समझने की अपील की। इस दौरान उन्होंने बताया कि 11 फरवरी 2025 को एक ही ईवीएम मशीन से अध्यक्ष और पार्षद दोनों पदों के लिए मतदान होगा। गौरतलब है कि नगर पंचायत पथरिया के वार्ड क्रमांक 05 और 07 तथा नगर पालिका लोरमी के वार्ड क्रमांक 10 और 17 से निर्विरोध पार्षद चुना गया है। वहीं जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए 18 एवं पार्षद पद के लिए 247 उम्मीदवार चुनाव के मैदान पर है। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका मुंगेली अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस से रोहित शुक्ला, भारतीय जनता पार्टी से शैलेश पाठक, शिवसेना से अम्मा गंगोत्री चंद्रवंशी और अब्दुल वहीद निर्दलीय चुनावी मैदान पर है। नगरपालिका मुंगेली अंतर्गत 22 वार्डों में पार्षद पद के लिए 57 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है। इसी तरह नगर पालिका लोरमी अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस से अनिल दास गुड्डू राजा, भारतीय जनता पार्टी से सुजीत वर्मा और निर्दलीय से प्रदीप सेन चुनाव लड़ रहे हैं। नगर पालिका लोरमी अंतर्गत 18 वार्डों से पार्षद पद हेतु 38 अभ्यर्थी चुनाव में भाग ले रहे हैं। नगर पंचायत सरगांव अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस से नेहरू साहू, भारतीय जनता पार्टी से परमानंद धनुष राम साहू और निर्दलीय से राजीव तिवारी चुनाव के मैदान पर है। नगर पंचायत सरगांव अंतर्गत 15 वार्डों से पार्षद पद हेतु 36 अभ्यर्थी चुनाव के लिए मैदान पर है। नगर पंचायत पथरिया अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से हुलसी रघु वैष्णव और इंडियन नेशनल कांग्रेस से उषा ग्वाल दास अनंत चुनाव में भाग्य आजमा रहे है। पथरिया नगर पंचायत के 15 वार्डों से पार्षद पद हेतु 34 अभ्यर्थी चुनाव के मैदान में उतरे है। नगर पंचायत जरहागांव से अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी से रूपाली वेद प्रकाश कश्यप, इंडियन नेशनल कांग्रेस से सत्यवती रामचंद्र साहू और निर्दलीय से हर्षिता खुजीराम साहू चुनाव के मैदान पर है।

जरहागांव नगर पंचायत के 15 वार्डों से पार्षद पद के लिए 44 उम्मीदवार चुनाव के मैदान पर है। नगर पंचायत बरेला अंतर्गत अध्यक्ष पद के लिए इंडियन नेशनल कांग्रेस से जीवराखन पटेल, भारतीय जनता पार्टी से नरेश पटेल और निर्दलीय से कृष्ण कुमार यादव चुनाव के मैदान पर है। इसके साथ ही बरेला नगर पंचायत के 15 वार्डों से पार्षद पद के लिए 38 उम्मीदवार चुनाव अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

# कमिश्नर ने की सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उज्ज्वल व सुखद भविष्य की कामना

- भावुक पल :सेवा निवृत्त होने पर सेवानिवृत्त एवं निगम अधिकारी/कर्मचारियों ने अपने खट्टे मीठे अनुभवों को किया साझा

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में सहायक अभियंता जितेंद्र समैया, सहायक राजस्व निरीक्षक तारा पाटिल एवं सहायक राजस्व निरीक्षक कमल स्वर्णकार के रिटायरमेंट पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने शाल श्रीफल, पुष्पमाला से सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी। निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, आरके जैन, वीपी मिश्र, धर्मेंद्र मिश्रा, आर.के. बोरकर, रमाकांत शर्मा, विनोद मांझी, संजय मिश्रा एवं अनिल सिंह, शुभम गोइर ने प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट करते हुए उनके द्वारा किए गये कार्यो की सराहना की। वहीं नगर निगम के अधिकारियों ने तीनो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुष्प भेंट की।सेवा निवृत्त होने पर निगम कर्मचारियों ने अपने अनुभवों को साझा किए।विदाई समारोह के दौरान रिटायरमेंट कर्मचारियो को अवकाश नगदीकरण राशि दिया गया। बता दे कि नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ के प्रयासों से पूर्व में भी हुए रिटायरमेंट कर्मचारियो को भी अवकाश नगदीकरण राशि दिया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय आपने निगम प्रशासन को दिया है, आने वाला समय आपका और भी बेहतर हो,निगम परिवार ऐसी कामना करता है, सेवानिवृत्त के बाद कभी भी कोई परेशानी होने पर निगम परिवार सदैव साथ होने का भरोसा उन्हें दिलाया गया। कमिश्नर सुमित अग्रवाल ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को निगम के हर कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए कई उपलब्धियां हासिल किए है जिसके लिए उन्होंने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किए।इस दौरान नगर निगम कर्मचारी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, बाजार, अनिल सिंह, संजय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, राजू लाल चन्द्राकर, किरण अग्रवाल, रेखा कुर्रे, हेमलता वर्मा, साक्षी वर्मा, चित्रलेखा चन्द्राकर,मुन्ना यादव सहित निगम परिवार मौजुद रहे।

# अध्यक्ष पद के 3 एवं 42 पार्षद पद के प्रत्याशी चुनाव मैदान में, सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com




नगरपालिका परिषद चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण हो गई। अध्यक्ष से 3 व पार्षद पद हेतु कुल 42 प्रत्याशी नाम वापसी के बाद मैदान में रह गए हैं। रिटर्निंग आफिसर व एसडीएम नम्रता चौबे द्वारा सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह भी आबंटित कर दिया गया है। वार्ड क्रमांक 8 में कांग्रेस प्रत्याशी को पार्टी का बी फार्म नही मिलने के कारण वह अब निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। नाम वापसी के बाद अध्यक्ष पद हेतु, सरस्वती पटेल (कमल फूल), वृन्दावती भोई (पंजा) व सुखविंदर रैना (सिटी)। पार्षद पद हेतु वार्ड क्रमांक से युगांत कुमार मिरी 1 (कमल), खीरचंद बारी (नारियल), भरत मेश्राम व बिहारी चौहान को (सिलाई मशीन)। वार्ड क्रमांक 2 से नितेश प्रधान (बैटरी), जयप्रकाश यादव (कमल) व माधव दास को (पंजा)। वार्ड क्रमांक 3 से देवीदत्त अग्रवाल (कमल), विकास कुमार सिंह (गैस चूल्हा), रेखा यादव (पंजा) व राजकुमार नेताम (हांथ गाड़ी)। वार्ड क्रमांक 4 से बंशीगोपाल चन्द्र (सिलाई मशीन), शिवा जायसवाल (कमल), वीरेन्द्र यादव (पंजा)। वार्ड क्रमांक 5 से रोहित प्रधान (निर्विरोध निर्वाचन)। वार्ड क्रमांक 6 शेख इलियास (सिलाई मशीन), ऋलभ गुप्ता (कमल), रमीज रजा खान (पंजा) व जमील हुसैन (रूम कूलर)। वार्ड क्रमांक 7 से सविता जायसवाल (कमल), केकती जायसवाल (पंजा) व नीला नायक (टीवी रिमोट)। वार्ड क्रमांक 8 से युवराज गिरी गोस्वामी (कमल), आशीष गोस्वामी (बिजली का खंबा) व राजकुमार प्रजापती (सिलाई मशीन)। वार्ड क्रमांक 9 से हेमंत प्रधान (कमल), कृष्णचंद्र सेठ (पंजा) व रश्मि साहू (कम्प्यूटर)। वार्ड क्रमांक 10 से दिव्या सेन (कमल) व शाहजंहा बेगम (कांग्रेस)। वार्ड क्रमांक 11 से डोली सेन (सिलाई मशीन), बलजीत सलुजा (कमल), तबस्सुम परवीन (पंजा) सरोजनी पाणिग्राही (कम्प्यूटर) व राजकुमारी सिंह सिदार (हेलमेट)। वार्ड क्रमांक 12 से चारूलता सिंह (गैस चूल्हा), कोमल अग्रवाल (पंजा) व धरित्रि दास (कमल)। वार्ड क्रमांक 13 से गंगाराम पटेल (निर्विरोध निर्वाचन)। वार्ड क्रमांक 14 से चन्द्रमणी भोई (कमल) व पंकज मरकाम (पंजा) तथा वार्ड क्रमांक 15 से मं ेमबाई चौहान (कमल), मेहतरीन बाई चौहान (पंजा) व राखी चौहान (गैस चूल्हा) चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया है।

# कोसाबादी से सीतामढ़ी तक की सड़क में बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए वाहनों को किया गया लॉक

## यातायात को सुगम बनाने यातायात पुलिस में चलाया अभियान

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com




यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा कोसाबड़ी मुख्य मार्ग से सीतामढ़ी तक की सड़क में वाहन चालकों के द्वारा बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए वाहनों पर यातायात पुलिस ने अभियान चलाया इस दौरान बेतरतीब तरीके से खड़े किए गए वाहनों को यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा लॉक कर उन्हें सबक सिखाया गया। गौर तलब है कि जिले में यातायात को सुगम बनाने और सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी आईपीएस रविंद्र मीणा एवं यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डीके सिंह के निर्देश और मार्गदर्शन में यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर अपने स्टाफ के साथ शनिवार को भी बेपरवाह और लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते नजर आए इस दौरान यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा कोसाबाड़ी चौक मुख्य मार्ग से लेकर सीतामढ़ी तक मुख्य मार्ग के दोनों और बेतरतीब तरीके से वाहन चालकों के द्वारा खड़े किए गए वहानो पर लॉक लगाया गया और वाहन चालकों को चेतावनी दी गई सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि यातायात पुलिस कोरबा की यह कार्रवाई अनवरत रूप से जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ के प्रदेश महासचिव पद पर नरेंद्र कुमार यादव की नियुक्ति

पायनियर संवाददाता ∢ सरायपाली
www.dailypioneer.com



नेशनल बैकवर्ड क्लास एसोसियेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश सिंह यादव, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रवीण दत्तात्रेय की अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कोटे से एकमात्र नरेन्द्र कुमार यादव को प्रदेश प्रमुख महासचिव पद पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। भारत सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन हंसराज अहीर (केंद्रीय केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) की उपस्थिति में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ के समस्त निर्णय व संघ के संचालन की जिम्मेदारी सभी को दी जाती है। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव की सक्रियता व जनाधार को देखते हुए राज्य से एकमात्र नियुक्ति करते हुए बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश महासचिव पद पर अनुशंसा की गई है। यादव वर्तमान में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी के पद पर सामाजिक रूप से समाज हित में कार्य कर रहे हैं। यादव ने जानकारी देते हुए बताया है कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ पूरे देश में विगत 2018 से 18 राज्यों में संघ का संचालन किया जा रहा है, गरीब तबके व आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद की जाती है। इनकी नियुक्ति से पिछड़ा वर्ग के सामाजिक जनों में हर्ष का माहौल व्याप्त है। विभिन्न सामाजिक संघ व संगठनों एवं शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# 04 वार्डों में ईवीएम के बारे में मतदाताओं की जिज्ञासाओं को शांत करने हर वार्ड में लगेगी प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम चुनाव में इस बार इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का इस्तेमाल किया जाएगा।ईवीएम को लेकर मतदाताओं के मन में तमाम जिज्ञासाओं को शांत करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की ओर से शहर क्षेत्र के हर वार्ड में प्रतिदिन EVM मशीन प्रदर्शन कर जानकारी दी जावेगी. इस हेतु 02 फरवरी 2025 को प्रातः 11 से 5 बजे तक मतदान केंद्रों एवं चौक चौराहो में जानकारी एवं प्रदर्शन के तहत वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा, वार्ड क्रमांक 27 पोलसायपारा,वार्ड क्रमांक 1 नया पारा के अलावा सिविल लाइन वार्ड क्रमांक 39 में किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा अपील अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ईवीएम मशीन के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है। जानकारी के अनुसार, प्रत्येक प्रदर्शन केन्द्र में मास्टर ट्रेनर की ड्यूटी लगाई गई है जो ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी आम नागरिकों को डिमोंस्ट्रेट करके बताएंगे, साथ ही उनकी शंकाओं का निराकरण करेंगे. नाम वापसी की तिथि से मतदान के दो दिवस ईवीएम का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें डमी मतपत्र प्रयोग किया जाएगा. डमी मतपत्र में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या समान हो सकती है, लेकिन निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नाम एवं प्रतीक डमी मतपत्र में मुद्रित नहीं होंगे. इसके अलावा प्रत्येक जिले में चुनाव नियम और ईवीएम डेमो के लिए मीडिया वर्कशॉप का भी आयोजन किया जाएगा।

# रॉयल पब्लिक स्कूल तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

पायनियर संवाददाता ∢ रायपुर
www.dailypioneer.com





रॉयल पब्लिक स्कूल चौरसिया कॉलोनी रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया शाला के डायरेक्टर मोहसिन उस्मानी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खेल में शाला के नर्सरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के सभी छात्रों के लिए उनकी योग्यता अनुसारअलग-अलग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें सिंपल रेस, हर्डल रेस, ऑक्टोपस रेस, कौन बैलेंसिंग, रेस, डोजबॉल, स्लो बाइसिकल रेस, कबड्डी खो खो हर्डल रेस जैसे अन्य दिलचस्प खेलों का आयोजन किया गया। खेल में शाला को अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया एवं उनकी टीम और हाउस के अनुसार उन्हें खेलों में भाग लेने का अवसर मिला तथा सभी छात्रों ने खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसमें फ्रॉक ड्रेस में अब्दुल सिम्न मोहम्मद जुनेद हर्डल रेस में मोहम्मद जुनेद मनवीर ध्रुव कौन बैलेंसिंग में अलीना फातिमा काजी रेहान वन लेग रेस में आसमीन खातून, सिद्धि व्यास, महक द्विवेदी, दीक्षा विश्वकर्मा, तमन्ना दीप, अक्षय खान स्लो साइकिल रेस में अब्दुल रफी सैयद सिराज अली मोहम्मद हमदान, आरव भारती, मोहम्मद जीशान, मोहम्मद मेराज राजा, जुनैद खान, अब्दुल समद और मोहम्मद आफताब खान और सागर शर्मा तथा और भी कई बच्चों ने प्रथम और दूसरी श्रेणी प्राप्त की है। यह समस्त खेल का कार्यक्रम शाला के स्पोर्ट्स टीचर ताहा सैफी तथा कोनिका प्रधान द्वारा संचालित किया गया। रॉयल पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों का भी सराहनीय योगदान रहा। खेल के दौरान शाला के उप्राचार्य द्वारा शिक्षकों की बच्चों की प्रति समर्पण भाव की प्रशंसा की गई एवं सभी प्रतिभागियों खेल प्रभारी विद्यार्थी एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

खेल के अंत में उप प्राचार्य द्वारा खेल में भाग लेने वाले समस्त छात्रों को प्रमाण पत्र एवं विनर / रनर को शील्ड एवं मेटल से पुरस्कृत किया जाएगा, जिसका पुरस्कार वितरण का आयोजन संभावित तिथि फरवरी माह के दूसरे हफ्ते में शाला स्तर पर किया जाएगा।

# बजट में 12 लाख तक टैक्स में छूट और किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा में बढ़ोत्तरी की घोषणा ऐतिहासिक, विकसित भारत के संकल्प को मिलेगी नई गति : भावना बोहरा

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट में कई अहम व जनता को राहत देने वाली घोषणाएं की है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के ध्येय को लेकर कार्य कर रही है। मोदी सरकार 3.0 का बजट केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जी ने संसद भवन में प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देश के सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर अमृत काल के इस बजट से सीधे जनता को लाभ मिलेगा। भावना बोहरा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भाजपा के अंत्योदय की परिकल्पना को सार्थक एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गरीब कल्याण व सुशासन को परिलक्षित करते हुए बजट प्रस्तुत किया है। अमृतकाल के इस बजट में केंद्र सरकार ने देश की महिलाओं, गरीब, किसान, व्यापारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर, रक्षा, कृषि, पशुपालन, कौशल विकास, डिजिटल विकास सहित सबसे बड़ी राहत मध्यमवर्गीय परिवार को देते हुए 12 लाख रुपए तक की आय में टैक्स छूट की सुविधा ऐतिहासिक घोषणा है। बजट में सभी क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता के साथ शामिल किया है। वहीं हमारे अन्नदाताओं का सम्मान करते हुए बजट में किसान क्रेडिट कार्ड में ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए तक करने की घोषणा हमारे देश के 7.7 करोड़ किसान भाई-बहनों के परिश्रम और देश के विकास में उनकी भूमिका के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला निर्णय है। भावना बोहरा ने कहा कि विगत 10 वर्षों में केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था सभी प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार में देश ने विकास का जो रोल मॉडल बनाया और संरचनात्मक सुधारों को किया है उससे पूरे विश्व की निगाह आज भारत की ओर है। वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट में गरीब, युवा, किसान, महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में विकास के उपाय प्रस्तावित किए गए हैं। किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रधानमंत्री धन-धन्य कृषि योजना' की शुरुआत की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत कम उत्पादकता, मध्यम फसल सघनता और औसत से कम ऋण मानकों वाले 100 जिले शामिल होंगे।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता वार्षिकोत्सव में मुख्यातिथि रहे एस एस पी रामकृष्ण साहू

# डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता, बेमेतरा के वार्षिकोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ∢ दाढ़ी
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले का एक मात्र डीएवी स्कूल व क्षेत्र का एक मात्र सी बी एस ई स्कूल जांता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रामकृष्ण साहू एस एस पी (आई पी एस) बेमेतरा रहे।

प्रशान्त कुमार रीजनल ऑफिसर डीएवीसीजी जोन छत्तीसगढ़ संस्थान प्रमुख विशिष्ट सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। विशेष अतिथि के रूप में कमलनारायण शर्मा डी एस पी बेमेतरा उपस्थित रहे साथ में प्राचार्य डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लडुवा कवर्धा सुशील यादव, प्रचार्य डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली से समीर, व डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल फुलवारी से गौरव राजपूत, डी ए वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धर्मपुरा कवर्धा से गजाधर साहू, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी से दीपक वर्मा, आदि आदि सभी उपस्थित रहें। बेमेतरा के प्राचार्य पी एल जायसवाल ने जानकारी साझा किया कि अतिथियो के आगमन के साथ दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ इसके बाद सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ राज्य गीत व डीएवी गान और स्वागत गीत व विभिन्न बनृत्य प्रस्तुत किए गए। तदुपरांत प्राचार्य पी एल जायसवाल जी ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यचर्या, क्रियाकलापों, गतिविधियों में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाले। विद्यार्थियों ने विभन्न समूह नृत्य ने सबके मन को मोहा, विशेष रूप से झांसी की रानी डांस ड्रामा, कवर्धा के खप्पर नवरात्रि की झाँकी ने मन मोह लिया, नशा मुक्ति, सोसल मीडिया के हानि कारको से बचाव, इन सभी नाटकों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिए, हिंदी, छत्तीसगढ़ी, बस्तरिया नृत्य सहित पंजाबी, मराठी, बंगाली, गुजराती, राजस्थानी आदि स्टेट फोग डांस व देशभक्ति गीतों से सबको मन को मोहा विभिन्न संगीतो से नन्हे मुन्नने बच्चों ने सबको नृत्य से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्यातिथि रामकृष्ण साहू एस एस पी बेमेतरा ने अपने बचपन के स्कूल दिनों को याद करते हुए बताया कि वे पास के जिला कवर्धा के गौरमेंट स्कूल में पढ़ाई कर आप लोगो के समझ आपके बेटा जिला के पुलिस विभाग के सबसे बड़े पोस्ट में है हमे एक लक्ष्य साधना चाहिए मैं प्राइमरी कक्षा पढ़ रहा था तब से तय कर लिया कि मुझे एक दिन बड़ा अधिकारी बनना है आज बड़े अधिकारी बन गया हूँ बच्चों को भी इसी तरह अपना एक लक्ष्य साधना चाहिए वह जरूर पूरा होगा। और इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का थीम जानकर मुझे बड़ी प्रसन्नता हुआ कि इसका जो थीम रखे हैं वह "युवा संगम" इस तरह कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए, देश कहा कि प्रत्येक बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा होती है उसे निखारने की देरी है इस भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से बच्चो के प्रतिभा को देखने को मिला सचमुच लाजवाब कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक और आकर्षक हैं। बच्चे पाँच मिनट मंच में कार्यक्रम देने के लिए कितने दिनों से तैयारी किए हुए होंगे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दिए हैं। सभी का कार्यक्रम बहुत ही प्रशंसनीय रहा हैं, बच्चो को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देना आवश्यक है आज डी ए वी जांता के कार्यक्रम में संस्कार व नैतिकता झलक निखर कर आ रहा हैं,आपको व हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हमारे लिए डी ए वी संस्था जैसे बड़ी स्कूल हमारे जिला में संचालित है आपको बता दूं कि 9 लाख के जनसंख्या में हमारे जिला में एक ही डी ए वी हैं। विशिष्ट अथिति छत्तीसगढ़ डी ए वी संस्थान प्रमुख व रीजनल ऑफिसर प्रशान्त कुमार उद्बोधन में कहा कि विद्यालय सी बी एस ई अग्रेजी शिक्षा के साथ- साथ वैदिक शिक्षा, संस्कार, नैतिक मूल्यों के लिए डी ए वी जांता ही नहीं बल्कि डी ए वी संथान हमेशा से आगे रहें हैं ।

## शपथ पत्र

मैं देवेश कुमार साहू (DEVESH KUMAR SAHU) पिता श्री वीरेंद्र कुमार साहू (VEERENDRA KUMAR SAHU) उम्र 44 वर्ष, निवासी म.नं. एच 11/11, दुबे कालोनी मोवा, रायपुर छ.ग. जो कि निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि:-

1. यह कि उपरोक्तानुसार मेरा नाम व पता सत्य व सही है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक 5340 8501 6381 में मेरे पिताजी का नाम वीरेंद्र कुमार साहू (VEERENDRA KUMAR SAHU) दर्ज है जो कि सही है।
3. यह कि, मेरे ड्रायविंग लायसेंस (CG04 20020005343) में मेरे पिताजी का नाम वीरेंद्र साहू (VEERENDRA SAHU) दर्ज हो गया है।
4. यह कि वीरेंद्र कुमार साहू (VEERENDRA KUMAR SAHU) एवं वीरेंद्र साहू (VEERENDRA SAHU) यह दोनों ही नाम मेरे पिताजी के है अर्थात् एक ही व्यक्ति के नाम है। यह शपथ पत्र ड्रायविंग लायसेंस में मेरे पिताजी का नाम वीरेन्द्र साहू (VEERENDRA SAHU) सुधार कर आधार कार्ड अनुसार वीरेंद्र कुमार साहू (VEERENDRA KUMAR SAHU) करने के संबंध में सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

### सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि उक्त वर्णित कंडिका क्र. 01 से 04 तक में वर्णित समस्त जानकारी सत्य एवं सही है, तथा मैं अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।
स्थान : रायपुर
दिनांक : 31/01/2025
सत्यापनकर्ता

# विकसित राष्ट्र की स्थापना में में मील का पत्थर साबित होगा यह बजट : ओपी चौधरी

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। 12 लाख तक की आय के इनकम टैक्स में छूट मिलने से करोड़ों, नौकरी पेशा लोगों, कर्मचारियों और छोटे व्यापारियों को लाभ मिलेगा। इससे उनकी क्रय शक्ति बढ़ने से बाजार में ज्यादा पैसा आयेगा, लिक्विडिटी की समस्या दूर होगी और जीडीपी में भी ग्रोथ होगी। ओपी चौधरी ने कहा कि इस ऐतिहासिक बजट यह कल्याणकारी, सर्वस्पर्शी और समावेशी बजट देश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति के समग्र विकास के साथ स्टार्टअप्स, इनोवेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों को समाहित करते हुए, अंत्योदय की भावना और नवोन्मेष की नव-दृष्टि से परिपूर्ण है। 140 करोड़ देशवासियों के कल्याण तथा भारत को आत्मनिर्भर बनाने वाले इस बजट हैं। किसान भाइयों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण लेने की सीमा को 3 से 5 लाख करने से लगभग 8 करोड़ किसानों मछुआरों और डेयरी किसानों को लाभ मिलेगा। धन धान्य योजना से 1.7 करोड़ किसानों को उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।बस्तर और सरगुजा के किसानों को हुई इन योजनाओं से विशेष लाभ मिलेगा। चौधरी ने कहा आईआईटी में 6,500 सीटे बढ़ाने और मेडिकल कॉलेज में 10 हजार सीटे बढ़ाने से युवाओं के लिए नए अवसर खुलेंगे। स्कूलों में वाईफाई लगने से बच्चों की शिक्षा में सुधार होगा। तकनीक के प्रयोग से सशक्त होंगे। 1करोड़ गिग वर्कर्स को प्रधानमंत्री आरोग्य योजना का लाभ मिलने से उनके जीवन में सुरक्षा का भाव प्रबल होगा। ओपी चौधरी ने कहा एमएसएमई क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। सूक्ष्म व लघु उद्योगों के लिए ऋण की सीमा को 5 करोड़ से 10 करोड़ करना व्यापारी वर्ग को नया बल देगा। स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ से 20 करोड़ का फंड दिया जाएगा। वहीं माइक्रो उद्यमों के लिए 5 लाख रुपए के क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। चौधरी ने कहा देश में 500 करोड़ के बजट से तीन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एक्सीलेंस सेंटर के लिए खर्च किए जाएंगे। पीएम मोदी का यह कदम विश्व स्तर पर भारत की एआई के क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में उभरेगा। क्योंकि आज की स्थिति में ही भारत इस क्षेत्र में विश्व के कई बड़े देशों से आगे निकल चुका है। यह तकनीकी विकसित भारत के स्वरूप में एक बड़ी भूमिका निभाएगा। साथ ही स्वरोजगार के अवसर भी इससे बढ़ेंगे।

# आम बजट 2025 देश की खुशहाली का बजट : बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर।** रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आम बजट 2025 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह आम बजट देश की समृद्धि एवं खुशहाली का बजट है। इसमें मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा, किसान, गरीब, महिला, युवा, विद्यार्थी और देश की सुरक्षा सभी का भरपूर ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट की ऐतिहासिक उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि नौकरीपेशा लोगों को बड़ी राहत देते हुए कर छूट की सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपए वार्षिक कर दिया गया है, जिससे लाखों करदाताओं को सीधा लाभ मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 100 जिलों में प्रधानमंत्री धनधान्य योजना लागू की जायेगी। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। अगले 6 वर्षों में मसूर और तुअर जैसी दालों की पैदावार को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, वहीं कपास उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 5 वर्षीय मिशन की शुरुआत की गई है, जिससे देश का कपड़ा उद्योग मजबूत होगा। उन्होंने कहा इस बजट में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। 5 लाख दलित एवं आदिवासी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 2 करोड़ रुपए तक के ऋण का प्रावधान किया गया है, जो एक स्वागत योग्य पहल है। सांसद अग्रवाल ने कहा कि यह बजट देश की आर्थिक प्रगति को नई दिशा देने वाला है। यह आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने और देश के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण को ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी और कहा कि यह बजट देश को नए आयामों तक पहुंचाएगा।

# भारत का भाग्य बदलने केंद्र सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करने वाला, सर्व समावेशी बजट है : केदार कश्यप



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस बजट को लेकर छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और वन मंत्री केदार कश्यप ने बयान जारी करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का ये महत्वपूर्ण बजट प्रस्तुत हुआ है। यह बजट देश के गरीबों, अन्न दाताओं, युवाओं, नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला बजट है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी सोच और सशक्त नेतृत्व के कारण इस बजट हमारे मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए आय को कर मुक्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। निश्चित तौर पर इस जनकल्याणकारी निर्णय से मध्यम वर्ग सहित देश का जन-जन लाभान्वित होगा। यह फैसला न केवल आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करेगा, बल्कि लोगों की जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव लाएगा।

# स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को होगा लाभ : डॉ देवेंद्र नायक



**रायपुर।** श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स एण्ड कॉलेजेस के चेयरमैन डॉ. देवेंद्र नायक ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस वर्ष प्रस्तावित बजट में मेडिकल टूरिज्म पर अधिक जोर दिया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को लाभ होगा और आगामी पांच वर्षों में सभी जिलों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित करने का भी प्रस्ताव है। साथ ही डॉ. नायक ने कहा कि हेल्थकेयर सेक्टर, फार्मास्यूटिकल्स कंपनियों को भी कर नियमों में राहत दी गई है। इसके अलावा मध्यम वर्ग के परिवारों को कर स्लैब दरों में राहत का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि निश्चित ही इस बजट में विकसित भारत के परिकल्पना की झलक दिखाई दे रही है। जिसका लाभ देश और समाज को मिलेगा।

# गरीब-किसान और मध्यमवर्ग के जीवन को संवारने वाला बजट है : किरण सिंह देव




**रायपुर।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर देशवासियों को बजट के माध्यम से पूरे देश को एक बड़ी सौगात दी है। यह बजट भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की अवधारणा से पूरिपूर्ण समावेशी और विकास को एक ऊंची उड़ान देने वाला और क्रांतिकारी बदलाव के साथ एक सुदृढ़ और सशक्त राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करने वाला है। इसमें देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मध्यम वर्ग को जहां 12 लाख की सालाना आय को टैक्स मुक्त करते हुए किसानों को 5 लाख रुपए तक के लोन में छूट दी है। कृषि की उत्पादकता बढ़ाने के लिए मोदी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए पीएम धन-धान्य योजना के दायरे को बढ़ा दिया है। इससे खेती-किसानी में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा। साथ किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होगी। एक करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों को इसका लाभ मिलेगा। सिंह देव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर होते हुए विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है। इस बजट में सबका साथ सबका विकास की अवधाराणा का एक वृहद स्वरूप है। जिसमें समाज के सभी वर्ग और प्रत्येक क्षेत्र के लिए कई बड़ी सौगातें शामिल है। किरणदेव सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने यहां डबल इंजन की सरकार बनाकर प्रदेश को विकास के पथ ला दिया है। केंद्रीय बजट में पीएम मोदी की सरकार ने कई बड़ी सौगात दी है। इससे छत्तीसगढ़ के विकास को और रफ्तार मिलेगी और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हमारे प्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। देव ने कहा कि केंद्र और राज्य की योजनाओं के चलते छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में निर्बाध और उत्तरोत्तर तेज गति से विकास कर रहा है। केंद्रीय बजट हुई घोषणाओं से छत्तीसगढ़ के विकास में और तेजी आएगी। कहा कि केंद्रीय बजट से किसान, युवा और उद्यमियों सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ मिलेगा। केंद्रीय बजट में सभी वर्गों और क्षेत्र का ख्याल रखा गया है और एक विकासोन्मुखी का समावेश है। किरण सिंहदेव ने कहा कि केंद्र सरकार देश के किसानों और मजदूरों की सबसे बड़ी हितैषी है। छत्तीसगढ़ में धान के समर्थन मूल्य के अलावा देशभर के किसानों को उनके फसलों का वाजिब दाम और उनकी आय को बढ़ाने के कार्य किसी क्रांति से कम नहीं है। किसानों से मोटे आनाज को केंद्र सरकार तीन गुना अधिक दामों पर खरीद रही है।

# महंगाई और बेरोजगारी कम करने कोई रोडमैप नहीं : दीपक बैज



**रायपुर।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला घोर निराशाजनक बजट है। दावा था 8 से 9 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ रेट का लेकिन हकीकत 7 प्रतिशत से कम है। मोदी सरकार का फोकस केवल बिहार चुनाव पर है, जहा इसी वर्ष अक्टूबर नवंबर में चुनाव है मखाना बोर्ड केवल बिहार के लिए? देश के बाकी किसान भाजपा सरकार के फोकस में नहीं हैं। छत्तीसगढ़ के नई राजधानी में एम्स का अपोजिट पिछले 3 साल से अटका है इस बजट में उसके लिए भी कोई प्रावधान नहीं है। रावघाट सहित नई रेल लाइन रायपुर-बलौदा होकर रायगढ़ का अब तक सर्वे तक नहीं करवा पाए हैं। इस बजट में बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता के लिए प्रत्यक्ष तौर पर कोई राहत रियायत या सब्सिडी नहीं है। केंद्रीय विभागों नवरत्न कंपनियों और सरकारी उपक्रमों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं लेकिन उन्हें भरने के लिए कोई कार्य योजना इस बजट में नहीं दिख रही है। दीपक बैज ने कहा है कि देश के किसानों की केवल दो प्रमुख मांग है स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार लागत पर 50 प्रतिशत लाभ के आधार पर एसपी तय हो और देश के प्रत्येक किसान को एसपी की कानूनी गारंटी मिले लेकिन इस बजट में इन दोनों प्रमुख मांगों का जिक्र ही नहीं है, मोदी सरकार के बजट में एक बार फिर से किसानों को ठगा है। केवल क्रेडिट कार्ड से कर्ज की लिमिट बढ़ाने से किसानों का भला नहीं हो सकता। बेसिक एक्सेंप्शन लिमिट और 87 के रिपोर्ट में अंतर है। टैक्स स्लैब के लिए केवल नए रिजिम ऑप्ट करने वालों के लिए बेसिक एक्जंसन लिमिट में मात्र एक लाख की बढ़ोतरी की गई है, 3 से 4 लाख, अर्थात 12 लाख से अधिक आय पर 4 लाख से अधिक के इनकम पर टैक्स देना होगा। यदि रिबेट के स्थान पर बेसिक एग्जामिनेशन लिमिट 12 लाख किया गया होता तो सभी टैक्स पेयर को इसका लाभ मिलता लेकिन यह सरकार केवल झूठे सपने दिखाती है। एमएसएमई के नाम पर एक बार फिर से झूठ बोला गया। वित्तीय संस्थानों के द्वारा दिए जाने वाले कर्ज की लिमिट बढ़ाकर सरकार अपने पीठ थपथपा रही है।

# सालाना 12 लाख पर कोई टैक्स नहीं, लेकिन 1 लाख इनकम वालों को क्या मिला? : डॉ. चरणदास महंत



**रायपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट पर विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. चरणदास महंत का कहना है कि बजट में भविष्य के लिये कोई रोड मैप नहीं है। महंगाई व बेरोजगारी से लोग परेशान हैं लेकिन बजट में इसके लिए कोई स्थान नहीं है। बजट में आम लोगों से जुड़े मुद्दे कहीं नजर ही नहीं आए, मनरेगा का कोई जिक्र ही नहीं हुआ। आम आदमी की इनकम बेहतर करने के लिए की गई घोषणाएं नाकाफी है। डॉ. महंत ने कहा कि बजट भाषण में स्वास्थ्य से जुड़ी कोई बड़ी घोषणाएं नहीं की, जिसकी लोगों को सबसे ज्यादा उम्मीद थी। पिछले बजट की तरह इस बजट में भी चन्द दवाओं में कस्टम ड्यूटी घटाने की कोशिश की गई है लेकिन कितनी छूट होगी, यह स्पष्ट नहीं किया गया है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा कि सालाना 12 लाख आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। मगर सालाना 1 लाख इनक म वालों को क्या मिला? केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण सिंह को देश की जनता को बताना चाहिए।

# मध्यम वर्ग परिवारों को मिलेगा लाभ : सीए नितिन पटेल



**रायपुर।** श्री बालाजी हॉस्पिटल्स एवं कॉलेजेस के डायरेक्टर और वित्तीय सलाहकार सीए नितिन पटेल ने कहा कि प्रस्तावित बजट 2025-26 मध्यम वर्गीय परिवारों को बहुत लाभ प्रदान करेगा। इस निर्णय से टैक्स स्लैब दर में परिवर्तन के साथ उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। जिससे उनकी क्रय क्षमता में वृद्धि होगी। सीए नितिन पटेल ने कहा कि बजट में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जो स्वास्थ्य क्षेत्र में योगदान देगा। केसीसी सीमा में वृद्धि से किसानों को लाभ होगा। साथ ही, बढ़ी हुई टर्म-लोन सुविधाओं के साथ, उभरते हुए स्टार्ट-अप, महिलाओं और नए उद्यमियों को लंबे समय में लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर इस साल का बजट सभी वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी होगा।

# गरीबों और मध्यम वर्ग के लिए केंद्रीय बजट में मिली बड़ी सौगात : संजय श्रीवास्तव



**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा कि केंद्रीय बजट में सम्पूर्ण क्षेत्र और वर्गों के विकास की ऐतिहासिक नींव रखी गई है। इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने के साथ ही विश्व गुरू बनेगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में पेश हुआ बजट सबका साथ सबका विकास के संकल्प पर आधारित है। कहा कि केंद्रीय बजट में ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके लिए ख्याल न रखा गया हो। केंद्रीय बजट से निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों पर बहुत बड़ा फर्क पड़ेगा, इसमें सभी वर्ग शामिल है। जिनके विकास से ही विकास की परिभाषा पूरी होती है। पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विकास की राह पर तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। केंद्रीय बजट में औद्योगिक नीतियों को धरातल पर लाने के लिए किए गए बजट के प्रावधान से छत्तीसगढ़ के उद्योग जगत विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इसके साथ ही प्रदेश के लाखों के रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना के लिए ग्रामीण अंचलों में सड़कों के संजाल पर बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। इससे अनेक रोजगार स्वतः सृजित हो जाएंगे।




स्व. पुष्पादेवी माहेश्वरी

समय जिंदगी का कम होगा कहां पता था।
विदाई आपकी अनपेक्षित होगी कहां पता था।
हर जगह खुशबू फैलाकर, स्मृति सबके दिल में रख गए।

ईश्वर आपकी दिव्य आत्मा को शांति प्रदान करें...

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूज्यनीय माता जी पुष्पा देवी माहेश्वरी पति स्वर्गीय प्रेमचंद माहेश्वरी का 90 वर्ष की आयु में स्वर्ग लोक गमन हो गया है।

माता जी की अंतिम यात्रा 2 फरवरी दिन रविवार दोपहर 1:00 बजे निज निवास शनि मंदिर दशहरा मैदान से रायपुर रोड बलौदाबाजार स्थित मोक्ष धाम जाएगी।

शोकाकुल

अरुण, सुनील, प्रदीप, दिलीप, अंशुल, आयुष, हर्षित माहेश्वरी बलौदाबाजार, मो. 99264-80185


## बजट 2025 अर्थव्यवस्था को मांग एवं धन प्रवाह के जरिये गति देने की मंशा : देवेन्द्र अग्रवाल

**रायपुर।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा मोदी 3.0 के पहले बजट का मुख्य उद्देश्य बाजार में मांग को बढ़ाना है, ताकि अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके। आयकर में 12 लाख रूपये तक की छूट टीडीएस के मानक राशि में बढ़ोत्तरी से अतिरिक्त नगद प्रवाह को बल मिलेगा जिससे बाजार में नयी मांग सृजन हो सकेगी। बजट में आयकर में भारी छूट को 8वें वेतन आयोग जो कि जनवरी 2026 में लागू होने जा रहा है, कि दृष्टिगत से भी देखा जा रहा है। मध्यम एवं लघु उद्योग के विभिन्न वर्गों की सीमा में परिवर्तन किया गया है जिससे कि वे उद्योग बेहतर तकनीक उन्नयन और पूंजी निवेश कर सके। निर्यात को बढ़ावा के लिए भारत ट्रेड नेट का एकीकृत मंच विकसित करने की योजना है, जहां से निर्यात संबंधित सभी कार्य पूर्ण हो सकेंगे। कुल मिलाकर बजट सुस्त अर्थव्यवस्था में पुनः जान फूंकने का प्रयास मांग एवं धन प्रवाह के जरिये गति देने का प्रयास है।

## बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने की दिशा में क्रांतिकारी कदम : जगदीश रामू रोहरा

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत हुआ बजट देश के लिए क्रांतिकारी साबित होगा। बजट देश की स्वास्थ्य के व्यवस्था को सुधारने की दिशा में बड़ा कदम है। इसके अलावा आईआईटी में 6,500 सीटों की वृद्धि की भी इस बजट में घोषणा की गई है। माइनिंग सेक्टर में बड़े रिफॉर्म्स के लिए मिशन चलाए जा रहे है। हमारे छत्तीसगढ़ के कटघोरा में लिथियम का डिपोजिट मिला है।


02 February 2025 Pride Of Raipur




























विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403